WATCH GOD WATCHDOG
NBT
# नवभारत टाइम्स
एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesgroup.com पर जाएं।
नई दिल्ली > सोमवार, 20 मई 2024 > वैशाख 30 शक संवत 1946 वैशाख शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2081 | वर्ष 78, संख्या 120 > पेज 12 > मूल्य 5.00 या 10.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित | www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू



नेपाल में प्रचंड सरकार के 'विश्वास' पर फैसला आज
p12



रश्मिका बोलीं, जो करना है करो पर वोट ज़रूर करो
p10

NBT Lens समझिए खबरों के अंदर की बात

खबरों का पर्सपेक्टिव यानी NBT लेंस देखें पेज 2, 7, 9 और 11

# माओवादियों की भाषा बोल रहे कांग्रेस के शहज़ादे: मोदी

■ पीटीआई, जमशेदपुर (झारखंड)

**लोकसभा चुनाव** के पांचवें चरण में 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को वोट डाले जाएंगे। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में रैलियां कीं। जमशेदपुर के घाटशिला में मोदी के निशाने पर कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी रहे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं और नए-नए तरीके से पैसा वसूल रहे हैं। इस कारण से कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश से पहले 50 बार सोचेगा। मोदी ने कांग्रेस पर वंशवादी राजनीति को संरक्षण देने और लोकसभा सीट को 'खानदानी जायदाद' मानने का भी आरोप लगाया।

**संसदीय सीट को 'खानदानी' मानने का आरोप**

इससे पहले, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा था, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी से कभी भी और कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह नहीं आएंगे। पहला सवाल मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछूंगा कि अडाणी के साथ उनका क्या रिश्ता है...प्रधानमंत्री कांग्रेस को अडाणी-अंबानी से ढेर सारा पैसा मिलने की बात करते हैं, लेकिन उनमें इसकी जांच कराने की हिम्मत नहीं है।

मोदी ने कहा कि हमने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है, लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) ने 'धन उगाही' की जिम्मेदारी ली है। मोदी ने कहा, 'मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस बात का जवाब देने की चुनौती देता हूं कि क्या वे अपने शहजादे की उद्योग-विरोधी भाषा से सहमत हैं।' रायबरेली सीट से राहुल गांधी को उतारने के कांग्रेस के फैसले पर भी मोदी ने कटाक्ष किया। ▶▶ पेज 7


## 5वें चरण में 49 लोकसभा सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

"कांग्रेस के शहजादे जैसी भाषा बोल रहे हैं, उस कारण से कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश से पहले 50 बार सोचेगा।

"संसद की सीट इन्हें खानदानी लगती है। खुद रिटायर हो रहे हैं तो वर्षों से समर्पित कार्यकर्ता को वह नहीं मिलेगी। बेटे को सौंप रही हैं। -नरेन्द्र मोदी


■ झारखंड के जमशेदपुर में PM ने कहा कि कांग्रेस और JMM को विकास का क, ख, ग... भी नहीं मालूम है। इनका तरीका है- झूठ बोलो...।

PTI



## अखिलेश और राहुल की सभा में हंगामा, कई घायल हुए

Agency



प्रयागराज के पड़िला में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की रविवार को हुई जनसभा में भगदड़ मच गई। सभा में मौजूद सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने मंच के सामने की बैरिकेडिंग तोड़ दी और मंच तक पहुंच गए। यह देख राहुल और अखिलेश सभा में भाषण दिए बिना ही लौट गए। प्रयागराज में हुई दूसरी सभा में राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया, हम करोड़ों को लखपति बनाएंगे। (एनबीटी)

## स्मृति, राजनाथ, राहुल की किस्मत दांव पर

8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों के लिए आज वोट पड़ेंगे। इस चरण के लिए 695 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, मुंबई उत्तर से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, बारामूला से उमर अब्दुल्ला और हाजीपुर से चिराग पासवान प्रमुख हैं। जिन सीटों पर चुनाव हैं, उनमें बिहार की 5, झारखंड की 3, लद्दाख की 1, महाराष्ट्र की 13, यूपी की 14 सीटें हैं।






## फटाफट खबरें

### मणिपुर में झारखंड के शख्स की हत्या, दो घायल

मणिपुर में इम्फाल पश्चिम जिले के नाओरेमथोंग में शनिवार की रात अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग की, जिसमें झारखंड के एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। झारखंड निवासी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि अज्ञात हमलावरों ने 41 वर्षीय श्रीराम हंगसदा के किराए के मकान पर फायरिंग की।

### फारूक की मांग, हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच हो

नैशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के चीफ फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों की जांच कराए, वरना हमें जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की मदद लेनी पड़ेगी। फारूक ने कहा, 'आर्टिकल 370 हटाने से क्या आतंकवाद रुक गया? अगर वे जांच के लिए नहीं जाते हैं, तो हमें जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय समिति को बुलाना चाहिए।'

### आगरा में जूता कारोबारी से 60 करोड़ कैश मिला



आगरा में तीन जूता कारोबारियों के यहां आयकर छापे पड़े। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हरमिलाप ट्रेडर्स के मालिक रामनाथ डंग के घर से 60 करोड़ रुपये कैश मिले। ये करंसी बेड, गद्दों और आलमारी में रखी गई थी। एमजी रोड के बीके शूज, धाकरान के मंशु फुटवियर के यहां भी छापे पड़े हैं।

### विमान में आग, बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग

एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु से कोच्चि जा रही फ्लाइट के इंजन में शनिवार देर रात आग लग गई। फ्लाइट की वापस बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सभी 179 पैसेंजर्स और 6 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग फ्लाइट के राइट इंजन में लगी थी।

### नोएडा के होटल में आग, फिजियो की जान गई

नोएडा सेक्टर-104 स्थित होटल मून में शनिवार शाम आग से एक युवती की मौत हो गई। युवती के मंगेतर बताए जा रहे युवक की हालत गंभीर है। दोनों होटल में 6th फ्लोर पर थे जबकि आग चौथे फ्लोर पर थी, लेकिन धुआं जानलेवा साबित हुआ। युवती (27) फिजियोथेरेपिस्ट थी। (NBT)

### हैपी मॉर्निंग

**अंकू:** शादियों में फूफा नाराज़ क्यों हो जाते हैं?
**बंकू:** दामाद रहते पोस्ट पर जितने कमेंट मिलते हैं, फूफा होने के बाद उतने लाइक्स भी नहीं मिल पाते।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 44.4 (+4) |
| न्यूनतम | 28.2 (+2) |
| सूर्यास्त सोमवार | 7:08 बजे |
| सूर्योदय मंगलवार | 5:28 बजे |

## ईरान के राष्ट्रपति रईसी का हेलिकॉप्टर क्रैश, विदेश मंत्री भी सवार थे

AP



ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी इसी हेलिकॉप्टर से अजरबैजान सीमा के पास बांध की शुरुआत करने गए थे। लौटते समय हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया।

■ एपी, दुबई

**ईरान के** राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (Ebrahim Raisi) को ले जा रहा हेलिकॉप्टर रविवार को हादसे का शिकार हो गया। उनके साथ विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन (Hossein Amirabdollahian) भी थे। शुरू में ईरान के सरकारी मीडिया IRNA ने बताया कि घटना ईरान के ईस्ट अजरबैजान प्रांत के जोल्फा शहर के पास हुई, लेकिन बाद में कहा कि यह हादसा उजी (Uzi) के पास हुई है, जो अजरबैजान सीमा के करीब है। घटनास्थल दूरदराज का पहाड़ी इलाका है, जहां हादसे के समय मौसम खराब था। कोहरा घना था। तेज बारिश के कारण बचाव अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। सड़क के रास्ते एक टीम घटनास्थल की ओर भेजा गई है, लेकिन अभी तक ये पहुंच नहीं सके हैं। सरकारी टीवी ने दिखाया कि समूचे ईरान में रईसी के लिए प्रार्थनाएं की जा रही हैं। रईसी के काफिले में तीन हेलिकॉप्टर थे, जिनमें से दो पर मंत्री और अधिकारी सवार थे। ▶▶ पेज

### साल 2021 में ईरान के राष्ट्रपति बने थे रईसी

2021 में कट्टरपंथी नेता इब्राहिम रईसी ईरान के राष्ट्रपति बने थे। वह सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई के करीबी माने जाते हैं। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि रईसी 85 वर्षीय नेता (खामेनेई) के बाद उनकी जगह ले सकते हैं। रईसी पहले ईरानी राष्ट्रपति हैं, जिन पर पदभार संभालने से पहले ही अमेरिका प्रतिबंध लगा चुका है।




दरअसल, रईसी 1988 में सरकारी वकील थे। तब उन्होंने 5 हजार नेताओं को देशद्रोही साबित करवाया था। इन सभी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इस घटना के बाद अमेरिका ने रईसी पर बैन लगा दिया था।

## सीजन का सबसे गर्म दिन, आज कल भी रेड अलर्ट

■ **विस, नई दिल्ली :** लगातार तीसरे दिन दिल्ली को लू के थपेड़ों ने झुलसाया। नजफगढ़ रविवार को भी देश में सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से सात डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को भी घातक गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 22 और 23 मई को ऑरेंज अलर्ट है। कुल मिलाकर दिल्ली में 25 मई यानी वोट के दिन तक तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच रह सकता है। दिल्ली (सफदरजंग) में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। इस सीजन में यह सबसे गर्म रहा। दिल्ली में मंगेशपुर, नजफगढ़, पीतमपुरा में अधिकतम तापमान 47 डिग्री से अधिक रहा। ▶▶ पेज 3

BCCL



## स्वाति केस में पुलिस ने CM हाउस से ली फुटेज

Agency



**रिमांड में बिभव**

■ AAP का आरोप चुनाव से पहले पार्टी की छवि खराब कर रही है पुलिस

■ बीजेपी ने केस में केजरीवाल की चुप्पी पर उठाए सवाल

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**AAP की** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस रविवार को एक बार फिर सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पहुंची और CCTV फुटेज और DVR ले गई। पुलिस को CCTV और सबूतों से छेड़खानी की आशंका है। वहीं, AAP ने पुलिस पर चुनाव से पहले पार्टी की छवि खराब करने के लिए कहानियां गढ़ने का आरोप लगाया। इस बीच, तीस हजारी कोर्ट ने स्वाति से मारपीट के आरोपी बिभव कुमार को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। बिभव को CM हाउस से ही शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बिभव से पूछताछ के लिए 150 सवालों की लिस्ट तैयार की है, जिनके जरिए पुलिस असलियत जानना चाहती है। उधर, स्वाति ने निर्भया का जिक्र कर तंज कसा। बीजेपी ने सीएम अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। ▶▶ पेज 3

**AAP और इसके पक्ष-विपक्ष में सरगर्मियां तेज़**

## AAP के खिलाफ BJP का 'ऑपरेशन झाड़ू': CM

PTI



**'BJP पर आरोप'**

■ AAP नेताओं को गिरफ्तार करेंगे, खाते सीज़, पार्टी दफ्तर बंद कराएंगे।

■ केजरीवाल की अगुआई में धरना, आधे घंटे बाद लौटे।

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**दिल्ली के** CM अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि बीजेपी ने आम आदमी पार्टी (AAP) को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। बीजेपी मुख्यालय पर प्रस्तावित विरोध मार्च से पहले पार्टी दफ्तर में केजरीवाल ने कहा कि इस ऑपरेशन के तहत पहले ये हमारे सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार करेंगे, उसके बाद हमारे बैंक अकाउंट सीज़ करेंगे और फिर हमारा दफ्तर खाली करवाकर हमें सड़क पर ले आएंगे। पीएम को लगता है कि वह AAP को खत्म कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं होगा, क्योंकि आम आदमी पार्टी एक सोच है, जो देशभर में फैल चुकी है। दोपहर करीब 12:30 बजे केजरीवाल वरिष्ठ नेताओं के साथ गिरफ्तारी देने बीजेपी मुख्यालय की ओर निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें AAP दफ्तर के पास ही रोक दिया। फिर नेता वहीं धरने पर बैठे और आधे घंटे बाद लौटे। ▶▶ पेज 5

## सात्विक-चिराग के नाम थाइलैंड ओपन खिताब



■ सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने थाइलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन मेंस डबल खिताब अपने नाम कर लिया।


■ एशियाई खेलों की इस चैंपियन जोड़ी ने चीन की जोड़ी को 21-15 और 21-15 से मात दी।

■ सात्विक-चिराग की वर्ल्ड रैंकिंग अभी नंबर 3 है, इस जीत से वे नंबर वन पर पहुंच सकते हैं।

■ दोनों ने कहा, आने वाले टूर्नामेंटों में लय कायम रखेंगे। ▶▶ पेज 11

## गोपी ने इतिहास रचा, पहले भारतीय स्पेस टूरिस्ट बने





टेक्सस से भरी गई इस उड़ान में गोपी बतौर पायलट शामिल हुए।

■ भारतीय पायलट कैप्टन गोपी थोटाकुरा ने रविवार को इतिहास रचा। उन्होंने अमेरिकी अरबपति जेफ बोजोस की कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' के 'न्यू शेफर्ड-25' मिशन के साथ स्पेस में उड़ान भरी।

■ वह कमर्शल स्पेस टूरिज्म के तहत अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। वह स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय पायलट भी हैं। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा ने यह कारनामा कर दिखाया था।

■ गोपी मूल रूप से आंध्र के विजयवाड़ा के हैं। इस उड़ान में गोपी के साथ 5 और लोग गए, जो वायुमंडल और आउटर स्पेस को अलग करने वाली 'कर्मन रेखा' से आगे गए और फिर लौट भी आए।

**नाराज़गी** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान ने कहा, व्यूज और एक्सक्लूसिव के लिए हमारी पर्सनल बातचीत भी रेकॉर्ड कर रहे ब्रॉडकास्टर

## 'मना करने पर भी पर्सनल विडियो चलाया...', भड़के रोहित

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**क्या आप** चाहेंगे कि आप की पर्सनल बातचीत रेकॉर्ड की जाए और उसे आपकी मर्जी के खिलाफ लोगों के बीच वायरल कर दिया जाए? नहीं ना! लेकिन, मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ ऐसा ही हुआ। फिर तो उन्हें नाराज होना ही था। रोहित ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X पर IPL के ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स पर निजी चैट और मोमेंट को रेकॉर्ड करने और उसे ऑन एयर करने पर सवाल खड़े किए हैं। साथ ही कहा है कि यही हाल रहा तो एक दिन फैंस, क्रिकेटर्स और क्रिकेट का भरोसा टूट जाएगा। रोहित KKR के सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ अपनी बातचीत के वायरल होने पर नाराज दिखे। रोहित ने कहा, मना करने के बावजूद ब्रॉडकास्टर ने उनके और टीम के सहयोगियों से उनकी पर्सनल बातचीत के फुटेज को शेयर करना जारी रखा।

"खुद की भी समझ होनी चाहिए, लेकिन IPL ब्रॉडकास्टर ने ज्यादा व्यूज के लिए क्रिकेटरों की प्राइवेसी का उल्लंघन किया। -रोहित शर्मा



### 'कैमरे हर तरफ हमारा पीछा कर रहे'

नाराज रोहित ने कहा, कैमरे अब हर तरफ हमारा पीछा करते हैं। ट्रेनिंग सेशन या मैच के दौरान दोस्तों और साथी खिलाड़ियों के साथ पर्सनल बातचीत भी रेकॉर्ड किए जा रहे हैं। यह प्राइवेसी का उल्लंघन है। एक्सक्लूसिव कंटेंट, व्यूज और एंगेजमेंट के चक्कर में एक दिन सबकुछ खत्म हो जाएगा।

### हैदराबाद जीता, IPL के प्लेऑफ मैच भी तय

■ हैदराबाद ने रविवार को पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया। वहीं, कोलकाता-राजस्थान का मैच बारिश से रद्द हो गया। इससे प्लेऑफ की टीमें तय हो गईं। 21 मई को कोलकाता और हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। 22 मई को बेंगलुरु और राजस्थान के बीच भिड़ंत होगी। ▶▶ पेज 11

## ...इसलिए भारत से व्यापार नहीं: पाक

■ **पीटीआई, इस्लामाबाद :** विदेश मंत्री इसहाक डार (Ishaq Dar) ने शनिवार को नैशनल असेंबली में भारत से बंद व्यापारिक संबंधों की वजह बताई। डार ने कहा, पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से आयात पर 200% शुल्क लगा दिया और कश्मीर बस सेवा, सीमापार व्यापार को सस्पेंड कर दिया।' उन्होंने कहा, भारत की ओर से भारी शुल्क लगाए जाने से व्यापार बंद है।



इसहाक डार



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए BJP ने अब 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। | 5



695 उम्मीदवार चुनावी मैदान में खड़े हैं पांचवे चरण में। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों के लिए आज डाले जाएंगे वोट।

# दिल्ली : महानगर

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 20 मई 2024



राहुल गांधी बोले- गरीब महिलाओं को ₹1 लाख देंगे टकाटक-टकाटक | 7

**243** रहा दिल्ली का AQI लेवल। गर्मियों के सीजन के बावजूद कम नहीं हो रहा है स्तर

www.delhi.nbt.in

एक्टर विजय राज इन दिनों सीरीज मर्डर इन माहिम को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने कहा, 'जिंदगी एक संघर्ष है। हर किसी को मंजिल चुनने की आजादी नहीं मिलती। | 10



istock images




*रंगदारी के लिए फायरिंग, जबरन वसूली और सुपारी किलिंग को दे रहे अंजाम*


# गैंगस्टर जो विदेश से फैला रहे दिल्ली में दहशत

खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके विरोधी बंबीहा ग्रुप के क्राइम सिंडिकेट से जुड़े करीब 10 गैंगस्टर विदेश से कॉल कर दिल्ली के कारोबारियों की नींद हराम कर रहे हैं। ये वहां से एक्सटॉर्शन कॉल, रकम नहीं देने पर फायरिंग और सुपारी किलिंग तक को अंजाम दे रहे हैं। ये जरूर है कि स्पेशल सेल के हिमांशु उर्फ भाऊ के गुर्गे अजय को एनकाउंटर में ढेर करने से अधिकतर गैंग और गुर्गे दहशत में हैं। इन गैंगस्टर्स के बारे में बता रहे हैं **शंकर सिंह :**

**गोल्डी बराड़ :** भारत सरकार ने विदेश से ऑपरेट कर रहे 28 शातिर गैंगस्टर्स की लिस्ट में पंजाब का गोल्डी को टॉप पर रखा है। इसके अमेरिका के कैलिफॉर्निया में होने की खबरें हैं। लॉरेंस बिश्नोई के करीबी इस गैंगस्टर ने कई राज्यों में अपना नेटवर्क बना रखा है। दिल्ली में कई एक्सटॉर्शन कॉल कर चुका है। पंजाब के पूर्व विधायक और एमएलए के दिल्ली स्थित घर पर भी पिछले साल फायरिंग करवाई थी। ये पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर में भी वॉन्टेड है।



**राशिद केबलवाला :** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली का ये गैंगस्टर विदेश भाग चुका है। गैंगस्टर हाशिम बाबा का करीबी है। मकोका लगने के बाद 2020 में स्पेशल सेल ने अरेस्ट किया। ये 2022 में परोल लेकर फरार हो गया। बाबा के नाम से सचिन उर्फ मुकेश उर्फ गोलू ने यमुनापार के कारोबारियों से 50-50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। इसके पीछे केबलवाला का दिमाग बताया जा रहा है। हालांकि अभी तक सीधे केबलवाला के नाम से कॉल कर रंगदारी मांगने का एक भी मामला सामने नहीं आया है।






**अनमोल बिश्नोई :** लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है, जिसका नाम सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर के बाद अब सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग में आया। ये 2022 मे फर्जी नाम से पासपोर्ट बना कर विदेश भाग गया। ये भी दिल्ली के कारोबारियों को कॉल कर रंगदारी मांग रहा है। सनलाइट कॉलोनी में पिछले साल एक घर में दो करोड़ रुपये की रंगदारी नहीं देने पर फायरिंग तक करवा चुका है। ये गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा के साथ मिलकर विदेश से क्राइम सिंडिकेट को चला रहा है।


**रोहित गोदारा :** करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की उनके घर में घुस कर दिसंबर 2023 में हत्या का मास्टरमाइंड ये था। लॉरेंस सिंडिकेट के इस गैंगस्टर ने सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी भी ली। ये कोविड-19 में परोल पर बाहर आया। जून 2022 में दिल्ली से पवन नाम से पासपोर्ट बना कर विदेश भाग गया। ये भी 28 विदेशी गैंगस्टर की लिस्ट में शामिल है। राजस्थान के इस गैंगस्टर का नाम यमुनापार के कारोबारी से पांच करोड़ रुपये मांगने में आया था।



**हिमांशु उर्फ भाऊ :** रोहतक के गैंगस्टर ने हरियाणा और राजस्थान के अलावा दिल्ली में भी कोहराम मचा रखा है। विदेश से तीनों राज्यों में जबरन वसूली और मर्डर को अंजाम दे रहा है। दिल्ली के कारोबारियों से पांच करोड़ तक की रंगदारी मांग रहा है। ऑफिस या घर पर फायरिंग करवा कर दहशत फैला चुका है। पंजाब के बंबीहा ग्रुप से जुड़े जेल में बंद नीरज बवानिया और नवीन बाली सिंडिकेट का हिस्सा है। रिटौली का साहिल और झज्जर का योगेश उर्फ बॉबी भी इसके साथ विदेश में हैं।



**कपिल सांगवान उर्फ नंदू :** नजफगढ़ के दो लाख इनामी गैंगस्टर पर हत्या, रंगदारी, लूट और मकोका समेत कई केस हैं। परोल जंप कर 2019 से फरार है। बड़ा भाई ज्याति सांगवान उर्फ बाबा जेल में है। पिछले साल बीजेपी नेता सुरेंद्र मटियाला और हरियाणा के पूर्व विधायक नफे सिंह के मर्डर की जिम्मेदारी इसने ली। दिल्ली के एक विधायक ने जबरन वसूली में मदद करने का दबाव बनाने की पुलिस से शिकायत की थी। लॉरेंस सिंडिकेट का हिस्सा है, जो रंगदारी की कॉल करता है।



**अक्षय :** गैंगस्टर नरेश सेठी का सगा भतीजा है, जो लॉरेंस सिंडिकेट से जुड़ा है। अक्षय को हरियाणा से फर्जी पासपोर्ट बनवा कर विदेश भेजा गया। पुर्तगाल में होने के इनपुट हैं। पिछले साल नरेला के एक कारोबारी और स्कूल संचालक से पांच करोड़ की, जबकि द्वारका के प्रॉपर्टी के कारोबारी से दो करोड़ और लामपुर के प्रॉपर्टी डीलर से 50 लाख की रंगदारी मांगी। रकम नहीं मिलने पर तीनों जगह फायरिंग करवाई। सचिन बिश्नोई के अजरबैजान से डिपोर्ट होने के बाद ये सक्रिय हुआ।



**गोगी के गुर्गे :** जितेंद्र मान उर्फ गोगी की भले ही हत्या हो गई है। लेकिन इस गिरोह की पैठ भी विदेश में है, जिसके मेंबर वहां से बैठकर रंगदारी वसूल रहे हैं। अमेरिका में बैठे इस गैंग के मोंटी ने 15 फरवरी को रोहिणी के बुध विहार के एक प्रॉपर्टी कारोबारी के घर पर एक करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर फायरिंग करवाई थी। गोगी गैंग के सागर चौधरी और विशाल भी विदेश में ही हैं, जो वहां से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इनके टारगेट पर भी दिल्ली-एनसीआर के कारोबारी हैं।

# उत्तम नगर में दर्जनभर हमलावरों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

■ एनबीटी न्यूज, उत्तम नगर



**तफ्तीश में पता चला**

- मृतक करण ने कुछ महीने पहले एक महिला के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था
- घरवालों का आरोप है कि वह महिला ही हमलावरों को लेकर आई और करण पर हमला करवाया

**द्वारका डिस्ट्रिक्ट** के उत्तम नगर इलाके में शनिवार रात दर्जन भर हमलावरों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने लाठी डंडों से युवक को पीटा। मृतक की पहचान करण (26) के रूप में हुई है। परिवारवालों का आरोप है कि हमला करने के बाद आरोपियों ने करण के जख्मों पर मिर्च का पाउडर डाल दिया और अमानवीय हरकत की। इधर मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारवालों ने एक महिला पर हमला करवाने का आरोप लगाया है। उत्तम नगर थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है।

**पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा**

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात पुलिस को एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने की सूचना मिली। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक परिवारवाले घायल को सफदरजंग अस्पताल लेकर चले गए थे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने करण के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। करण के भाई रवि ने बताया कि उनका परिवार मूलतः मध्य प्रदेश के छतरपुर का रहने वाला है। उसके भाई पर दो आपराधिक मामले दर्ज थे। शनिवार को उनकी एक मामले की कोर्ट में सुनवाई थी। वह छतरपुर से सुनवाई में शामिल होने आए थे। वहां से वह अपने घर आ गए। रात में वह घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान करीब एक दर्जन लोग लाठी डंडे लेकर उनके पास पहुंचे। हमलावरों ने करण की लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी। बुरी तरह से पिटाई करने के बाद हमलावरों ने करण के जख्मों पर मिर्च का पाउडर डाल दिया और उनके साथ अमानवीय हरकत की। घटना को अंजाम देकर सभी वहां से फरार हो गए।

जांच में पता चला है कि मृतक ने कुछ महीने पहले इलाके की एक महिला के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। परिवारवालों ने आरोप लगाया कि महिला ही अपने साथ हमलावरों को लेकर आई थी। उसने ही करण पर हमला करवाया। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिया है। सूत्रों का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों में महिला और उसका एक सहयोगी शामिल है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के बारे में पूछे जाने पर डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि मरने वाला करण उत्तम नगर थाने का बीसी था और वह 10 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल था। वहीं रविवार दोपहर पीड़ित के परिजनों ने उत्तम नगर के पास रोड जाम करके आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## डॉगी को घुमाने के झगड़े में युवक को मारा चाकू

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली:** आंबेडकर नगर इलाके में पालतू डॉगी को घुमाने को लेकर हुए झगड़े में दो युवक ने एक 27 साल के युवक जोनसन को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। जोनसन के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान आंबेडकर नगर निवासी तुषार और ऋषभ के तौर पर हुई है।

AI Image



पुलिस अधिकारी ने बताया कि जोनसन परिवार के साथ दक्षिणपुरी इलाके में रहते हैं। वह हर रात 11 से 11:30 बजे के बीच 20 ब्लॉक, खिड़की पार्क इलाके में जाते है। 11 मई की रात को भी वह डॉगी घुमाकर वापस आ रहे थे। तभी तुषार डॉगी घुमाने की बात को लेकर झगड़ा करने लगा। उसके साथ ऋषभ भी था। उनका आपस में पुराना झगड़ा भी था। दोनों मारपीट के दौरान उसके कंधे पर चाकू से वार कर फरार हो गए। चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जोनसन का एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया।

## साइड नहीं देने के विवाद में कार सवार को पीटा

■ **एनबीटी न्यूज, वसंत कुंज साउथ :** महिपालपुर रंगपुरी गोल चक्कर के पास साइड न देने के विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के बयान पर 15 मई को केस दर्ज किया गया।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित संदीपन राय ने बताया कि वह महावीर एनक्लेव डाबड़ी इलाके में रहते हैं। गूगल में नौकरी करते हैं। पीड़ित के अनुसार 13 मई को वह गुरुग्राम ऑफिस जाने के लिए निकले थे। महिपालपुर रंगपुरी गोल चक्कर के पास पीछे से एक तेज रफ्तार कार आई। आगे नहीं निकल पाने पर उन्होंने ओवरटेक कर अपनी गाड़ी उनकी की गाड़ी के आगे लगा दी। आरोपी अपनी गाड़ी से उतरे और उनसे मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके गले से चैन भी तोड़ ली।

## कैश और गहनों की चोरी में दो आरोपी अरेस्ट किए

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली :** खिड़की एक्सटेंशन इलाके से अरुण और आकाश सिंह को मालवीय नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के सोने व चांदी के गहने बरामद हुए। उनके तीसरे साथी शिवम की तलाश जारी है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 4 मई को खिड़की गांव में रहने वाली एक महिला के घर से 40 हजार कैश और सोने व चांदी के गहने चोरी हुए थे। उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी में तीन संदिग्ध दिखे, जिसके बाद सतपुला पार्क खिड़की एक्सटेंशन इलाके से अरुण और आकाश को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि चोरी में उनके साथ साकेत इलाके का घोषित बदमाश शिवम भी था। कुछ गहने गोविंदपुरी में एक जूलर बेचे थे।

# फीस को लेकर बच्चों का नाम काटने का आरोप

## डीपीएस द्वारका में 13 स्टूडेंट्स का नाम काटने को लेकर पैरंट्स ने किया प्रदर्शन

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली





पैरंट्स ने स्कूल के पास किया प्रदर्शन, आरोप लगाया कि शिक्षा निदेशालय के आदेश के बावजूद स्कूल उनके बच्चों को क्लास में शामिल नहीं होने दे रहा है

**डीपीएस, द्वारका** में 13 स्टूडेंट्स का नाम काटने के मामले में पैरंट्स ने रविवार को स्कूल से कुछ दूरी पर एक बार फिर प्रदर्शन किया। पैरंट्स का आरोप है कि शिक्षा निदेशालय के आदेश के बावजूद यह प्राइवेट स्कूल उनके बच्चों को क्लास में शामिल नहीं होने दे रहा है। स्कूल ने 13 बच्चों का नाम इसलिए काट दिया क्योंकि उन्होंने स्कूल की ओर से मांगी जा रही मनमानी फीस देने से मना कर दिया।

एक पैरंट बताते हैं, मेरा बेटा क्लास 10 में है और उसका नाम इस वजह से स्कूल से काट दिया गया है क्योंकि स्कूल ने जो मनमानी फीस बढ़ाई है, वो मैंने नहीं दी। हम स्कूल फीस पूरी दे रहे हैं, जो कि शिक्षा निदेशालय ने मंजूर की है। पैरंट्स के मुताबिक, स्कूल ने बिना शिक्षा निदेशालय की मंजूरी के फीस में काफी इजाफा किया है। जिस क्लास की सालाना फीस 93 हजार होती थी उसे 1 लाख 70 हजार तक कर दिया है।

पैरंट्स की शिकायत है कि 6 साल से 16 साल तक के इन स्टूडेंट्स को स्कूल ने बाकी बच्चों से अलग रखा जा रहा है। क्लास 10 के बच्चों को प्री-मिड टर्म एग्जाम देने नहीं दिया गया, उन्हें स्कूल गेट से बाहर भी किया गया। इसे लेकर पैरंट्स की ओर से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से भी शिकायत की गई, उनका कहना है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पिछले हफ्ते शिक्षा निदेशालय ने डीपीएस, द्वारका को आदेश दिया है कि वो निदेशालय के उन सभी आदेश को माने जो सरकारी जमीन पर बने प्राइवेट स्कूल पर लागू होते हैं।

**इस स्कूल ने भी भेजा नोटिस:** सृजन स्कूल, मॉडल टाउन के पैरंट्स की भी शिकायत सामने आई है कि स्कूल ने फीस बढ़ा दी है और जो यह नहीं दे रहे हैं उन्हें वो शोकॉज नोटिस नाम काटने की चेतावनी दे रहा है। दिल्ली स्कूल एजुकेशन रूल्स के तहत स्कूल ने नोटिस भेजे हैं। स्कूल ने फीस बढ़ोतरी पर हाई कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा है कि सेशन की शुरुआत में स्कूल जो फीस बढ़ोतरी तय करेगा, उसके लिए शिक्षा निदेशालय की पूर्व मंजूरी की जरूरत नहीं है।

**NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात**

**क्यों हो रहा है विवाद**

नए सेशन में स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को लेकर स्थिति उलझी हुई है। दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सरकारी जमीन पर बने सभी स्कूलों को बिना अनुमति फीस बढ़ाने से रोका है, मगर 30%-50% तक की भी फीस बढ़ाने की कई शिकायतें फिर भी सामने आ रही हैं। इसके पीछे हाई कोर्ट की शिक्षा निदेशालय के 27 मार्च 2024 के उस आदेश पर रोक भी है, जिसमें कहा गया है कि सरकारी जमीन पर बना प्राइवेट स्कूल बिना पूर्व मंजूरी फीस नहीं बढ़ा सकता। पैरंट्स असोसिएशंस का कहना है कि स्कूलों के फंड, उनके पास फीस बढ़ाने की मंजूरी है या नहीं, तयशुदा फीस स्ट्रक्चर पब्लिक होगा, तभी वो और बच्चे हर साल की इस मुश्किल भरी स्थिति से दूर पाएंगे।

**मेरी कॉलोनी : दिल्ली : मेरा शहर**

# वसुंधरा एनक्लेव : नए सिरे से बनी रोड, सालभर के बाद ही धंस गई

■ एनबीटी न्यूज, वसुंधरा एनक्लेव

**शहीद बुध सिंह टी पॉइंट का मामला**



लोगों ने कहा, रोड बंद होने से करीब डेढ़ से 2 किमी लंबा चक्कर लगाकर अब जाना पड़ रहा है

**घटिया क्वॉलिटी** की रोड बनाने का एक मामला सामने आया है। मामला नोएडा की तरफ जा रही रोड से जुड़े शहीद बुध सिंह मार्ग टी पॉइंट का है, जो पिछले दिनों खतरनाक तरीके से धंस गया है। करीब 1 साल पहले उस रोड के नीचे जल बोर्ड ने सीवर लाइन बिछाई थी। रोड नए सिरे से बनाया गया था। फिलहाल ट्रैफिक पुलिस ने रोड को बंद कर दिया है।

**NBT सुरक्षा कवच** — मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ

एनबीटी सुरक्षा कवच, न्यू अशोक नगर से जुड़े संजीव भार्गव ने बताया कि रोड बंद होने का खामियाजा रोड के दोनों तरफ बसे चार अपार्टमेंट, दो बड़े पब्लिक स्कूल, एक सरकारी संस्थान के स्टूडेंट्स और लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वे करीब डेढ़ से 2 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर इस तरफ आना जाना करने को मजबूर हैं। लोगों का आरोप है कि रोड बनाते समय मानदंडों का पालन नहीं किया गया था और इसके खराब होने की आशंका काफी पहले से लगाई जा रही थी। लोगों ने तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है।

**लोगों का आरोप, रोड बनाते वक्त सही गाइडलाइन का नहीं किया गया पालन**

**NBT CITIZEN REPORTER आपकी आवाज — आपकी खबर से**

## बदलेगा शहर

वेबसाइट **nbtcitizen.com** पर जाकर लॉगिन करें। रजिस्ट्रेशन के बाद खबर, फोटो और विडियो अपलोड करें।

### बंद है एस्केलेटर

**तालकटोरा रोड**

आरएमएल अस्पताल के पास स्थित FOB में लगा एस्केलेटर लंबे समय से बंद पड़ा है। ऐसे में लोगों को सीढियां चढ़कर रोड क्रॉस करनी पड़ती हैं। **- सिटिजन रिपोर्टर प्रहलाद पनवर**



# इस साल घटे सड़क हादसे, रिंग रोड है सबसे जानलेवा

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

AI Image



**15 मई तक 511 सड़क हादसे हुए, इनमें 518 लोगों की मौत**

**दिल्ली की** सड़कों पर इस साल हादसों में कमी देखी जा रही है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल 1 जनवरी से 15 मई के बीच दिल्ली की सड़कों पर 511 सड़क हादसे हुए, जिनमें 518 लोगों की मौत हुई। पिछले साल इसी समयसीमा के दौरान 544 सड़क हादसे हुए थे, जिनमें 552 लोगों की मौत हुई थी। इस लिहाज से देखा जाए, तो जानलेवा हादसे और उनमें हुई मौतें, दोनों में इस साल कमी आई है।

ट्रैफिक पुलिस ने उन टॉप-10 ब्लैक स्पॉट्स की भी पहचान की है, जहां इस साल अभी तक सबसे ज्यादा जानलेवा सड़क हादसे हुए हैं। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इन जगहों पर हादसों को रोकने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस साल रिंग रोड पर 33, आउटर रिंग रोड पर 31, जीटी करनाल रोड पर 27, रोहतक रोड पर 19, एनएच-8 पर 13, मथुरा रोड पर 10 और नजफगढ़ रोड पर 9 जानलेवा हादसे हुए हैं। कंझावला रोड, एनएच-24 और वजीराबाद रोड पर 7-7 जानलेवा हादसे हुए हैं।

# मर्डर के आठ साल बाद आरोपी अरेस्ट

■ **विस, नई दिल्ली:** 2016 में भलस्वा डेयरी इलाके में हुई हत्या के केस में फरार चल रहे दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मूलरूप से जयपुर निवासी विक्रम उर्फ विक्की और शिवा के रूप में हुई है। दोनों जहांगीरपुरी में रहते हैं।

**2016 में भलस्वा डेयरी इलाके में हुई थी वारदात**

डीसीपी राकेश पावरिया के मुताबिक, 30 दिसंबर 2016 को मुकुंदपुर निवासी वीणा देवी बेटे चंचल के साथ घर पर थीं। सुबह लगभग 9 बजे विक्रम उर्फ विक्की अपने भाई शिवा और दोस्त इरशाद उर्फ बबलू, विष्णु, राहुल, जैकी और अन्य के साथ घर में घुसा। विक्रम ने चंचल की पिटाई करने के बाद चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। भलस्वा डेयरी पुलिस ने बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस केस में सभी गिरफ्तार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। इस बीच क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला और दोनों को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया।

# महरौली : दूर हुई कई महीनों की सीवर ओवरफ्लो की समस्या

■ एनबीटी न्यूज, महरौली

**NBT इम्पैक्ट**

**कई महीनों** से डेसू रोड में ओवरफ्लो हो रहे सीवर की समस्या को जल बोर्ड ने दूर कर दिया है। सीवर की अधिक क्षमता वाली नई पाइपलाइन बिछाई गई है। मैनहोल भी नए लगाए गए हैं। अब सीवर के पानी का बहाव ठीक बताया जा रहा है।

सीवर की समस्या से प्रभावित लोगों ने एनबीटी से संपर्क करके बताया था कि सीवर की कभी भी डिसिल्टिंग नहीं की गई है। लोगों ने बताया था कि कम क्षमता के पाइपलाइनों की सफाई भी तरीके से नहीं हो पाती थी। इससे सीवर ओवरफ्लो होने के कारण परेशानी होती थी। एनबीटी ने प्रभावित लोगों से मिली जानकारी के आधार पर 30 अप्रैल को प्रमुखता से खबर छापी, जिसके एक हफ्ते बाद ही जल बोर्ड के कर्मचारियों ने समस्या को दूर करने के लिए 8 मई से काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने अधिक क्षमता वाली नई पाइपलाइन अगले 2 दिन में बिछा दी है। लोगों ने बताया की सीवर की पाइपलाइन चौड़ी होने से जाम होने की शिकायत अब बहुत कम आएगी।

# चुनाव से पहले मुंडका में हुई महापंचायत, गिनाईं परेशानियां

■ एनबीटी न्यूज, मुंडका



कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज भी पहुंचे

**दिल्ली देहात** के गांवों सहित कॉलोनियों व सोसाइटियों में बुनियादी सुविधाओं समेत कई मांगों को लेकर रविवार को मुंडका गांव में एक महापंचायत हुई। इसमें दिल्ली देहात सहित कॉलोनियों व सोसाइटियों के मुद्दे उठाए गए। युवा संगठन 360 दिल्ली-एनसीआर की तरफ से इसका आयोजन किया गया था।

लोगों ने बताया कि इस पंचायत में उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सभी लोकसभा उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया था। इस पंचायत में कांग्रेस के उम्मीदवार उदित राज ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और विचाराधीन मुद्दों पर अपनी बातें रखी। वहीं प्रदीप कुमार सूद (निर्दलीय) और बीएसपी, आम जनशक्ति पार्टी, नंदराम बागड़ी सहित दूसरे उम्मीदवार पहुंचे और अपना पक्ष रखा, लेकिन बीजेपी की तरफ से कोई शामिल नहीं हुआ। इस पर पंचायत ने बीजेपी के बहिष्कार की घोषणा कर दी।

# लू से गर्म तवे जैसी तप रही दिल्ली, आज और कल भी रहेगा रेड अलर्ट

## मौसम विभाग के अनुसार 25 मई तक इससे राहत मिलने की कोई संभावना नहीं

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**लगातार तीसरे** दिन राजधानी दिल्ली गर्मी से झुलसती रही। गर्म हवाओं ने शाम और रात को भी लोगों को बाहर निकलने से रोका। वहीं अगले दो दिन के लिए लू और गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 25 मई तक इस गर्मी से राहत की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। वहीं नजफगढ़ एक बार फिर पूरे देश में सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री अधिक 47.8 डिग्री रहा। दूसरे नंबर पर 47.7 डिग्री पारे के साथ आगरा रहा। गर्मी व लू के प्रभाव को देखते हुए 20 व 21 मई का रेड अलर्ट और 22 व 23 मई का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

दिल्ली (सफदरजंग) का संडे को अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से चार डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 28.2 डिग्री रहा। राजधानी में दो जगहों पर तापमान 47 डिग्री से अधिक रहा। नजफगढ़ का अधिकतम तापमान 47.8, मंगेशपुर का 47.7 डिग्री रहा। वहीं चार जगहों पर अधिकतम तापमान 46 डिग्री से अधिक रहा। आया नगर का 46.4, फरीदाबाद का 46.3, जाफरपुर का 46.6 और पूसा का 46.5 डिग्री रहा। जबकि 45 डिग्री से अधिक वाली जगहों में पालम का 45.1, रिज का 45.9, गुरुग्राम का 45.1 और नोएडा का 45.9 डिग्री रहा।

पूर्वानुमान के अनुसार आज आसमान साफ रहेगा। कई जगहों पर लू और गंभीर लू की स्थिति रहेगी। गर्म व शुष्क तेज हवाएं चलेंगी। इनकी स्पीड 25 स 35 किमी प्रति घंटे रह सकती है। अधिकतम तापमान 44 और न्यूनतम 28 डिग्री रह सकता है। 21 मई को अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम 29 डिग्री रह सकता है। तेज शुष्क हवाएं चलेंगी। वहीं 22 व 23 मई को अधिकतम तापमान 44 और न्यूनतम 29 से 28 डिग्री तक रह सकता है। तेज गर्म व शुष्क हवाएं चलेंगी। इसके बाद 24 व 25 मई को अधिकतम तापमान 45 डिग्री रह सकता है। न्यूनतम तापमान 29 से 30 डिग्री तक रह सकता है।



सोमवार को कई जगहों पर लू और गंभीर लू की स्थिति रहेगी। तेज गर्म हवाएं चलेंगी।

**थार और पाकिस्तान से आ रही गर्म और तेज हवाओं ने बढ़ाई मुश्किल**

**25 से 35 किमी/घंटे की रफ्तार से आज चलेगी गर्म हवाएं**

**47.8 डिग्री के साथ नजफगढ़ देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा**

**44.4 डिग्री रहा राजधानी का अधिकतम तापमान रविवार को**

**22 और 23 मई को ऑरेंज अलर्ट जारी किया मौसम विभाग ने**

### रेड अलर्ट में क्या पड़ सकता है असर

- गर्मी से जुड़ी बीमारियां और हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे अधिक
- नवजात, बुजुर्ग, मरीजों और बाहर काम करने वालों पर खतरा ज्यादा

### क्या सावधानी बरतें

- संवेदनशील लोगों को अत्यधिक केयर की जरूरत है
- बाहर जाने से जितना संभव को उतना बचें।
- पानी पीते रहें, प्यास न होने पर भी पानी पीएं।
- ओआरएस, लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ पीएं।



## बाहर काम करने वालों पर खतरा ज़्यादा

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**दिल्ली की** गर्म धूप में खुले में काम करने वाले लोग हर पल झुलस रहे हैं। गर्म तवे के जैसी तप रही दिल्ली में काम करने से उनके स्वास्थ्य पर सबसे खराब असर पड़ रहा है। यही बात लोगों को समझाने के लिए ग्रीनपीस इंडिया ने रविवार को साकेत स्थित सिलेक्ट सिटी मॉल में एक बर्फ की मूर्ति लगाई। आठ फीट की इस मूर्ति में एक महिला, बच्चे और कुत्ते को दिखाया गया था। वह दिल्ली की गर्मी में किस तरह तेजी से पिघल रहे हैं, यह इस आयोजन का मर्म रहा। दिल्ली की तेज धूप में कुछ ही घंटों में यह मूर्ति पिघल गई।

सिलेक्ट सिटी में मॉल में आए लोगों ने देखा की बर्फ से बनी मूर्ति पिघल रही थी। मूर्ति के जरिए लोगों को संदेश दिया जा रहा था कि इस गर्माहट को कम करने के लिए काम करना बेहद जरूरी है। ग्रीनपीस इंडिया के अनुसार, वह चाहता है कि सरकार अधिकारिक तौर पर लू को एक गंभीर समस्या के रूप में पहचाने। श्रमिकों और बाहर काम करने वले समुदायों को इसके लिए बेहतर तरीके से तैयार करने में मदद करे। हम लोगों को बताने की कोशिश कर रहे हैं कि गर्मी हमारे देश के लिए कितनी बड़ी समस्या है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।




दिल्ली के एक मॉल में बनाई गई बर्फ की यह मूर्ति कुछ ही देर में पिघल गई

### गर्मी से मौतें बढ़ीं

ग्रीनपीस इंडिया के अनुसार, साल 1992 से 2015 के बीच 24,223 लोगों की मौतें अत्यधिक गर्मी की वजह से हुईं। एक्सपर्ट के अनुसार, अब भविष्य में ऐसा बार-बार होगा और लंबे समय तक ऐसा ही रहेगा। क्लाइमेट चेंज के कारण होने वाला गर्म मौसम लोगों को बीमार कर सकता है, काम करना कठिन बना रहा है और आर्थिक स्थिति पर भी असर डाल सकता है।

ग्रीनपीस के अनुसार, देश में लू की घटना पिछल तीन दशकों में दोगुनी हो गई है। केवल 2022 में 2020 से अधिक लू की घटनाएं हुईं। एनडीएमए के अनुसार, भारत में आधे से ज्यादा लोग बाहर काम कर रहे हैं। इन लोगों पर गर्मी का सबसे अधिक जोखिम है।

## अभी प्रदूषण से भी जल्द नहीं मिलने वाली राहत

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**गर्मी के** साथ अगले दो से तीन दिनों तक प्रदूषण से भी राहत नहीं मिलेगी। बीते करीब दो दिनों से पूर्वानुमन सामान्य स्तर के प्रदूषण का था, लेकिन दोनों दिन यह खराब स्तर पर बना रहा। पूर्वानुमान के मुताबिक 22 मई तक प्रदूषण खराब स्तर पर रहेगा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार रविवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 243 रहा। वहीं फरीदाबाद का एक्यूआई 253, गाजियाबाद का 218, ग्रेटर नोएडा का 293, गुड़गांव का 251 और नोएडा का 236 रहा। चार जगहों पर प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा। इनमें एनएसआईटी द्वारका का एक्यूआई 348, मथुरा रोड का 302, जहांगीरपुरी का 325 और मुंडका का 364 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 20 से 22 मई तक प्रदूषण का स्तर खराब रह सकता है। इसके बाद अगले छह दिनों प्रदूषण खराब से सामान्य स्तर पर रहेगा। इस मई 19 में से 13 दिन प्रदूषण खराब और एक दिन बेहद खराब स्तर पर रहा है। वहीं लगातार सात दिन से दिल्ली का प्रदूषण खराब स्तर पर बना हुआ है। रविवार को हवा की स्पीड 25 से 20 किमी प्रति घंटे तक रही।



**रविवार को 243 रहा दिल्ली का एक्यूआई**

## पॉलिटिकल पार्टियों से एक्टिविस्टों ने की अपील... यमुना को बहने दें

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**लोकसभा चुनावों** के तहत वोटिंग से पहले यमुना पर काम करने वाले कई एक्टिविस्टों ने पॉलिटिकल पार्टियों से अपील की है कि वह यमुना को बहने दें। दिल्ली की यमुना में बहाव नहीं है। वह गंदगी की वजह से एक नाले की पहचान लेती जा रही है। नवंबर से जून तक हर साल यमुना में पानी लगभग सूख जाता है। एक्टिविस्टों के अनुसार यमनोत्री से प्रयागराज तक 1367 किलोमीटर यमुना सिर्फ पहले 100 किलोमीटर में ही खुलकर बहती है। इसके बाद बैराज की वजह से यमुना के बहाव को डायवर्ट किया जाता है और कई तरह के कामों में उपयोग लाया जाता है। इसका असर बहाव पर पड़ रहा है।

साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डेम्स, रिवर्स और पीपल के भीम सिंह रावत, नैचुरल हैरिटेज फर्स्ट के दिवान सिंह, यमुना नदी मित्र मंडली, कंपेशनेट लिविंग की पदमावती द्विवेदी, वॉरियर मॉम्स की भवरीन कनधारी, सेंटर फॉर यूथ कल्चर लॉ एंड एनवायरनमेंट के पारस त्यागी, मिनिस्ट्री ऑफ वॉटर रिसोर्स के पूर्व सेक्रेटरी शशी शेखर, वेंक्टेश दत्ता, सोशल एक्शन फॉर फॉरेस्ट एंड एनवारयनमेंट के विक्रांत तोंगड, नई दिल्ली नेचर सोसायटी के विरहेन खन्ना और यमुना जिए अभियान आदि शामिल हैं। इनके अनुसार पानी को तेजी से निकाले और कैचमेंट एरिया के डीग्रेड होने की वजह से यमुना में हिमालय और अपर सेगमेंट में भी बहाव कम हो रहा है। अपर सेगमेंट के 200km हिस्से (हथनीकुंड बैराज से वजीराबाद बैराज) के बीच यमुना में कोई सहायक नदी नहीं मिल रही है। अकेले दिल्ली में 22 प्रदूषित नाले यमुना में मिल रहे हैं। नदी नहाने लायक भी नहीं बची है। एक्टिविस्टों के अनुसार यमुना की सफाई के लिए 1993 से अब तक 4111.98 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन यमुना प्रदूषित ही है।





लोकसभा 2024 चुनाव का पांचवां चरण !

## इलेक्ट्रिक बस में आग, बस स्टॉप भी जल गया

■ एनबीटी न्यूज, हौज खास

**हौज खास** इलाके में रविवार सुबह डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस के अलावा, दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे के भीतर दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना में पूरी बस जलकर खाक हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दमकल विभाग के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11.08 बजे सूचना मिली कि पद्मिनी एनक्लेव, हौज खास के पास डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग लगने से पहले ही बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने सूझबूझ दिखाते हुए सभी यात्रियों को बस से नीचे उतार दिया। बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आग की चपेट में आने से डीटीसी का एक स्टॉप भी जल गया। जिस बस में आग लगी वह पुरानी दिल्ली से महरौली के तरफ जाने वाली रूट नंबर 502 की बस है।



हौज खास इलाके की घटना

### इलेक्ट्रिक बस में आग की पहली घटना

डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिक बस में आग लगने की यह पहली घटना है। बस में एसी सही से काम नहीं कर रहा था। जिसपर बस ड्राइवर और कंडक्टर ने सभी यात्रियों को आईआईटी गेट के पास सुरक्षित उतार दिया। साथ ही, बुराड़ी डिपो में इसकी शिकायत लिखवा दी। इसके करीब पांच मिनट बाद ही बस में आग लग गई। घटना के समय बस एक स्टॉप के पास खड़ी थी। ऐसे में आग की चपेट में बस स्टॉप भी आ गया। इन बसों में सही से मेंटिनेंस नहीं हो रही है। इनमें ब्रैंडेड नए पार्ट डालने की जगह नकली पाट्र्स डाले जाते है।

## सुखदेव विहार के पास कार में लगी आग, कोई हताहत नहीं

■ एनबीटी न्यूज, नेहरू प्लेस

**नेहरू प्लेस** स्थित सुखदेव विहार के पास रविवार शाम एक कार में आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

दमकल विभाग के अनुसार रविवार शाम 6:15 पर सूचना मिली कि नेहरू प्लेस स्थित सुखदेव विहार के पास एक कार में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। फायरकर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पाया। जिस कार में आग लगी थी वह फोर्ड कार थी। घटना में पूरी कार जलकर खाक हो गई।




फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया

## महानगर में आज

### कैनवास और ब्रश

इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'ब्रश एंड बियॉन्ड', विजुअल आर्ट गैलरी, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। स्पीकिंग आर्ट फाउंडेशन की ओर से इस ग्रुप शो में पेंटिंग, स्कल्पचर, इंस्टॉलेशन की खूबसूरती को निहारा जा सकता है।

### हैदराबाद से रंग



इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'एटेल्ये', आर्ट गैलरी, आईआईसी एनेक्सी, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। हैदराबाद के कलाकर प्रवीण कुमार डी की वॉटरकलर और ऐक्रेलिक मीडियम में इस आर्ट एग्जिबिशन का आनंद 24 मई तक लिया जा सकता है।

### गोंड कलाम



इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'द गोंड कलाम', आर्ट गैलरी, कमलादेवी ब्लॉक, मैक्स मूलर मार्ग, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कंटेंपरेरी गोंड कलाकारों की इस एग्जिबिशन का आनंद 18 मई तक कला प्रेमियों के बीच होगा। अनारकली श्याम, अनुज कुमार टीकम, असाना टीकम, चंपी बाई श्याम, द्वारका परस्ते समेत कई कलाकारों का हुनर गोंड कला को एक नए अंदाज में पेश कर रहा है।

### दो कलाकारों का संसार

इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'स्ट्रीम्स ऑफ कॉन्शियसनेस', ओपन पाम कोर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। पृथ्वी देव और दिव्या मित्तल की इस पेंटिंग, स्कल्पचर, इंस्टॉलेशन शो का आनंद आज लिया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesgroup.com पर

## रोहिणी में युवती का शव बरामद

■ **विस, केएन काटजू :** रोहिणी सेक्टर-13 में शनिवार को पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है। गले पर चाकू का निशान है। पेट और शरीर के बाकी हिस्सों पर नुकीली चीज के घाव हैं। पुलिस को अंदेशा है कि युवती की हत्या करके शव यहां लाकर फेंका गया है। युवती के साथ अनहोनी जैसी घटना से पुलिस इनकार नहीं कर रही है। पुलिस का कहना है कि युवती की शिनाख्त और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने शव की पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। केएन काटजू थाने की पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों का सुराग लगाने की कोशिश कर रही है।

## ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 19 ग्राम स्मैक बरामद



■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली:** आंबेडकर नगर पुलिस ने एक 63 साल के ड्रग सप्लायर को जहांपनाह सिटी फॉरेस्ट इलाके से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 19 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान सूरज उर्फ शांति के तौर पर हुई। वह इलाके का घोषित बदमाश है और पहले से 44 आपराधिक मामलों में शामिल रहा चुका है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि आंबेडकर नगर पुलिस 18 मई की सुबह करीब 4:20 बजे जहांपनाह सिटी फॉरेस्ट के पास गश्त के दौरान पहुंची। तभी एक शख्स संदिग्ध हालत में प्लास्टिक बैग ले जाते हुए देखा। पुलिसकर्मियों ने उसे जांच के लिए रुकने का इशारा किया। जिसके बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे पीछा कर दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से स्मैक बरामद किया गया।

# बिभव से पूछताछ के लिए 150 सवालों की लिस्ट तैयार!

## स्वाति केस में पुलिस ने 5 दिन की रिमांड पर लिया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**आप राज्यसभा** सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट केस में गिरफ्तार बिभव कुमार पांच दिन की रिमांड पर हैं। रविवार को पुलिस की एक टीम मुख्यमंत्री आवास पहुंची। टीम ने CCTV कैमरों की DVR और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सीज किए। पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। इसके साथ ही पुलिस ने बिभव कुमार से केस में पूछताछ के लिए करीब 150 सवालों की एक लिस्ट तैयार की है। पुलिस इन सवालों के जरिए केस की असलियत और उनसे जुड़े साक्ष्यों को जानना चाहती है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि दो दिन गायब रहने के दौरान उन्होंने जमकर सबूतों से छेड़छाड़ की है। छानबीन के दौरान पता चला है कि बिभव ने घटना के बाद मुंबई जाकर अपना आईफोन-15 फॉर्मेट कर दिया। मामले में पुलिस अब मुंबई लेकर जाने की तैयारी में है। पुलिस फरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से डेटा रिकवर करने की कोशिश करेगी। जांच में सहयोग नहीं करते हुए बिभव अपने आईफोन का पासवर्ड भी नहीं बता रहे हैं।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि DVR की जांच से पता चला कि मारपीट वाले समय की फुटेज DVR से गायब है। पुलिस उस दिन ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारी और सुरक्षाकर्मियों की सूची तैयार कर रही है। मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए स्वाति के बयान, उनकी चोट और मेडिकल रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि सांसद के साथ मारपीट करने के अलावा उनको घसीटा भी गया। हालांकि बिभव जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, लेकिन पुलिस सच को साक्ष्यों के साथ लाना चाहती है।



रविवार को पुलिस की एक टीम मुख्यमंत्री आवास पहुंची



पुलिस सूत्रों का कहना है कि दो दिन गायब रहने के दौरान बिभव कुमार ने जमकर सबूतों से छेड़छाड़ की है

### कुछ ऐसे सवालों के देने होंगे जवाब

■ **घटना वाले** दिन स्वाति मालीवाल कितने बजे ऑफिस पहुंचीं? उस समय आप कहां थे? किसने बताया कि स्वाति सीएम से मिलने आई हैं? क्या स्वाति ने आने से पहले कोई अपॉइंटमेंट लिया था या फिर आने की जानकारी दी? क्या इससे पहले कभी भी स्वाति सीएम आवास पर आईं तो तब क्या पहले से कोई जानकारी दी गई या सीएम से मिलने के लिए समय लिया गया हो? क्या आपने स्वाति से मारपीट की थी? अगर हां तो क्यों और अगर नहीं तो फिर स्वाति को चोट कैसे आई? ड्राइंग रूम में सिक्योरिटी को आपने बुलाया या फिर वो शोर शराबा सुनकर खुद से आई थी? इस घटना के समय सीएम हाउस में कौन-कौन लोग मौजूद थे? क्या इस घटना को लेकर आपने सीएम अरविंद केजरीवाल को अवगत करवाया था? उस दिन सीएम हाउस में कौन-कौन मौजूद था? इस घटना के बाद आप कहां-कहां पर गए? कुछ ऐसे तमाम सवालों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिनका सामना बिभव को करना पड़ेगा।

## BJP ने आम आदमी पार्टी पर आरोपी का बचाव करने का लगाया आरोप

■ **विस, नई दिल्ली:** बीजेपी सांसद मनोज तिवारी और प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। मनोज तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल स्वाति मालीवाल मामले पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। वे केवल आरोपी के पक्ष में क्यों बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस मामले में आरोपी को बचाने में लगे हैं। तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सांसद स्वाति मालीवाल को पीटने वाले अपने पीएस बिभव को अपने ही घर में क्यों छिपा कर रखा। उस वक्त के घटना की CCTV फुटेज क्यों डिलिट की गई? तिवारी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछा कि क्या सुप्रीम कोर्ट ने इसलिए आपको 20 दिन की जमानत दी है। उन्होंने कहा कि इस पूरी घटना पर मुख्यमंत्री के रूख को देखकर लगता है कि अरविंद केजरीवाल के इशारे पर ही स्वाति मालीवाल की पिटाई हुई है।

BJP प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा कि केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार दिल्ली के शाहजहां शेख बन गए हैं। जिस व्यक्ति पर इतने गंभीर इल्जाम हैं, उसे बचाने की कोशिश की जा रही है। शाजिया ने कहा कि मनीष सिसोदिया जेल गए, सत्येंद्र जेल गए तब केजरीवाल घर से बाहर नहीं निकले। अब जब उनके निजी सहायक बिभव को मालीवाल से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया तो मुख्यमंत्री बाहर निकलकर आए हैं।



बीजेपी नेता शाजिया इल्मी

## आप का BJP पर झूठ फैलाने का आरोप

■ **विस, नई दिल्ली:** स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर दिल्ली पुलिस के जरिए झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके आरोप लगाया कि अपने राजनीतिक स्वार्थ को साधने और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी को बदनाम करने के लिए दिल्ली पुलिस के जरिए बीजेपी इस मामले को लेकर देश की जनता के बीच झूठ फैला रही है।

सौरभ के मुताबिक, बिभव कुमार ने खुद दिल्ली पुलिस को ई-मेल लिखकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी थी। बावजूद बीजेपी शासित केंद्र सरकार के तहत काम करने वाली दिल्ली पुलिस ने यह झूठ फैलाया कि बिभव कुमार फरार हो गए हैं। उन्होंने पूछा कि 112 नंबर पर की गई कॉल की डीडी एंट्री की कॉपी पुलिस मुख्यालय से कैसे लीक हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के इशारे पर दिल्ली पुलिस ने जान बूझकर डीडी एंट्री और धारा 354 के तहत की गई एफआईआर की कॉपी मीडिया में लीक की। सीएम आवास से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लीक होने के दावे को भी सौरभ ने पूरी तरह झूठ बताते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस खुद सीएम आवास से डीवीआर सहित सीसीटीवी की सारी फुटेज सीज करके ले गई है। पुलिस ने यह भी झूठ फैलाया कि बिभव कुमार को मुख्यमंत्री आवास से गिरफ्तार किया गया, जबकि बिभव जांच में सहयोग करने के लिए खुद अपनी मर्जी से पुलिस टीम के साथ सिविल लाइंस थाने गए थे, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



सौरभ भारद्वाज

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या की थी, चार पकड़े



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

■ **एनबीटी न्यूज, सीलमपुर :** नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के सीलमपुर स्थित गौतमपुरी इलाके में शुक्रवार रात मोहम्मद इकबाल नामक युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों की पहचान गौतम पुरी निवासी मो.आदिल अंसारी (19) और न्यू सीलमपुर निवासी फैसल (18) व दो नाबालिगों के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इकबाल और बाकी आरोपी एक ही गली में रहते थे। रात को लड़के गली में शोर मचाते हुए टहलते थे। इकबाल ने इसका विरोध किया तो आदिल की एक सप्ताह पहले उसकी बहस हो गई थी। आरोपी ने इकबाल को सबक सिखाने की नीयत से उस पर हमला किया। आरोपियों ने छह जगह चाकू मारने के अलावा कई जगह सुए से भी हमला किया। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि इकबाल दो महीने पहले ही किशनगंज, बिहार से दिल्ली आया था। वह गली नंबर-5, गौतमपुरी में सिलाई की फैक्ट्री में काम करते थे। आरोपी भी इसी गली में रहते थे, आरोपियों को उसका टोकना अच्छा नहीं लगा। इसी बात पर झगड़ा होने के बाद आरोपियों ने शुक्रवार को गली में घेरकर उनकी हत्या कर दी।

5वें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों के लिए आज को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। इस दौरान 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला वोट करेंगे।

# 'जेल जाऊंगा या नहीं, यह आपके हाथ में...'

## साउथ दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल, सहीराम पहलवान के लिए चुनाव प्रचार

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**'ये लोग** हमारे पीछे पड़े हैं, सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और मुझे जेल में डाल दिया। अब कह रहे हैं कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को भी जेल में डालेंगे। कल इन्होंने मेरे पीए को भी जेल में डाल दिया। यह भी कह रहे हैं कि बैंक अकाउंट फ्रीज करेंगे। 'मोदी सरकार पर वार करते हुए और लोगों से वोट मांगते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को साउथ दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कहा, 4 जून को बीजेपी की सरकार नहीं बन रही, इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। आम आदमी पार्टी इसका हिस्सा होगी और सबसे पहले हम दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाएंगे। स्कूल, अस्पतालों को ठीक किया और अब कानून व्यवस्था भी ठीक करेंगे। अब दिल्ली में काम करने वाला एलजी लाएंगे। सीएम ने जनता से अपील की कि 25 मई को वोटिंग है। बहुत गर्मी होगी, पसीना आएगा, लाइन में भी लगना पड़ेगा, मगर एक-एक वोट आम आदमी पार्टी को जरूर दें। साउथ दिल्ली में शाम 5 से 8 बजे तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सही राम पहलवान के लिए चुनाव प्रचार किया। बदरपुर, तुगलकाबाद, कालकाजी, संगम विहार, आंबेडकर नगर, छतरपुर विधानसभाओं में सीएम ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सही राम पहलवान के साथ अलग-अलग जनसभाएं कीं।



केजरीवाल ने जनता से अपील की कि 25 मई को वोट जरूर करें

- कहा, BJP की सरकार नहीं बन रही, इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी
- आप सरकार का हिस्सा होगी, हम दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाएंगे
- स्कूलों को ठीक किया, अब कानून व्यवस्था भी ठीक करेंगे

**'चाबी आपके हाथ में'**

सभी जनसभाओं में भारी भीड़ ने सीएम का स्वागत किया। केजरीवाल ने कहा, आज 50 डिग्री तापमान है, इतनी गर्मी है, फिर भी आप अपने घर से निकलकर आए। जेल में आप सबकी बहुत याद आई। यह कर रहे हैं कि केजरीवाल को वापस 2 जून को जेल जानना पड़ेगा। यह आपके हाथ में है। जेल का जवाब, वोट से। चाबी आपके हाथ में। भीड़ से 'आई लव यू' सुनकर सीएम ने 'आई लव यू टु, आई लव यू थ्री, आई लव ये फोर' कहकर माहौल में जोश भर दिया।

**'मैं आ गया हूं, महिलाओं के हजार रुपये शुरू करूंगा':** महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आंबेडकर नगर में कहा, मैं आ गया हूं। आपके हजार-हजार रुपये शुरू करूंगा, जो हर महीने आपको मिलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए कहा, वो कहते हैं कि आपकी फ्री बस यात्रा करके मैंने बहुत गलत है। आपकी फ्री बस यात्रा उन्हें बर्दाश्त नहीं हो रही। उनका बड़प्पन तो इसमें है कि मैंने दिल्ली में आपके लिए फ्री बस की, तो वो देशभर में महिलाओं की फ्री बस कर दें।

संगम विहार में उन्होंने कहा, मैं जेल में यही सोचता था कि मेरा कुसूर क्या है? मैं बहुत छोटा सा आदमी हूं और दो राज्यों में एक छोटी सी पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी तो बहुत बड़े हैं, बहुत ताकतवर है। मेरा कुसूर यही है कि मैंने दिल्ली वालों को स्कूल बना कर दिए, मोहल्ला क्लिनिक खोले, इलाज मुफ्त कर दिए, अच्छे अस्पताल बना दिए, फ्री दवाओं और इलाज का इंतजाम किया! मगर अगर मैंने 500 स्कूल बनाए तो आप 5 हजार स्कूल बनाकर दिखाओ, मैंने 500 मोहल्ला क्लिनिक बनाए, तो आप देशभर में 5 लाख मोहल्ला क्लिनिक बनाओ।

# तिवारी के समर्थन में माधवी ने किया प्रचार

■ विशेष संवाददाता, बुराड़ी

**बीजेपी नेता** माधवी लता जैसे ही मंच पर पहुंची, कार्यकर्ताओं ने नारे लगाने शुरू कर दिए कि माधवी लता को जय श्रीराम, जय श्रीराम। माधवी लता ने भी मंच पर पहुंचते ही अपने चिरपरिचित अंदाज में तीर चलाकर सभा में मौजूद भीड़ में जोश भर दिया। माधवी लता ने कहा कि अभी तो यह तीर चला है, अगर जरूरत पड़ी तो त्रिशूल भी चलाऊंगी। वह बुराड़ी के वेस्ट कमल विहार में सांसद मनोज तिवारी के लिए वोट मांगने आई पहुंची थी।

हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी के सामने बीजेपी उम्मीदवार माधवी बीजेपी प्रत्याशी मनोज तिवारी से पहले सभा में पहुंच गई। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं माधवी तीर चलाती है, हम कहते हैं कि हम मां दुर्गा का त्रिशूल भी चलाएंगे। मनोज तिवारी के सामने जो चुनाव लड़ रहे हैं, उनका नाम कन्हैया है। लेकिन कारनामे क्रूर हैं। उन्होंने हाल में राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खुद उत्पीड़न करने वाले को बचाने के लिए सड़क पर आ गए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग भोले होते हैं। वे पूरे देश में आईएएस बनकर आईपीएस बनकर देश की सेवा करते हैं, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में केजरीवाल ने ऐसे भोले-भाले लोगों के साथ छल किया है।



बुराड़ी के वेस्ट कमल विहार में मनोज तिवारी के लिए वोट मांगे

- कन्हैया पर प्रहार करते हुए कहा, नाम कन्हैया, कारनामे क्रूर हैं
- स्वाति मामले का जिक्र करते हुए कहा, CM खुद उत्पीड़न करने वाले को बचा रहे
- पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, मैं पीएम नरेंद्र मोदी का सिपाही हूं

माधवी लता ने कहा कि कीचड़ और नारकीय जीवन जी रहे लोगों के बीच केजरीवाल को दो दिन रहना चाहिए। तब उन्हें पता लगेगा कि यह जीवन कैसे जी रहे हैं। अगर मनोज तिवारी जीवन स्तर को सुधारना चाहते हैं तो केजरीवाल विकास कार्यों में टांग अड़ाते हैं। बुराड़ी के लोग कीचड़ और कूड़े के देर के बीच रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कीचड़ में कमल खिलता है तो पूजा में भगवान के चरणों में अर्पित होता है। इसलिए दिल्ली की डबल इंजन सरकार बनाकर अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए आगे बढ़ो 2024 में मोदी सरकार और 2025 में बीजेपी सरकार बनाए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिपाही हूं। जो लोग कहते हैं कि हम हिंदू-मुस्लिम की बात करते हैं। पूछना चाहता हूं कि आखिर हमारे मनोज तिवारी ने कोई जहांगीरपुरी में कहीं आग लगाई? जवाब है नहीं लगाई, लेकिन जिन्होंने आग लगाई वह एक विशेष सोच के लोग हैं। अगर देनी हैं तो मुझे 100 गालियां देना, लेकिन अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना कि आखिर इसका इलाज क्या है। हम एकजुट होकर वोट की ताकत का इस्तेमाल करें और सनातनी संस्कृति को विजय दिलाएं।


Govt. of NCT of Delhi

**DELHI PHARMACEUTICAL SCIENCE & RESEARCH UNIVERSITY (DPSRU)**

**(Incorporating DIPSAR as The Constituent Institute of the DPSRU)**
**(The First Pharmacy University established under the Delhi Act 07 of 2008)**
**DIPSAR Campus, M.B. Raod Pushp Vihar Sec.-III, New Delhi-110017**

**ADMISSIONS NOTIFICATION**
**(Academic Year 2024-25)**

Delhi Pharmaceutical Sciences and Research University (DPSRU) is a premier institute of Govt. of NCT of Delhi offering education in the field of Pharmacy and various Allied health Sciences. DPSRU is the first University of India in Pharmaceutical Education. The University is approved by UGC under section 2f of UGC Act. The Alumni of the University are serving at various high level positions in India and abroad in catering the health care needs.
The admissions for various Under Graduate and Post Graduate programmes for the academic year 2024-25 will be starting from 5th May onwards. The Admission brochure can be downloaded from the University website **(www.dpsru.edu.in).** The applications process and the submission of the application is online and the admission process is offline. The details regarding last date of application to various the courses and the eligibility criteria are given in the brochure.
The Various programmes offered by the University are listed as under:

| UG PROGRAMS OFFERED IN PHARMACEUTICAL SCIENCES AND ALLIED HEALTH SCIENCES | PG PROGRAMS OFFERED IN PHARMACEUTICAL SCIENCES AND ALLIED HEALTH SCIENCES |
|---|---|
| ● D. Pharm.<br>● B. Pharm.<br>● B. Pharm. (Ayurveda) **(not approved by any statutory agency)**<br>● B. Pharm. (Lateral entry)<br>● BPT<br>● DMLT<br>● BMLT<br>● BBA (Health Care)<br>● B.Sc. (Bio medical sciences)<br>● B.Sc. (Sports Science) | ● M. Pharm. in Pharmaceutical Chemistry<br>● M. Pharm. in Pharmaceutics<br>● M. Pharm. in Pharmacology<br>● M. Pharm. in Quality Assurance<br>● M. Pharm. in Drug Regulatory Affairs **(not approved by PCI)**<br>● M. Pharm. in Industrial Pharmacy<br>● M. Pharm. in Pharmaceutical Analysis<br>● M. Pharm. in Pharmaceutical Biotechnology **(not approved by PCI)**<br>● M. Pharm. in Pharmacognosy & Phytochemistry<br>● MPT (Sports Medicine)<br>● MPT (Cardiovascular and Pulmonary)<br>● MPT (Paediatrics)<br>● MBA-International Trade Management (MBA- ITM)<br>● MBA-Pharmaceutical Management (MBA-PM)<br>● Masters in Public Health (MPH)<br>● MBA-Healthcare & Hospital Management (MBA-HHM)<br>● M. Sc. Artificial Intelligence in Medicine<br>● Executive M. Pharm (Drug Regulatory Science)* **(not approved by PCI)** |
| *Admission to UG programs will be on merit basis of the qualifying exam* | *Subject to the Approval<br>*Admission to PG programs will be through CUET for (MBA)/GPAT for (M.Pharm)* |

**For more information:**
**Website: www.dpsru.edu.in**
**Website link: https://dpsru.edu.in/admissions**
**Email ID: admissions@dpsru.edu.in**
**Contact Number: 01129552039, 01129552060**

S/d
**Registrar, DPSRU**

DIP/Shabdarth/Classified/0063/24-25


# आज नड्डा, शाह और योगी भी उतरेंगे प्रचार करने

■ **विस, नई दिल्ली:** बीजेपी का चुनाव प्रचार आज से और तेजी पकड़ने वाला है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली के बाद सोमवार को पार्टी के तीन वरिष्ठ नेता भी दिल्ली में चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा मालवीय नगर मे रोडशो करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संगम विहार इलाके में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके अलावा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ईस्ट दिल्ली के कोंडली इलाके में पब्लिक मीटिंग में शामिल होंगे। खास बात यह है कि ईस्ट दिल्ली से बीजेपी उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे आप कैंडिडेट कुलदीप कुमार कोंडली के विधायक भी है। ऐसे में योगी सीधे उनके निर्वाचन क्षेत्र में जाकर चुनौती देंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि जे.पी. नड्डा मंगलवार को पालम इलाके में भी एक रोडशो करेंगे। वहीं, मंगलवार को अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की भी कुछ जनसभाएं और रोडशो आयोजित होने की संभावना है। इसके लिए शेड्यूल फाइनल किया जा रहा है। उसके बाद 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और रैली पश्चिमी दिल्ली के द्वारका इलाके में होगी। इसमें वह वेस्ट, नॉर्थ-वेस्ट, साउथ और नई दिल्ली से बीजेपी उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

**अमित शाह संगम विहार में जनसभा को संबोधित करेंगे**



अयोध्या की रामलीला के कलाकारों ने राम-सीता और हनुमान की वेशभूषा में संडे को कनॉट प्लेस में चुनाव प्रचार किया और लोगों से बीजेपी को वोट देने की अपील की



बांसुरी, खंडेलवाल और कमलजीत के समर्थन जनसभाओं को संबोधित किया

## धामी ने किया चुनाव प्रचार

■ **विस, नई दिल्ली:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बीजेपी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज, प्रवीण खंडेलवाल और कमलजीत सहरावत के समर्थन जनसभाओं को संबोधित किया। धामी ने कहा कि दिल्ली में जिस प्रकार की ऊर्जा लोगों में देखने को मिली है, उसे देखने के बाद मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं हो रहा है कि सातों सीटों पर बीजेपी प्रत्याशियों की जीत तय है। उन्होंने प्रगति मैदान के रीडिवेलपमेंट, भारत मंडपम्, यशोभूमि, प्रधानमंत्री म्यूजियम, यूईआर-2 और कर्तव्य पथ के निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 10 सालों में विकास की नई परिभाषा गढ़ी और दिल्ली को एक नया स्वरूप दिया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह घमंडिया गठबंधन है, जिसमें शामिल आम आदमी पार्टी कभी कांग्रेस के भ्रष्टाचार को सीढ़ी बनाकर राजनीति में आई थी और आज उसने भ्रष्टाचार में कांग्रेस को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली में इन दोनों का गठबंधन है, वहीं पंजाब में एक-दूसरे को गालियां दे रहे हैं।

# टाउन हॉल मीटिंग में एजुकेशन के मुद्दे पर बात की

■ **विस, नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडियन नैशनल टीचर्स कांग्रेस (इंटेक) ने डीयू में एक टाउन हॉल मीट का आयोजन किया। इसमें दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और JNU के प्रोफेसर आनंद कुमार के अलावा DU के कॉलेजों के टीचर्स और यूनिवर्सिटी के फैक्ल्टी मेंबर्स भी शामिल हुए। मीटिंग में NEP 2020 के खतरे, आठवें वेतन आयोग की घोषणा में देरी, पुरानी पेंशन योजना की बहाली की जरूरत, शिक्षण संस्थानों को वित्तीय सहायता में कमी, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में कर्मचारियों के वेतन में देरी, शिक्षकों की पदोन्नति में देरी, संविदा कर्मचारियों की चिंताएं और शैक्षणिक स्वतंत्रता पर सरकारी हमले जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।



आनंद कुमार के अलावा DU के टीचर्स और फैक्ल्टी मेंबर्स भी मीटिंग में शामिल हुए

देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सरकारी कर्मचारियों के हित में काम करती रही है और आगे भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेगी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम जागरूक नागरिक के रूप में उन नीतियों पर चर्चा करें, जो सभी हितधारकों, खासकर समाज के आर्थिक रूप से वंचित वर्गों और सरकार द्वारा वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों के हितों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ऐसी कई नीतियां लाई हैं जो शिक्षा के निजीकरण और व्यवसायीकरण को बढ़ावा देती है। नतीजन, देश में प्राइवेट यूनिवर्सिटीज की तादाद तेजी से बढ़ रही है।


**TIMES TRIBUTE**
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesgroup.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



**DR. K.P. KAMPANI**

2 years have gone by DADDY....
Remembering you is easy, we do it every day. Missing you is a heart-ache that never goes away. Love you DAD.
Geetika-Vishal, Sujata,Mini-Mukesh, Neelu-Sunil All Grand and Great Grand Children.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

SPACE FOR PHOTO 2x3 cms
In loving memory of Sh. .................. (dd/mm/yyyy-dd/mm/yyyy) You left us on this day 3 years ago but will always live on in our hearts. Deeply missed by ......... and .................
Text here ... text here ... Text here ... text here ...

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
**Vinod : 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

शोक सन्देश

पुण्यतिथि

तृतीय पुण्यतिथि
20.05.2021



**श्रीमती पिंकी जैन**
धर्मपत्नी श्री संजीव कुमार जैन
(सुजतीवाले प्रधान जी)

तृतीय पुण्यतिथि पर आपकी मधुर स्मृति में हम सभी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।

स्नेह
डा० अनमोल जैन (बेटा)
मधुर जैन (बेटा)
सृष्टि जैन (पुत्रवधू)
**Anmol Chemical Industry**
Gali No.15, Gulab Vatika
Loni Ghaziabad # 9212148459

To place an Obituary announcement or Remembrance ad
**Call : Vinod : 9958992088**

**TIMES TRIBUTES**
RATE CARD

*Rates effective 5th June 2019*

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.


**To place an Obituary announcement or Remembrance message please call**
**Vinod: 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

**To place an Obituary announcement or Remembrance ad**
Call - Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727
Scan QR Code


# निर्वाचन आयोग की अपील- युवा, बुज़ुर्ग सभी करें वोट

■ **विस, नई दिल्ली:** वेस्ट दिल्ली में 'एक शाम मतदान के नाम' के साथ निर्वाचन आयोग ने दिल्लीवालों को 25 मई को वोट डालने के लिए जागरूक किया। 'स्वीप' के तहत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शिवाजी कॉलेज, राजा गार्डन में हुए इस कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने कहा कि युवा मतदाता न सिर्फ चुनाव परिणामों को प्रभावित करते हैं बल्कि देश की नीति और राजनीति को नया आकार देते हैं। विशेष रूप से नए मतदाताओं के पास मतदान से अपने विचारों को प्रस्तुत करने का यह सुनहरा मौका है।

पी. कृष्णमूर्ति ने शहरी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और महानगरीय क्षेत्रों के बीच मतदान की दरों में बड़ा अंतर आया और दिल्ली का मतदान प्रतिशत 2014 में 65% से घटकर 2019 में 60% रह गया।



पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के 2 लाख 50 हजार पंजीकरण की उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि यह कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को शामिल करने के लिए चुनाव कार्यालय के प्रयास का नतीजा है। कृष्णमूर्ति ने वरिष्ठ नागरिकों के उत्साह पर कहा कि हमने 85 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा दी है और जो लोग मतदान केंद्र पर आना चाहते हैं, उनके लिए पिक-ड्रॉप सेवाएं दे रहे हैं।

**जागरूकता के लिए राजा गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन**

# सब करें मतदान, स्कूली बच्चों ने किया 16 लाख को जागरूक

■ **विस, नई दिल्ली:** चुनाव में भागीदारी को बढ़ावा देने के मकसद से दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय अपने 'संकल्प पत्र पहल' के जरिए 16 लाख पैरेंट्स तक पहुंचा है। दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद सहित दिल्ली के सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स की मदद से चुनाव कार्यालय तक लगभग 16 लाख संकल्प पत्र माता-पिता के हस्ताक्षर के साथ लिए हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने इन सभी अभिभावकों से 25 मई को मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है।



# नजफगढ़ ज़ोन में मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन



■ **विस, नई दिल्ली :** एमसीडी ने मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने और आगामी लोकसभा चुनावों में भागीदारी बढ़ाने के लिए पांच किलोमीटर के मैराथन का आयोजन किया। इसे 'रन फॉर डेमोक्रेसी' नाम दिया गया था। नजफगढ़ जोन में द्वारका के वेगस मॉल से मैराथन शुरू हुई और अलग-अलग जगहों से होती हुई वापस यहीं पहुंचकर समाप्त हुई। महिला वर्ग में सारिका यादव और पुरुष वर्ग में शेखर को मैराथन का विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में न केवल मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया, बल्कि प्रतिभागियों के बीच फिटनेस की भावना को भी बढ़ावा दिया गया।

**एमसीडी ने किया 'रन फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन**

# नैतिक शिक्षण शिविर शुरू

■ **नप्र, नई दिल्ली :** दिगंबर जैन नैतिक शिक्षा समिति ने बच्चों के प्रथम चरण के साप्ताहिक नैतिक शिक्षण शिविर दिगंबर जैन मंदिर बैंक एन्क्लेव, केशवपुरम, खोड़ा कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, फरीदाबाद सेक्टर-10 व गुलाब वाटिका गली -10 में ध्वजारोहण व सामूहिक प्रार्थना के साथ शुरू किए। दिगंबर जैन मंदिर, न्यू उस्मानपुर में आचार्य सुबलसागरजी ससंघ के सान्निध्य में तीन रथों की भव्य रथयात्रा निकाली गई। सामाजिक कार्यकर्ता परिषद ने जैन भवन गोल मार्केट में अपने 59वें वार्षिक समारोह में एक हजार छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी वितरित की। समारोह में आचार्य डॉ. लोकेश मुनि व सत्यनारायण जटिया भी मौजूद थे। श्री वैष्णो दरबार, नीलम माता मंदिर, मयूर विहार फेज-दो सत्संग में पंडित नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि लक्ष्य से आधे रास्ते तक जाकर वापस न लौटें, क्योंकि लौटने में भी तो आधा रास्ता पार करना पड़ेगा।

बोलेगा नवभारत

दिल्ली वोटर लिस्ट में नाम चेक करने के लिए आप चुनाव आयोग की SMS सर्विस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए ' EPIC <space>voter ID टाइप करने के बाद 7738299899 नंबर पर SMS भेजना है।

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 20 मई 2024
www.nbt.in

# केजरीवाल का दावा, AAP को खत्म करने के लिए BJP ने शुरू किया है 'ऑपरेशन झाड़ू'

## BJP मुख्यालय पर आप ने रविवार को किया प्रोटेस्ट

Photos: Surender Kumar, PTI



रविवार को BJP मुख्यालय पर प्रोटेस्ट करने से पहले आप के दफ्तर में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री अरविंद** केजरीवाल ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए BJP ने अब 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। इसके तहत पहले ये हमारे सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार करेंगे, उसके बाद हमारे बैंक अकाउंट सीज करेंगे और फिर हमारा दफ्तर खाली करवाकर हमें सड़क पर ले आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को लगता है कि ऐसा करके वह आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं होगा, क्योंकि आम आदमी पार्टी केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार और सोच है, जो अब पूरे देश में फैल चुकी है। यह देश के 140 करोड़ लोगों के सपने की पार्टी है। आप एक केजरीवाल को गिरफ्तार करोगे तो भारत मां की कोख से सैकड़ों, हजारों केजरीवाल और पैदा हो जाएंगे।

रविवार को BJP मुख्यालय पर प्रोटेस्ट करने से पहले आप के दफ्तर में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री को डर है कि भविष्य में आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर और देश के कई राज्यों में BJP के लिए एक बड़ी चुनौती बनने जा रही है। इसे देखते हुए उन्होंने पार्टी को खत्म करने के लिए अब 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे बहुत से लोग हैं जो प्रधानमंत्री से मिलते हैं और हमें भी जानते हैं, ऐसे ही लोगों के जरिए हमें यह बात पता चली। केजरीवाल के संबोधन के दौरान मंच पर पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, एन.डी. गुप्ता और संदीप पाठक के अलावा दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, आतिशी और इमरान हुसैन के साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता भी मौजूद थे।

> " प्रधानमंत्री को लगता है कि ऐसा करके वह आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं होगा, क्योंकि आम आदमी पार्टी केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार और सोच है, जो अब पूरे देश में फैल चुकी है। *–अरविंद केजरीवाल, सीएम*

केजरीवाल ने कहा कि हमने सरकारी स्कूल और अस्पताल अच्छे कर दिए, बिजली-पानी फ्री कर दिया और अब हम महिलाओं को एक हजार रुपये महीना देने जा रहे हैं। हमने जिस तरह के काम दिल्ली और पंजाब में किए हैं, ऐसे काम पिछले 75 साल में देश के लोगों ने कभी नहीं देखे थे। हमने दिखाया कि सरकारें ईमानदारी से भी चल सकती हैं। हमने आम आदमी के सपनों को पूरा किया। यही बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी से देखी नहीं जा रही है। उन्होंने शराब घोटाले को पूरी तरह फर्जी केस करार देते हुए कहा कि जबसे हम सत्ता में आए हैं, तभी से मुझ पर और हमारे नेताओं पर कई आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन एक भी आरोप हम पर चिपक नहीं रहा है, क्योंकि आम आदमी पार्टी का हर एक नेता अग्नि परीक्षा देकर आया है। यहां अगर कोई गलत करता है, तो हम खुद ही उसे निकाल देते हैं।

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले खुद को 'खालिस्तानी' और 'आतंकवादी' कहे जाने का भी कड़ा विरोध करते हुए केजरीवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की मुंह से ऐसी बातें सुनकर हमें दया आती है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि दिल्ली के बाद पंजाब में भी लोकसभा का चुनाव होने वाला है। ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं, इसलिए आने वाले दिनों में आपको सतर्क रहना होगा।

## पुलिस ने AAP को रोका, आधे घंटे दिया धरना

■ **विस, नई दिल्ली:** सीएम केजरीवाल ने ऐलान किया था कि वह अपने सभी नेताओं के साथ बीजेपी दफ्तर पर जाकर गिरफ्तारी देंगे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें आप दफ्तर के पास ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इसके बाद केजरीवाल और पार्टी के तमाम नेता वहीं धरने पर बैठ गए और आधे घंटे बाद वहां से लौट गए। कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद किसी को गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने की नौबत नहीं आई और विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

दिल्ली पुलिस ने सुबह 10 बजे से ही बीजेपी मुख्यालय के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी थी। सुबह 11 बजे के करीब आईटीओ मेट्रो स्टेशन भी बंद करवा दिया गया। हालांकि, डीडीयू मार्ग पर सुबह 11:30 बजे तक ट्रैफिक चलता रहा। जब सीएम के आने का समय हुआ, तभी ट्रैफिक रोका गया। बीजेपी दफ्तर की तरफ जाने के सभी रास्ते बैरिकेड लगाकर ब्लॉक कर दिए गए। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया, जिनमें दिल्ली पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां भी तैनात थीं। जॉइंट कमिश्नर और डीसीपी के अलावा कई सीनियर पुलिस अफसर खुद मौके पर तैनात थे। बड़ी संख्या में महिला पुलिस फोर्स भी बुलाई गई थी। वॉटर कैनन, टियर गैस, अनाउंसमेंट सिस्टम और बसों का इंतजाम भी किया गया था। पुलिस ने इलाके में धारा 144 लगाकर धरने को अवैध भी घोषित कर दिया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता प्रोटेस्ट में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए।

केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सब लोग शांति से बीजेपी मुख्यालय की ओर चलेंगे। जहां पुलिस रोकेगी, हम वहीं रुक जाएंगे और सड़क पर बैठ जाएंगे। आधा घंटा वहीं बैठकर इंतजार करेंगे। अगर पुलिस हमें गिरफ्तार कर लेती है तो ठीक और अगर हमें गिरफ्तार नहीं करते हैं, तो फिर ये बीजेपी की हार होगी। कड़ी धूप में करीब आधे घंटे तक 'आप' नेताओं ने धरना दिया।



किए गए थे कड़े सुरक्षा इंतज़ाम, शांतिपूर्ण तरीके से खत्म हुआ प्रदर्शन



दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद आप के विरोध-प्रदर्शन पर पलटवार किया

## CM बताएं, मालीवाल केस में BJP कहां : सचदेवा

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**स्वाति मालीवाल** के साथ बदसलूकी के मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के विरोध-प्रदर्शन और केजरीवाल की बयानबाजी पर बीजेपी ने पलटवार किया है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनके प्रवक्ता बार-बार स्वाति मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार में बीजेपी का हाथ बता रहे हैं। स्वाति आप की सांसद हैं। घटना सीएम अवास में हुई है। आरोपी सीएम के निजी सचिव बिभव कुमार हैं। इस पूरे मामले की पुष्टि खुद आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने की है, तो फिर केजरीवाल बताएं कि इस पूरे मामले में बीजेपी उन्हें कहां दिख रही है?

**कहा, स्वाति के साथ हुई घटना के इकलौते जिम्मेदार केजरीवाल**

सचदेवा ने कहा कि असल में दिक्कत यह है कि जो भी व्यक्ति अरविंद केजरीवाल के सामने थोड़ा सा भी सच बोलता है या उन्हें आईना दिखाने की कोशिश करता है, उसे वह बीजेपी का एजेंट बता देते हैं। सचाई यह है कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना के इकलौते जिम्मेदार अरविंद केजरीवाल हैं। जिन महंगे वकीलों पर वह दिल्ली सरकार के खजाने से करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, उन्हें राज्यसभा में भेजने के लिए स्वाति मालीवाल को लेकर यह पूरी नौटंकी हो रही है।

बिभव कुमार की गिरफ्तारी से भी केजरीवाल इसलिए डरे हुए हैं, क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और उनके सभी कारनामों के राजदार बिभव कुमार हैं। उसी के चलते केजरीवाल को स्वाति मालिवाल के साथ हुई घटना से उतना डर नहीं है, जितना बिभव कुमार का डर सता रहा है।

आम आदमी पार्टी के विरोध-प्रदर्शन को नौटंकी करार देते हुए सचदेवा ने कहा कि जिस स्वाति मालीवाल को कुछ दिन पहले तक केजरीवाल 'झांसी की रानी' बुलाते रहे, उनके साथ हुए दुर्व्यवहार पर आज वह एक शब्द भी नहीं बोल रहे। उल्टे उन्हें अपने सहयोगी बिभव कुमार की गिरफ्तारी का दुख है। इसे लेकर वह सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करने को भी तैयार हैं। आम आदमी पार्टी का इससे ज्यादा पतन और क्या होगा।

## चांदनी चौक को हेरिटेज हब बनाना पहली प्राथमिकता : जेपी अग्रवाल

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**'चांदनी चौक** संसदीय क्षेत्र सिर्फ चुनावी लोकसभा क्षेत्र नहीं है, यह एक ऐतिहासिक विरासत है। इसमें दिल्ली का इतिहास बसता है। चुनाव जीतने के बाद मेरी प्राथमिकता चांदनी चौक को हेरिटेज हब बनाने की होगी।' यह बात चांदनी चौक से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के साझा प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने कही। उन्होंने चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना विजन घोषणा पत्र रविवार को जारी किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चतर सिंह, नगर निगम में नेता जितेंद्र कुमार कोचर और व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता भी मौजूद रहे। जयप्रकाश ने कहा कि चांदनी चौक का समय के साथ विस्तार होता गया। इसके साथ ही समस्याएं भी बढ़ती गईं। उनकी प्राथमिकता चांदनी चौक को विश्वस्तरीय पहचान दिलवाने और पर्यटन को बढ़ावा देने की रहेगी। उन्होंने कहा कि यहां हर साल ग्लोबल फूड फेस्टिवल होगा। इसके अलावा करीब 100 साल पुराने रोशनारा क्लब को खुलवाने और लोगों को रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।



जारी किया अपना विजन घोषणापत्र

**विज़न घोषणापत्र**

- यमुना के घाटों और रिवर फ्रंट को विकसित करके पर्यटन स्थल तैयार करना
- ट्रैफिक प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना, पुरानी मार्केट और मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करना
- डीडीए की खाली जमीन का जनहित में विकसित करवाना
- सभी औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करवाना जिनमें सड़कों का निर्माण, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, पार्किंग स्थल आदि प्रमुख है।
- 100 गज तक के मकानों को गृहकर से मुक्त करवाना

## AAP उम्मीदवार कुलदीप ने निकाली साइकल रैली




■ **विस, नई दिल्ली :** पिछले हफ्ते नई दिल्ली से 'आप' उम्मीदवार सोमनाथ भारती के बाद रविवार को पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप कुमार के समर्थन में भी साइकल रैली निकाली गई। 'जेल का जवाब वोट से साइक्लॉथन' की अगुवाई कुलदीप ने ही की। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की तस्वीर छपी पीली टी-शर्ट पहने समर्थकों के साथ साइकल चलाई और लोगों से इंडिया गठबंधन और आप के लिए वोट देने की अपील की। मयूर विहार फेज-2 के इस्कॉन मंदिर से निकाली गई इस रैली के दौरान कुलदीप ने खासतौर से पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को याद किया। यह इलाका सिसोदिया के निर्वाचन क्षेत्र में ही आता है, लेकिन जेल में होने की वजह से सिसोदिया चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

## मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी है BJP: अनिल

■ **विस, नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि लोकसभा चुनाव में BJP और उनके नेता जनता के असली मुद्दों से बचकर ध्यान भटकाने और भ्रमित करके असली मुद्दों से बच रही है। उन्होंने कहा कि आज आम जनमानस से जुड़े रोटी, कपड़ा, मकान और रोजगार जैसे मुद्दों के अलावा दिल्ली में पर्यावरण, बिगड़ते प्रदूषण, बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, कानून व्यवस्था पर कांग्रेस केंद्र सरकार से लगातार जवाब मांग रही है।

भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस पूछना चाहती है कि दिल्ली के सात सांसदों का रिकॉर्ड ठीक नहीं रहा। इस कारण BJP ने 6 सांसदों के टिकट काटकर उम्मीदवार बदल दिए।

# दिल्ली के सीनियर सिटिजंस की सबसे बड़ी डिमांड, बचत और पेंशन पर नहीं लगे टैक्स

## वरिष्ठ नागरिकों के मेनिफेस्टो में सेहत और इंश्योरेंस को भी मिली तवज्जो

■ **दिल्ली में** इस शनिवार को लोकसभा चुनावों के लिए वोटिंग होनी है। ऐसे में हम लोगों की आवाज उठाने के लिए उनका मेनिफेस्टो तैयार कर रहे हैं। यूथ, RWA, ट्रेडर्स और महिलाओं की बात रखने के बाद इस बार हम सीनियर सिटिजंस का मेनिफेस्टो लेकर आए हैं। इस दौरान टीम NBT ने अलग-अलग तबकों के वरिष्ठ नागरिकों के कई समूहों के साथ संवाद किया और एक ऑनलाइन सर्वे के जरिए भी उनके मुद्दे जानने की कोशिश की। सीनियर सिटिजंस का मेनिफेस्टो तैयार करके हमने जाना कि इन लोकसभा चुनावों में सीनियर सिटिजंस के लिए सबसे बड़े मुद्दे क्या हैं?

**पेंशन और बचत पर टैक्स से छूट दे दी जाए तो जीवन आसान होगा**

**सस्ता मेडिकल इंश्योरेंस और इलाज देने की हो कोशिश**

### टैक्स से मिले छूट


ज्यादातर वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि सीनियर सिटिजन की बचत और पेंशन पर टैक्स नहीं लिया जाना चाहिए। उनका कहना था की उम्र भर टैक्स देने के बाद इस उम्र में जाकर उनके पास अपनी जमा पूंजी और पेंशन के सहारे ही जीवन को चलाने की चुनौती होती है। इस पर भी उन्हें टैक्स देना पड़ता है। अगर उनकी पेंशन और बचत पर लगने वाले टैक्स से छूट दे दी जाए तो इससे उनका जीवन सरल हो जाएगा। यहीं मांग मेनिफेस्टो का सबसे बड़ा मुद्दा उभर कर आई।

### खुल कर रखी अपनी बात

सबसे ज्यादा 36 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का कहना था कि सीनियर सिटिजन की बचत और पेंशन पर टैक्स न लिया जाए। इसके बाद लोगों ने सबसे ज्यादा तरजीह अपनी सेहत से जुड़े मसलों को दी। सर्वे में 31 प्रतिशत की मांग है कि बुजुर्गों को सस्ता मेडिकल इंश्योरेंस और सस्ता इलाज नजदीकी अस्पताल में मिले। उनका कहना था कि सीनियर सिटिजंस का बड़ा खर्च बीमारी और दवाइयों में हो जाता है। उनके लिए मेडिकल इंश्योरेंस लेना भी बहुत महंगा पड़ता है। ऐसे में उन्हें आसानी से सस्ता मेडिकल इंश्योरेंस और सस्ता इलाज उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए।

सर्व के दौरान 14 प्रतिशत लोगों ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करते समय इसकी प्लानिंग हो कि बुजुर्ग वहां तक कैसे पहुंचेंगे। देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार और विकास हो रहा है। कई बार देखने को मिलता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करते समय सीनियर सिटिजन की जरूरतों पर ध्यान दिया जाता। 13 प्रतिशत ने मांग उठाई कि रेलवे रिजर्वेशन में मिलने वाला सीनियर सिटिजन कंसेशन दोबारा शुरू हो। उनका कहना है कि कोरोना काल में यह सुविधा बंद कर दी गई थी, जिसे दोबारा शुरू नहीं किया गया है। सर्वे में महज 6 प्रतिशत ने कहा कि अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सुरक्षा और सोशल सिक्योरिटी पर ध्यान दिया जाए।

AI Image




### और भी हैं मुद्दे

इसके अलावा सीनियर सिटिजन ने और भी मुद्दे उठाए। उनका कहना था कि दिल्ली में तो कई पुरानी सोसायटीज में बुजुर्गों के आराम के लिए लिफ्ट लगवाना भी चुनौती बन जाता है। इस मुद्दे पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। उनकी सुरक्षा भी अहम है। कुछ लोगों ने कहा कि सड़कों की खराब हालत, पार्कों में मेंटिनेंस नहीं होने से सीनियर सिटिजंस को काफी दिक्कत होती है। दिल्ली में कई कम्युनिटी सेंटर हैं। इनके कमरे सालों तक बंद पड़े रहते हैं। इनमें से एक कमरा सीनियर सिटिजंस के ग्रुप को अलॉट कर दिया जाए। इस जगह को वह रीक्रिएशनल सेंटर की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

सीनियर सिटिजंस का एक बड़ा वर्ग कहता है कि वह अपनी पूरी सर्विस में सरकार को टैक्स देते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद सभी को पेंशन नहीं मिलती। इससे बहुत से लोगों के लिए काफी मुश्किल होती हैं। उनका कहना है कि बुजुर्गों की रोज की जिंदगी को आसान बनाने की कोशिश की जानी चाहिए। इससे पूरे समाज को फायदा होगा।

> " हर पार्क में शौचालय की सुविधा हो। एक शेड भी हो, जहां बुजुर्गों के लिए बैठने की सुविधा हो। *– सुखराम मंडोवरा*

> " वरिष्ठजनों को अधिक देर इंतजार न कराया जाए। बैंकों और डाकघरों में उनके काम तुरंत किए जाएं। *– विनोद गुप्ता*

> " पूरे देश के बुजुर्गों का डेटाबेस सरकार को रखना चाहिए, ताकि उनके स्किल का उपयोग कर सकें। *– विजय गणेश पुजारी*

> " दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण बड़ी समस्या है। इससे बुजुर्गों की सेहत पर बहुत खराब असर पड़ रहा है। *– प्रेम*

> " पूरी फिटनेस, योग और सामाजिक गतिविधियों के लिए हर सोसायटी में सामुदायिक केंद्र होना चाहिए। *– कुलदीप शर्मा*

## हर्ष रोज़ाना मंदिर में मत्था टेक शुरू करते हैं प्रचार

### पूर्वी दिल्ली से BJP प्रत्याशी ने मयूर विहार फेज़ 3 के पार्क में की लोगों से मुलाकात

Abhishek.Gautam1@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** रविवार की सुबह चटक धूप की दस्तक के बीच लोगों में जोश का पारा हाई था। कोई योग कर रहा था तो काई रनिंग। बच्चे खेलकूद में लगे थे। तभी एक आवाज सुनाई दी कि आपके बीच पूर्वी दिल्ली से बीजेपी प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा पहुंच गए हैं। यह नजारा था मयूर विहार फेज 3 स्थित स्मृति पार्क का। हर्ष मल्होत्रा ने सभी से मुलाकात कर मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांगा। हालांकि, कुछ महिलाओं ने उनसे पेंशन की मांग की। तो वहां खेल रहे बच्चों ने भी पार्क में वॉटर कूलर, बैडमिंटन कोर्ट बनाने की मांग कर डाली। इस पर उन्होंने कहा कि वह जीतते ही यह काम जरूर करवाएंगे।

**हर्ष ने बताया, इन दिनों केवल तीन से चार घंटे ही सोता हूं**

हर्ष मल्होत्रा बताते हैं, 'इस समय रात और दिन सब बराबर हैं। केवल तीन से चार घंटे ही सोता हूं। सुबह पांच बजे उठता हूं। पूजा करके घर के सामने बने शिव मंदिर में मत्था टेक कर प्रचार शुरू कर देता हूं।' उन्होंने आगे बताया कि रविवार को वह सुबह करीब साढ़े छह बजे खाली पेट ही प्रचार के लिए मयूर विहार फेज 3 स्थित पार्क पहुंचे। लोगों से वोट मांगते वक्त हर्ष मल्होत्रा ने बैडमिंटन खेल बच्चों में जोश भरा। युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उनके साथ सेल्फी ली। हर्ष ने बताया कि इस गर्मी में केवल नींबू पानी, नारियल पानी के सहारे प्रचार कर रहा हूं। हालांकि, घर से खाना आता है, जिसे दोपहर में खाता हूं। हर्ष मल्होत्रा के परिवार के सदस्य कमल बताते हैं कि रविवार को वह बिना खाए ही प्रचार के लिए निकल आए। हालांकि, जूस और नारियल पानी रखा गया, लेकिन 9 बजे तक उन्होंने कुछ नहीं खाया था। इसी बीच वह एजीसीए एनक्लेव पहुंचे। यहां उन्हें भूख लगी। उन्होंने मंच पर बैठकर पूड़ी खाई। हर्ष मल्होत्रा बताते हैं कि करीब दो महीने बाद उन्होंने पूड़ी खाई है, जिससे उन्हें काफी अच्छा महसूस हुआ। उसके बाद लोगों की भीड़ इकठ्ठा होने लगी। यहां उन्होंने कहा कि देश को सुरक्षित रखने और विकसित भारत बनाने के लिए मोदी जी को वोट करें। उनके स्वागत में महिलाओं ने गीत और कविता भी पढ़ी।


**भरा जोश:** लोगों से वोट मांगते वक्त हर्ष मल्होत्रा ने पार्क में बैडमिंटन खेलकर बच्चों में जोश भरा

करीब 10 बजे हर्ष चित्रा विहार कॉलोनी पहुंचे, जहां दुर्गा मंदिर पर जुटे लोगों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद वह मंदिर में पूजा करने गए, जहां लोगों ने उनकी जीत के लिए प्रार्थना की। उसके बाद वह स्वास्थ्य विहार पहुंचे। यहां छह सोसायटी की आरडब्ल्यूए ने उनका स्वागत किया। वहीं, इस मौके पर हर्ष मल्होत्रा ने केजरीवाल, कन्हैया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में सीएम ऑफिस में जब महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं तो दिल्ली की महिलाओं की रक्षा कैसे होगी। इसलिए देश को आतंक और देश की सीमा की रखवाली के लिए फिर से नरेंद्र मोदी को वोट करें।

**एक दिन प्रत्याशी के साथ**

## 'साढ़े 6 बजे से रात 12 बजे तक घर से बाहर रहते हैं'

### उत्तरी-पश्चिमी सीट से BJP कैंडिडेट योगेंद्र दिनभर प्रचार में रहते हैं बिजी

■ राजेश पोद्दार, रोहिणी

**रविवार का** दिन और वक्त था सुबह 7 बजे का। रोहिणी, सेक्टर 14 स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। लड़के क्रिकेट खेल रहे थे, तो बुजुर्ग और अन्य योग कर रहे थे। तभी पार्क में उत्तरी-पश्चिमी लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। लोगों से हाल-चाल पूछा और 25 मई को उन्हें वोट देने की अपील की। इसी दौरान विधायक विजेंद्र गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता और रोहिणी के कई पार्षद भी पार्क में आ गए। इसके बाद पार्क के बाहर फल और जूस बेच रहे दुकानदारों से सभी ने समर्थन मांगा। इससे पहले एनबीटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह 6:30 बजे घर से निकलते हैं। मॉर्निंग वॉक करते हुए पार्क में मौजूद लोगों से मुलाकात करते हैं। इसी दौरान कार्यकर्ताओं के घर पर नाश्ता करते हुए पब्लिक मीटिंग और जनसंपर्क के बाद रात को 12 बजे ही घर पहुंचते हैं।

डिस्ट्रिक्ट पार्क के बाद चंदोलिया पास के वीर सावरकर पार्क पहुंचे और योग कर रही महिला मंडली से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानीं। कुछ महिलाओं ने पार्क में अतिरिक्त बेंच लगाने की मांग की। उनके साथ पहुंचे अन्य नेताओं ने महिलाओं की मांग को कुछ दिनों में पूरा करने का वादा किया। इसके बाद करीब 8:20 बजे एक घर में पहुंचकर नाश्ता किया। इसके बाद सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन के पास दिव्यज्योति अपार्टमेंट के लोगों की ओर से किए गए स्वागत समारोह से रोडशो की शुरुआत की। दर्जनों बाइक सवार, ढोल वाले, बैंड कलाकारों के बीच उन्होंने स्थानीय नेताओं के साथ रोडशो की शुरुआत की। खुली जीप में चंदोलिया पूर्व मेयर प्रीति अग्रवाल, विधायक विजेंद्र गुप्ता समेत कई कार्यकर्ताओं के साथ थे। रोडशो उत्सव अपार्टमेंट, यूनिटी अपार्टमेंट, आस्था अपार्टमेंट, हनुमान मंदिर, गद्दा झुग्गी कॉलोनी, सूरज पार्क, राजा विहार, ए ब्लॉक ग्रीनवैली अपार्टमेंट, सक्षम अपार्टमेंट, रोहिणी सेक्टर 15 के कृष्णाकुंड अपार्टमेंट समेत कई कॉलोनियों और सेक्टर 15, 16, 18 के रेजिडेंशल इलाके से होता हुआ करीब 12:20 बजे समाप्त हुआ। रूट पर लोग फूल मालाओं के साथ ठंडा पानी, जलजीरा, मीठा पानी दे रहे थे। समयपुर बदली और रोहिणी सेक्टर 18 के कई ब्लॉकों के बाहर महिलाएं आरती की थाली लिए खड़ी थीं।

**कार्यकर्ताओं के घर पर ही नाश्ता करते हुए जनसंपर्क करते हैं**

रोडशो के बाद करीब 12:30 बजे सेक्टर 13 में गुजरात समाज के लोगों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें गुजरात के भावनगर से बीजेपी सांसद भारतीय बैन गुजरात समाज के लोगों का नेतृत्व करते हुए चंदोलिया को सम्मानित किया। सेक्टर 9, जैन समाज के लोगों ने देवी मां पद्मावती की भजन चौकी रखी थी। यहां चंदोलिया ने जैन साध्वियों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद नांगलोई स्थित सर छोटू राम धर्मशाला पहुंचे। जहां पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया।



**रोड शो:** दर्जनों बाइक सवार, ढोल वाले, बैंड कलाकारों के बीच स्थानीय नेताओं के साथ किया रोड शो

# आग से बचने के लिए क्या करें... नरेला के लोगों ने सीखे टिप्स

Photos: Surender Kumar

■ एनबीटी न्यूज, नरेला

**नरेला की** कई रेजिडेंशियल कॉलोनियों और इंडस्ट्रियल एरिया को शुक्रवार को दूसरा एनबीटी अग्नि सुरक्षा कवच मिला। नरेला के पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नरेला के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एम के चट्टोपाध्याय के साथ ही असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर सोमवीर सिंह, असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर (रोहिणी) ए के शर्मा, असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर (बवाना) राजीव कुमार सिन्हा, स्टेशन ऑफिसर, भोरगढ़ ट्रेनिंग सेंटर मनोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आग को लेकर लोगों ने कई प्रश्न पूछे। जैसे आग के तुरंत बाद क्या सावधानियां बरतनी चाहिए या फिर आग न लगे इसके लिए क्या करें? दमकल अधिकारियों ने लोगों को आग से बचने के टिप्स दिए। साथ ही लोगों के सवालों के जवाब दिए।

नरेला इंडस्ट्रियल एरिया कॉम्प्लेक्स वेलफेयर असोसिएशन ने इस दौरान स्थानीय फायर स्टेशन में गाड़ियों की संख्या और पानी की स्टोरेज बढ़ाने की मांग की। कार्यक्रम में नरेला विकास संगठन से हाजी अब्बास अली, नव चेतना संगठन से नौतन दास अरोड़ा, फेडरेशन ऑफ नरेला सबसिटी के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया, सीनियर सिटिजन वेलफेयर असोसिएशन ऑफ नरेला से सदा राम गुप्ता, सुषमा गौतम, नरेश खत्री, वरिंदर कौशिक, वैश्य अग्रवाल सभा से राहुल सिंघल, मास्टर भीम सिंह, नरेला इंडस्ट्रियल एरिया कॉम्प्लेक्स से आशीष गर्ग, नरेला ज्वैलर्स असोसिएशन से श्रीनिवास वर्मा, विष्णु दत्त भारद्वाज, भोरगढ़ वेलफेयर असोसिएशन से नरेश राठौर सहित कई लोग मौजूद रहे।



फायर डिपार्टमेंट के सीनियर अधिकारियों ने लोगों के सवालों के जवाब भी दिए


अधिकारियों ने लोगों को फायर एक्सटिंग्विशर यूज करने का तरीका भी सिखाया




## पहले खुद को सुरक्षित करें

*कार्यक्रम के दौरान डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एम के चट्टोपाध्याय ने कहा कि आग लगने के बाद आपकी कोशिश सबसे पहले खुद को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की होनी चाहिए। लोगों को अपने नजदीकी बिजली दफ्तर का नंबर पता होना चाहिए ताकि समय रहते पावर कट करवाया जा सके। बिजली का पावर कट होने से आग कम तेजी से फैलती है। इसके साथ ही गैस रिसाव से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को अंधेरे में बिना बिजली के उपकरण चालू किए बाहर निकलने की ट्रेनिंग लेनी चाहिए।*

## आलस, लालच से हो रहे शिकार

*असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर सोमवीर सिंह ने अपने 25 साल के अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि लोग नया घर बनवाते वक्त कुछ पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती वायरिंग करवा लेते हैं। वहीं कुछ लोग आलस के चलते वायरिंग करवाते समय ध्यान नहीं देते। नतीजतन शॉर्ट सर्किट की घटनाएं सामने आती हैं। आग की घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने लोगों को 'हाउस कीपिंग' सीखने की सलाह दी। इससे लोग घर के सामान को ठीक जगह पर रखेंगे। उसकी रोजाना देखरेख करेंगे।*


“एनबीटी की मुहिम काबिले तारीफ है। लोगों के लिए यह किसी वर्कशॉप से कम नहीं थी। हमने आग पर काबू पाने के कई यंत्रों के बारे में भी जाना है। -नौतन दास अरोड़ा


“आग लगने पर समय रहते लोग बाहर निकलते हैं तो जान बच सकती है। लोगों को कैसे समय पर निकालना है, यह हमने इस कार्यक्रम के माध्यम से समझा। -सदा राम गुप्ता


“कार्यक्रम में जो मैंने सीखा है, वह अपने बच्चों को भी बताऊंगी। मैंने फायर विभाग के अधिकारियों से अपील की है कि स्कूली बच्चों को भी इसी तरह की ट्रेनिंग दी जाए। -सुषमा गौतम


“इससे पहले मैं एक कार्यक्रम में भाग ले चुकी हूं, लेकिन उसमें इतना विस्तारपूर्वक जानकारी नहीं दी गई थी। मैंने जो यहां सीखा है, वह अपने आप में बेहद खास है। -स्वर्णा आनंद


“आग की छोटी घटनाएं कई बार भयानक रूप ले लेती हैं। सावधानी रखी जाए तो हम उससे निपट सकते हैं। NBT की मुहिम से हमें यह जानकारी मिली। -दयानंद वत्स

## आग नहीं, धुआं है बड़ी समस्या

कार में आग के प्रश्न पर असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर (रोहिणी) ए के शर्मा ने कहा कि कार से धुआं उठते ही सबसे पहले कार को एक किनारे रोककर बाहर निकलने की कोशिश करें। बाहर निकलकर दमकल विभाग को सूचना दें और खुद इंजन में लगी आग को बुझाने की कोशिश ना करें। कार में आग लगते ही सबसे पहले लॉक काम करना बंद कर देते हैं। ऐसे में लोगों को सीट के ऊपरी हिस्से 'हेडरेस्ट' की मदद से कार के शीशे में हिट करके उसे तोड़ना चाहिए।

## दमकल को समय पर सूचना दें

असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि अक्सर हम देखते हैं कि जब आग बड़ी हो जाती है तब लोग दमकल विभाग को कॉल करते हैं। दमकल की गाड़ी को भी आने में पांच-सात मिनट लग जाते हैं। इस दौरान आग काफी बढ़ जाती है। इसलिए जल्द से जल्द दमकल विभाग को कॉल करना चाहिए।

## शॉर्ट सर्किट से लगती है सबसे ज़्यादा आग

स्टेशन ऑफिसर मनोज त्यागी ने बताया कि घर, ऑफिस, गोदाम और फैक्ट्री में आग लगने का सबसे बड़ा कारण है पुरानी वायरिंग। पुरानी वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगती है। दूसरा कारण है चिमनी। पहले घरों में एक्जॉस्ट फैन होते थे अब लोग चिमनी लगा रहे हैं। चिमनी की देखरेख नहीं होने के चलते उससे भी आग लगती है। तीसरा कारण इन्वर्टर है। ओवर चार्जिंग के दौरान इन्वर्टर की बैटरी ब्लास्ट हो जाती है। जिससे घर में आग लग जाती है।

## आग बुझाने की दी ट्रेनिंग

कार्यक्रम के अंत में दमकल विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को आग बुझाने की ट्रेनिंग दी। लोगों को फायर एक्सटिंग्विशर यूज करने का तरीका सिखाया। इसके साथ ही दमकल ने यूके ब्रांच, रोबेट के अलावा अपने अन्य उपकरण का इस्तेमाल करके दिखाया कि वह बड़ी से छोटी आग में कैसे काम करते है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesgroup.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

TENDER NOTICE
The Tender and Purchase Committee of the Delhi and District Cricket Association (DDCA) Arun Jaitley Stadium, invites bids/ proposals for award of tender/work/RPF for Conceptualize, Plan, Design, Supply, Installation, Testing and Commissioning of Passenger Lifts for General stands at West and East stand and Service Lifts at NCH and OCH including Shaft Construction and Lift Controllers for Automated Access Control to various floors, QR scanner & Integration with ticketing System at Arun Jaitley Stadium New Delhi.
Interested vendors of reputed may visit DDCA website for further details.
Bid forms and other details can be obtained/downloaded from the website of DDCA website: www.ddca.in

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, 1/1ए, आदि शंकराचार्य मार्ग, पवई झील के सामने, पवई, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400 072.
निविदा सूचना
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिष्ठित विक्रेताओं से निम्नलिखित कार्यविवरण के लिए ई-निविदा प्रस्ताव आमंत्रित करता है
जीईएम बोली संख्या – जीईएम/2024/बी/4958966 दिनांक: 18.05.2024
आइटम / कार्यविवरण – एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस प्रबंधन सोल्युशन की आपूर्ति व कार्यान्वयन हेतु बोली
बोली समाप्ति की तारीख/समय – 10.06.2024 16:00 बजे अपराह्न
अन्य जानकारी एवं बोली दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए तथा निविदा में प्रतिभागिता के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल https://gem.gov.in अथवा हमारी वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in को देखे.

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
(भारत सरकार का उपक्रम)
क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, दिल्ली
प्रथम तल, 17, संसद मार्ग
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23362293
इंडियन बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, पात्र विक्रेताओं से 2 बिड्स सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय बोली) के तहत "17, संसद मार्ग, दिल्ली –110001 स्थित अपने भवन हेतु 02 नं 1000 KVA,11 KV, 433 V क्षमता के बाहरी ड्राई टाइप ट्रांसफॉर्मर एवं उससे संबधित विद्युत कार्य की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं उसे चालू करने हेतु ई– निविदाएं आमंत्रित करता है।"
निविदाएं /बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.06.2024 है। निविदा का विवरण बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in और ई–प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://www.tenderwizard.com/INDBANK से डाउनलोड किया जा सकता है।
बैंक बिना कारण बताएं किसी अथवा सभी प्रस्तावों को निरस्त करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रखता है।
उप महाप्रबंधक

To place an ad in TIMES interact
Call Aman: 93126 33518 for Tender & Notices

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
लेखा
स्टॉक ब्रोकर्स
SMC Paschim Vihar reqd Equity Dealer Comp. Operator & office asstt. with good typing speed. Q: 12+ or Graduate, Whatsapp only on 9810125545

प्रॉपर्टी
बिक्री के लिए भूमि
बिकाऊ है
25 लाख आमदनी की ज़मीन
350 बीघा आम का बाग
50 कमरों का होटल बार
अमित श्रीवास्तव 9927005485

बिजनेस
BUSINESS OFFERS
TAKE Franchisee of Charitable Trust only one Time and get Regular Monthly Income for Lifetime. Contact : Kumar 9871154922

मशीनरी और उपकरण
SALE Electronica CNC Ecocut Wire Cut M/c 20 Tons Heavy Power Presses, Spot Welding & Skin Wrap M/c, Indl Blower, Exc. Condition. # 9810135426

Powder Coating Plant
For big components for sale in Haryana.
singh@bengalind.com
Mobile - +91 87509 85857

सेवाएं
ज्योतिष
नाशिक के सुप्रसिद्ध ज्योतिष पंडित देशमुखजी आ रहे है दिल्ली मे 18 से 20 मई. आपकि हर एक समस्या का समाधान करने. अपॉइंटमेंट के लिये 7385991961

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
I Manoj Kumar S/O, Rajpal Singh R/o F-114, Street No. 6, Geetanjali Vihar, Khora Colony - 201014 Ghaziabad have changed my name to Manoj Kumar Rana.
I, Sunita Rani, W/o Guru Dev, R/o H.No.34-B-1, Gali No.54-H-4, Block E-3rd, 1st 60 Foota Road, Molarband Ext, Badarpur, New Delhi hereby declare that my correct name is SUNITA RANI instead of SUNITA RANIA. Further my correct date of birth is 01/01/1958 instead of 30/09/1958.
I, Vandana Patel W/o Dr. Gaganpal Singh R/o at 2589, Sector D-2, Vasant Kunj, Delhi-have changed my name to Vandana Saluja for all future purposes.

खोया एवं पाया
PUBLIC NOTICE: To be known to all that I,Daljit Singh Gujral S/o Sadhu Singh Gujral resident & Owner of J-406,Som Vihar CGHS Ltd,Sec-10,R.K.Puram, New Delhi-110022, have lost/misplaced my Original Allotment Letter, Possession Letter & Share Certificates of the above said flat.FIR to this effect has been lodged in Delhi Police vide LR No.1629542/2024 dt.10.04.2024 and LR No.1675267/2024 dt. 26/04/2024. Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.9810162924 within 15 days from the date of publication of this notice & can personally inform/ write to Dy. Director (GH)/Asstt, Director (GH), C-3-Block, 2nd FLR, Vikas Sadan, INA,New Delhi.

HEALTH & WELLNESS
SEX PROBLEMS के लिए निसंकोच मिलें
Since 1928
सबलोक क्लिनिक दरियागंज
नेताजी सुभाष मार्ग (निकट दिल्ली गेट) नई दिल्ली-2
9891300008
समय : 12 से 6 रविवार : अवकाश
Consultation fees 500/-
सबलोक क्लिनिक दरियागंज की इंडिया में कहीं कोई ब्रांच नहीं है।

निसंकोच सम्पर्क करें
गुप्त रोगी मिलें
जब कहीं न हो आराम तो हमसे लें समाधान
शीघ्रपतन, नामर्दी धातु, स्वप्नदोष, बै-औलाद बवासीर रोगी मिलें
ISO CERTIFIED CLINIC 100% Herbal Treatment
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा.शेख
www.drsheikh.in
रोजाना मिलें लाजपत नगर दिल्ली
702 702 7779

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹999 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284,कोड़िया पुल चौक,पुरानी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

To place an ad in TIMES interact
For Personal ads Call - Pankaj : 8130604727

THE TIMES GROUP
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
TO ADVERTISE IN CLASSIFIEDS PLEASE CALL:
TENDER / PUBLIC NOTICE: 9312633518
CHANGE OF NAME / LOST & FOUND: 8130604727
PROPERTY: 9999499496
RECRUITMENT & EDUCATION: 9811790649
MATRIMONIAL: 9310298131
SHOPPING: 9312633518
BUSINESS: 9312633518
SERVICES / VEHICLES & TRAVEL: 9999499496

# 5 इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट में काउंसलिंग 22 मई के बाद


■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**दिल्ली की** पांच यूनिवर्सिटी/इंस्टिट्यूट में सेशन 2024-25 के इंजीनियरिंग के एडमिशन के लिए जॉइंट एडमिशन काउंसलिंग 2024 (जेएसी) की प्रक्रिया अब 22 मई के बाद शुरू होगी। दिल्ली टेक्नॉलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू), इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वुमन (आईजीडीटीयूडब्ल्यू), इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इंफर्मेशन टेक्नॉलॉजी (आईआईआईटी-डी), नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलॉजी (एनएसयूटी) और दिल्ली स्किल एंड आंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी (डीएसईयू) इस जॉइंट काउंसलिंग में शामिल होंगे।

**काउंसलिंग के 6 राउंड होने की उम्मीद, 6372 सीटों पर दाखिले होंगे**


अधिकारियों का कहना है कि 22 मई तक इसका शेड्यूल जारी हो जाएगा। काउंसलिंग के 6 राउंड होने की उम्मीद है। जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन के स्कोर के आधार पर 6372 सीटों पर दाखिले होंगे। 85% सीटें दिल्ली से पास स्टूडेंट्स के लिए आरक्षित होंगी, बाकी 15% सीटों के लिए बाहर के स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकते हैं। सभी इंस्टिट्यूट में बीटेक के लिए दाखिले होंगे।

आईजीडीटीयूडब्ल्यू और एनएसयूटी में बीटेक के अलावा पांच साल के बी. आर्किटेक्चर के लिए भी दाखिले होंगे। jacdelhi.admissions.nic.in पर रजिस्ट्रेशन करना होगा, सभी अपडेट इसी वेबसाइट में मिलेंगे।

AI Image


## आईपी : 22 से काउंसलिंग, पांच जून तक भरें फीस

**विस, नई दिल्ली :** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) यूनिवर्सिटी में बीटेक की काउंसलिंग प्रक्रिया 22 मई से शुरू होगी। आईपी यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने बताया है कि जिन स्टूडेंट्स ने ऐप्लिकेशन फीस 1,500 रुपये जमा किए हैं, वे 5 जून तक काउंसलिंग में हिस्सा लेने के लिए 1000 रुपये फीस जमा कर सकते हैं। जिन्होंने 1500 रुपये फीस जमा नहीं की है, वे दोनों फीस एक साथ जमा कर सकते हैं। रिजर्व कैटिगरी के स्टूडेंट्स 6 जून तक अपने दस्तावेजों का ऑनलाइन वैरिफिकेशन करा सकते हैं। बीटेक में काउंसलिंग जेईई के स्कोर के आधार पर होगी। ज्यादा जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट ipu.admissions.nic.in और ipu.ac.in पर मौजूद है।

AI Image


# महंगे पार्सल लेकर गायब हो जाते थे डिलिवरी बॉय



साउथ जिले की एएटीएस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली:** नौकरी दिलाने के बहाने लोगों से उनके डॉक्युमेंट्स लेते। इनमें छेड़छाड़ कर खुद डिलिवरी बॉय की नौकरी करते। जैसे ही मौका मिलता महंगे पार्सल लेकर फरार हो जाते थे। साउथ जिले की एएटीएस की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान निखिल राठौर, योगेंद्र उर्फ योगी और चंदन कुमार मिश्रा के तौर पर हुई है। इनसे 9 फोन, दो ईयरफोन, एक बेल्ट, एक लेडीज ड्रेस, एक पीतल का कड़ा, एक घड़ी बरामद की है।

**जॉब दिलाने के बहाने लोगों से डॉक्युमेंट्स लेकर कंपनियों में होते थे भर्ती, 5 साल से कर रहे थे वारदात**

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 21 अप्रैल को हौजरानी के एक शख्स ने शिकायत दी। पीड़ित ने बताया कि उनके यहां काम करने वाला एक डिलिवरी बॉय करीब 5 लाख रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गया है। मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज हुआ। एएटीएस की टीम भी जांच में जुट गई। नौकरी के वक्त दिए गए उसके दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि वह फर्जी थे। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसके दो और साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने बताया कि वे लोगों को नौकरी दिलाने के बहाने उनके दस्तावेज लेते थे। फिर उन दस्तावेजों के सहारे खुद ई-कॉमर्स कंपनियों में डिलिवरी बॉय की नौकरी हासिल करते थे। महंगे सामानों को लेकर गायब हो जाते थे। उन्होंने बताया कि वह पिछले पांच साल से यह तरह से चोरियां कर रहे हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी अलग-अलग ई-कॉमर्स कंपनियों में नौकरी रहे थे। फिलहाल पुलिस उनके फरार चौथे साथी की तलाश कर रही है।

# महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए nbtreader@timesgroup.com पर। सब्जेक्ट में लिखें **Khel**

## जीआरएम अकैडमी ने जीता खिताब


कृष मूर्ति (96*) की अपराजेय पारी और आमिर खान (4/29) की घातक गेंदबाजी के दम पर जीआरएम क्रिकेट अकैडमी (176/4) ने दिल्ली क्रिकेट हब (175/10) को 6 विकेट से हराकर समर कप अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

### सक्षम का नाबाद शतक


सक्षम शर्मा (140* रन, 90 बॉल, 15 फोर, 4 सिक्स) के शानदार शतक और यश शर्मा (64) व यशवीर नागर (30 रन और 2/51) के योगदान से पैरागन क्रिकेट क्लब (342/6) ने डीडीसीए लीग में दिल्ली ऑडिट (340/6) को 4 विकेट से हरा दिया।

### इंडियन एयर फोर्स की जीत

लेफ्ट आर्म स्पिनर अर्जुन शर्मा (3/28) और गौरव शर्मा (2/18) की उम्दा बोलिंग और पुलकित नारंग (30*) व रवि चौहान (27) के प्रयास से इंडियन एयर फोर्स (159/7) ने डीडीसीए टी20 लीग में रवि ब्रदर्स (122/9) को 37 रन से हरा दिया।

### निखिल की डबल सेंचुरी

निखिल महलावत (216* रन, 70 बॉल, 17 फोर, 22 सिक्स) के धमाकेदार दोहरे शतक और हर्षवर्धन यादव (99), युवराज भाटी (77), आरव बब्बर (3/20) कुणाल (3/15) के शानदार खेल की बदोलत वॉल क्रिकेट अकैडमी (559/5) ने स्टार ब्लेज़ क्रिकेट कप क्रिकेट टूर्नामेंट में रॉयल स्पार्टन क्रिकेट अकैडमी (73/10) को 486 रन के बड़े अंतर से हरा दिया।

### पीके स्पोर्ट्स की जीत

शौर्य गौतम (48), वंश मलिक (47) और दर्श जिंदल (2/04) और किआन (2/10) के प्रयास से पीके स्पोर्ट्स (260/7) ने जीएफएसआई यूथ अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रेस्ट अकैडमी (81/10) को 179 रन से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में समर्थ और विकास के 3-3 विकेट की बदौलत झांति अकैडमी (133/6) ने एयरलाइनर अकैडमी (132/10) को 4 विकेट से हराया।

### ड्रीम टीम ने शिमला यंग्स को हराया

कप्तान गौरव नेगी के दो दर्शनीय गोलों की मदद से द ड्रीम टीम ने शिमला यंग्स फुटबॉल क्लब को 3-2 से परास्त कर डीएसए-ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। विजयी टीम के लिए कंवर रुद्रांश सिंह ने विजयी गोल किया। शिमला के गोल पुष्पेंद्र चौहान और गौरव सिंह बिष्ट के नाम रहे।

### रमन का जोरदार शतक


रमन रांगी (138) और प्रांजल सिंह (102) के शानदार शतक के बाद अभय (6/26) की घातक गेंदबाजी के दम पर बाबा श्याम क्रिकेट अकैडमी (349/8) ने गोल्डन ईगल (200/10) को 149 रन से हराकर 16वें राधिका कप अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

### दहिया अकैडमी फाइनल में


युवराज सिंह (40 रन व 4/06) और अक्ष कुमार (86) के दमदार प्रदर्शन व सत्यम ठाकुर (40), अनिस वर्मा (3/24) व हर्षित चौधरी (2/06) के योगदान से दहिया कुतुब अकैडमी (259/4) ने 11वें पंकज ग्रुप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में केजीएफ यलो (70/10) को 189 रन से हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

### मृदुल खन्ना का 'पंजा'

मृदुल खन्ना (5/14) की घातक गेंदबाजी मॉडर्न वॉरियर्स (185/5) ने टर्फ जूनियर क्रिकेट लीग अंडर-12 के लीग मैच में मॉडर्न स्पार्टंस (117/10) को 68 रन से हरा दिया।

### प्लेयर्स अकैडमी जीती

जयंत (106*) के शतक और मयंक (89* रन और 1/31) के उम्दा खेल व स्वास्तिक चिकारा (62) के अहम योगदान से प्लेयर्स क्रिकेट अकैडमी (272/2) ने 47वें ऑल इंडिया लाला रघुबीर सिंह हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब (269/7) को 8 विकेट से हरा दिया।

# TMC के लिए घुसपैठिए अपने, अन्य राज्यों के लोग बाहरी: मोदी



TMC हिंदुओं की आस्था का अपमान कर रही। बंगाल में जहां लोग सरस्वती पूजा मनाते हैं, वहीं TMC ने शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया। - नरेंद्र मोदी, पीएम

पीएम मोदी ने रविवार को मेदिनीपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

■ भाषा, मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर आरोप लगाया कि वह अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए हिंदुओं की आस्था का अपमान कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घुसपैठिए पश्चिम बंगाल के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी वजह से राज्य की जनसंख्या का गणित बदल रहा है।

पश्चिम बंगाल में अपनी तीसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'टीएमसी के वोट बैंक घुसपैठिए राज्य के लिए खतरा हैं क्योंकि कई क्षेत्रों में हिंदुओं की संख्या कम हो गई है।' उन्होंने मेदिनीपुर रैली में कहा, 'बंगाल में टीएमसी आतंकवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और भाई-भतीजावाद का पर्याय है। अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए टीएमसी हिंदुओं की आस्था का अपमान कर रही है। टीएमसी को घुसपैठिए अपने लगते हैं और अन्य राज्य के लोग बाहरी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की ओर से हाल ही में दिए गए अपमानजनक बयान से पूरा देश गुस्से में है।' मोदी रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जारी घुसपैठ से तेजी से राज्य का चरित्र बदल रहा है। टीएमसी के तुष्टीकरण ने बंगाल की जनसांख्यिकी बदल दी है। पीएम ने कहा कि टीएमसी दूसरे राज्यों के लोगों को 'बाहरी' कहती है, लेकिन यह घुसपैठियों को गले लगाती है। मोदी ने कहा, 'घुसपैठिए बंगाल के लिए खतरनाक हैं। कई हिस्सों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं।' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि घुसपैठिये दलितों और वंचितों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।

## मोदी ने वादे पूरे नहीं किए, 83% युवा बेरोजगार: TMC

■ भाषा, कोलकाता



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शांतिराम महतो के लिए रविवार को एक चुनावी रैली की।

- वरिष्ठ नेता अमित मित्रा बोले, टीएमसी I.N.D.I.A. गठबंधन के साथ है
- दावा किया कि देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 51 अपराध होते हैं

**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के बेरोजगारों में 83% युवा हैं। मित्रा ने अपनी पार्टी के रुख को दोहराया कि टीएमसी I.N.D.I.A. गठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाना और अधीर का प्रत्युत्तर उनका आंतरिक मामला है।

ममता बनर्जी की कैबिनेट में पूर्व में वित्त मंत्री रहे मित्रा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि देश में बेरोजगार लोगों में से लगभग 83 प्रतिशत युवा पुरुष और महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा पुरुषों और महिलाओं में से दो तिहाई बेरोजगार हैं।

### धार्मिक संगठनों को धमका रहीं ममता: पीएम

पीएम ने रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों की रविवार को निंदा की। उन्होंने कहा कि वह अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका रही हैं। मोदी ने पुरुलिया में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस शालीनता की हदें लांघकर इतना नीचे गिर गई है कि वह 'इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ अफवाहें फैला रही है।' मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस संदेशखाली के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को बचाने के लिए वहां की महिलाओं की अस्मिता के साथ समझौता कर रही है।

## राहुल गांधी बोले- गरीब महिलाओं को ₹1 लाख देंगे टकाटक-टकाटक



प्रयागराज में आयोजित रैली में राहुल गांधी और अखिलेश यादव

■ **एनबीटी, प्रयागराज :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है। I.N.D.I.A. गठबंधन की सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। प्रयागराज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, 'सभी गरीबों की लिस्ट बनेगी। हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक-टकाटक साल के एक लाख रुपये, महीने के 8500 रुपये हम डालेंगे।

### लोकतंत्र बचाने का चुनाव: अखिलेश

समाजवादी पार्टी (SP) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, 'यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान खत्म करना चाहते हैं एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान बचाना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। किसानों की आवाज दबाने के लिए क्या-क्या नहीं किया। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी वाले हमारी जान और संविधान के पीछे पड़े हैं। ये वैक्सीन लगाकर हमारी जान के पीछे पड़े हैं।

## पुंछ: रैली में चाकू से हमला

■ **भाषा, मेंढर/जम्मू:** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर में रविवार को एक चुनावी रैली में नैशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के तीन कार्यकर्ताओं पर अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नेकां उम्मीदवार मियां अल्ताफ के समर्थन में मेंढर में आयोजित रैली में पार्टी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला भी मौजूद थे। हालांकि, रैली जारी रही। अधिकारियों ने कहा कि रैली के दौरान कुछ मुद्दों को लेकर दो समूहों के बीच झड़प हुई।

हमले में नैशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के तीन कार्यकर्ता घायल हो गए

## फटाफट खबरें

### तेलंगाना कैबिनेट 20 मई को बैठक करेगी

■ **पीटीआई, हैदराबाद:** चुनाव आयोग (EC) ने तेलंगाना राज्य मंत्रिमंडल की बैठक को आगे बढ़ाने के लिए सशर्त अनुमति दी है। इसमें कहा गया है कि 4 जून से पहले संबोधित किए जाने वाले केवल जरूरी मामलों पर ही चर्चा की जानी चाहिए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना सरकार 20 मई को यहां अपनी कैबिनेट बैठक आयोजित करेगी।

### रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी

■ **भाषा, बेंगलुरु :** बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शनिवार को गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया है। इस मामले में प्रज्वल के पिता और होलेनरसीपुरा से विधायक एचडी रेवन्ना भी आरोपी हैं।



### मोदी को वोट ना देने की अपील, अरेस्ट

■ **भाषा, मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने टीचर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बच्चों के अनुसार उनसे मोदी को वोट नहीं देने की अपील की गई और ये बात घर पर जाकर अपने मां-पिता को बताने को कहा। पैरेंट्स ने स्कूल में हंगामा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से टीचर हरेंद्र रजक की शिकायत की है। एसएसपी राकेश कुमार ने कहा कि रजक को गिरफ्तार किया गया है।

### बीजेपी युवा मोर्चा के नेता की हत्या

■ **आईएएनएस, भोपाल :** भोपाल में बीजेपी युवा मोर्चा नेता की चाकू से गोदकर हत्या के मामले ने सियासी रंग ले लिया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर अक्षमता का आरोप लगाया है, तो वहीं बीजेपी ने आचार संहिता का हवाला दिया है।

## चार चरणों के चुनाव के बाद 270 सीटें जीत चुका है NDA: शाह

■ **भाषा, बेतिया :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के नेता अपने 'घुसपैठिए' वोट बैंक के डर से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए थे। बिहार के बेतिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी शुरू से ही अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के खिलाफ थे।

शाह ने कहा, 'मोदी के नेतृत्व में एनडीए 400 से ज्यादा सीट जीतेगा। चार चरणों के मतदान के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि एनडीए पहले ही 270 से अधिक लोकसभा सीट जीत चुका है। आरजेडी चार सीट भी नहीं जीतेगी और कांग्रेस 40 भी नहीं।'




प्रयागराज में अमित शाह ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा 'इंडी' गठबंधन अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है।

### प्रयागराज में 'परिवारवाद' पर बरसे

■ **एनबीटी ब्यूरो, प्रयागराज:** अमित शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा 'इंडी' गठबंधन अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है। लालू जी, सोनिया जी, उद्धव जी, स्टालिन अपने-अपने बेटों को सीएम बनाना चाहते हैं। शाह ने कहा कि जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करते हैं क्या वे आपका भला कर सकते हैं। बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित रैली में अमित शाह ने आरोप लगाया कि ये 'इंडी' गठबंधन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता।

### आजमगढ़ की पहचान बदली: योगी

■ **भाषा, आजमगढ़/जौनपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आजमगढ़ और जौनपुर में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहले आजमगढ़ की पहचान आतंक के गढ़ की बना दी गई थी। बीते 10 साल में कहीं कोई आतंकी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आज आजमगढ़ के लोगों को शक की निगाहों से नहीं देखा जाता और पहचान का संकट खत्म हो चुका है। पीएम मोदी ने देश की तकदीर और तस्वीर को बदल दिया है।

## घटिया सोनपापड़ी बेचने के मामले में तीन दोषियों को जेल

■ **विस, पिथौरागढ़ :** इलायची सोनपापड़ी को बनाने में खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने को लेकर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की एक अदालत ने तीन लोगों को छह माह जेल की सजा सुनाई है। पिथौरागढ़ के सहायक अभियोजन अधिकारी रितेश वर्मा ने बताया कि मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट संजय सिंह ने शनिवार को ये सजा सुनाई।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की एक अदालत ने सुनाई सजा

वर्मा ने बताया कि अदालत ने पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग कस्बे के दुकानदार लीलाधर पाठक को यह उत्पाद बेचने के लिए छह माह के कारावास और पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। नैनीताल जिले के रामनगर में स्थित एक कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि 'कान्हाजी डिस्ट्रीब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड' के सहायक प्रबंधक अजय जोशी को छह माह के कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा मिली है। हरिद्वार के पदार्था गांव में स्थित उत्पाद बनाने वाली कंपनी के सहायक महाप्रबंधक अभिषेक कुमार को छह माह कैद और 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

वर्मा ने बताया कि 17 सितंबर 2019 को पाठक की दुकान से नमूने इकट्ठा किए गए थे। उन्हें जांच के लिए गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला में भेजा गया था। रिपोर्ट में नमूने खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं पाए जाने के बाद 2021 में मामला दर्ज किया गया था।

### मरीज को गलत 'रॉड' लगाने का आरोप, केस

■ **भाषा, कोझिकोड (केरल) :** कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लापरवाही के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि किसी अन्य मरीज में लगाने के लिए 'रॉड' गलत तरीके से उसके टूटे हाथ में लगा दी गई। अस्पताल ने आरोपों को निराधार बताया है। मेडिकल कॉलेज पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में शनिवार को हुई कथित गड़बड़ी को लेकर एक एफआईआर दर्ज की गई है। जांच चल रही है।

## ऑफलाइन एग्ज़ाम में ज्यादा आए स्टूडेंट: NTA

Offline Exam Student

Bhupender.Sharma@timesgroup.com

AI Image




■ **नई दिल्ली :** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET- UG) का करीब 87.11 % हिस्सा चार दिन तक चले ऑफलाइन एग्जाम (15-18 मई) में कवर हो गया है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने अब सीयूईटी के दूसरे चरण यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) की तैयारी पूरी कर ली है। 21, 22 और 24 मई को होने वाले इस टेस्ट के एडमिट कार्ड भी जारी कर दिए गए हैं। एनटीए ने इस बार हाईब्रिड मोड में 8 दिनों में परीक्षा पूरी करने का शेड्यूल तय किया है। पिछले साल 34 दिनों में परीक्षा पूरी हुई थी। दिल्ली को छोड़कर देश भर में 15 विषयों का ऑफलाइन एग्जाम पूरा हो गया है। अब 21 मई से शुरू होने वाले सीबीटी मोड में 48 विषयों का एग्जाम शुरू होगा। सीबीटी मोड में 31 लैंग्वेज और 17 डोमेन सब्जेक्ट का पेपर होगा। देश-विदेश के 300 शहरों में 600 से ज्यादा एग्जाम सेंटरों पर सीबीटी मोड में परीक्षा होगी।

एनटीए के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह का कहना है कि ऑफलाइन एग्जाम में इस बार छात्रों की हाजिरी ज्यादा रही है। इसका कारण यह है कि छात्रों को अपनी पहली चॉइस के आधार पर सेंटर दिए गए हैं। इस कारण वे आसानी से एग्जाम दे पाए। इस बार छात्रों के लिए यह बड़ी राहत रही है। ऑफलाइन एग्जाम में छात्रों को आसानी रही और पिछले दो वर्षों की तुलना में इस बार शिकायतें काफी कम रही हैं।

यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार का कहना है कि चार दिनों की ऑफलाइन परीक्षा में सीयूईटी- यूजी एग्जाम का एक बड़ा हिस्सा कवर हो गया है। पिछले वर्षों से ज्यादा हाजिरी रही है। उनका कहना है कि अब एग्जाम का दूसरा चरण यानी सीबीटी मोड की परीक्षा 21 मई से शुरू हो रही है। इसके लिए पूरी तैयारी हो गई है।

### CBT मोड की चुनौती

NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात

पिछले दो वर्षों में सीयूईटी की परीक्षा केवल कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में ही हुई थी। दोनों ही साल छात्रों को बहुत परेशानी हुई। सेंटरों पर कनेक्टिविटी की समस्या से लेकर सर्वर डाउन तक की समस्या रही। पेपर देर से शुरू हुए। हालांकि इस बार बड़े विषयों के पेपर तो ऑफलाइन ही हो गए हैं। कंप्यूटर बेस्ट टेस्ट उन विषयों में हो रहा है, जिनमें आवेदन कम हैं।


ADMISSION NOTICE FOR
MASS COMM.
AT INDIA'S TOP-5 RANKED INSTITUTE FOR MASS COMMUNICATION
3 years in a row (As per India Today Best Colleges Rankings)

UG AND PG DEGREES IN:
- JOURNALISM & MASS COMM.
- ANIMATION & VISUAL GRAPHICS
- MEDIA MGMT.
- ADVERTISING & MARKETING MGMT.
- PR & EVENT MGMT.

AMITY ALSO OFFERS UG AND PG DEGREES IN:
- ACTING
- FILMS, TELEVISION & WEB SERIES
- VISUAL EFFECTS, ANIMATION & COMICS
- GAME DESIGN & DEVELOPMENT

At Amity, our state-of-the-art studios and leading faculty with rich industry experience ensure that students gain practical experience in a real-world environment.

Students also benefit immensely from extensive interactions with industry experts. This unique experience leads them to secure admission for higher studies in elite institutions and placements in leading Media Houses, Advertising & PR Agencies including:

INDIA TODAY GROUP | Ogilvy | genesis bcw | REPUBLIC

AMITY UNIVERSITY

NOIDA CAMPUS: Apply at www.amity.edu/noida | Helpline : 0120-4713600
GURUGRAM: www.amity.edu/gurugram ; 7303-399-399 | GR. NOIDA: www.amity.edu/gn ; 1800-103-3320



**UNIMONI FINANCIAL SERVICES LIMITED**
RO: N.G. 12 & 13 Ground Floor, North Block, Manipal Centre, Dickenson Road, Bangalore - 560 042. CIN No.U85110KA1995PLC018175

**सार्वजनिक नोटिस**

हे जनतेला कळविण्यात येते की, तारण ठेवलेल्या सोन्याच्या दागिन्यांचा लिलाव न्छ्प्डव्छ् थ्छ्छ ।छब्।ऱ्ै म्ट्टप्बै स्प्डप्ज्म्क द्वारे 23.05.2024 रोजी सकाळी 10:00 वाजता खाली दिलेल्या संबंधित केंद्रांवर केला जाईल. लिलाव करण्यात येणारे सोन्याचे दागिने आमच्या विविध ग्राहकांच्या कर्ज खात्यातील आहेत ज्यांनी त्यांची थकबाकी भरली नाही. या कर्जदारांना आमच्या लिलावाच्या नोटिसा रीतसर बजावण्यात आल्या आहेत. लिलाव करण्यात येणारे सोन्याचे दागिने शाखेच्या नावासह खाली नमूद केलेल्या आमच्या विविध ग्राहकांच्या थकीत कर्ज खात्यांचे आहेत.

**Auction Centre Address & Loan Nos: DELHI MAHIPALPUR (MAH - No L 3 - 82B, Mahipalpur Extenfirst Floor, Mahipalpur -110037, Contact no : 9818601160) 2093304**

(Reserves the right to alter the number of accounts to be auctioned &/ postpone / cancel the auction without any prior notice.)



Dr. Shroff's Charity Eye Hospital — Caring for the community since 1922...

**नेत्र सुरक्षा अभियान**

**डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल, दरियागंज**

हम सालाना 60,000 से अधिक आंखों के ऑपरेशन करते है।

(PHACO) विधि द्वारा ऑपरेशन करवाने के लिए आज ही संपर्क करें।



ऑपरेशन ₹8000* से शुरु

5027, केदारनाथ रोड, गोलचा सिनेमा के सामने, दरियागंज, दिल्ली – 110002
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें 011–43524444,43528888

इस कटीगं को साथ लाये और पहली जाँच प्राईवेट OPD मे मुफ्त (FREE) पाऐं।



**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
सादर सेवा

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लि. की ओर से, उप मुख्य अभियंता (कार्य), रत्नागिरी, निम्नलिखित कार्य के लिए पात्र ठेकेदारों से IREPS पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से सिंगल पैकेट बोली प्रणाली में खुली निविदा आमंत्रित करते हैं. **कार्य का नाम:** महाराष्ट्र राज्य में कोंकण रेलवे मार्ग पर वैभववाड़ी रोड स्टेशन पर रेलवे किमी 283/8-9 पर एप्रोच रैम्प सहित एक फुट ओवर ब्रिज (3 मीटर चौड़ा, 4 लाइन स्टेशन के लिए) का निर्माण. **निविदा सूचना सं.:** केआर/आरएन/डीवायसीईडब्ल्यू/एफओबी/वीबीडब्ल्यू/03/24. **कुल अनुमानित लागत:** ₹ 1.41 करोड़ (जीएसटी को छोड़कर). **बोली आरंभ करने की तारीख:** 20.05.2024, **ऑनलाइन ऑफ़र/बोलियां जमा करने के लिए अंतिम तिथि/ समय:** 10.06.2024 को 15:00 बजे तक. **समापन अवधि:** मानसून सहित 09 महीने. मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे. विवरण/ भाग लेने के लिए कृपया https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें. और शुद्धिपत्र / परिशिष्ट इस वेबसाइट में ही प्रकाशित किया जाएगा.



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं:** JHS-N-W-29-24 **दिनांक:** 16.05.2024

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** प्रोविशन ऑफ़ डाइवर्सिटी बाय एक्सल काउंटर्स फॉर रस्टी रेल ट्रैक एंड वाटर लॉगिंग ट्रैक इन बीना-धौलपुर सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

**कार्य लागत लगभग:** ₹ 20201275.26, **धरोहर राशि:** ₹ 251000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.06.2024 Time 15:00, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 09 माह।

निविदा **दिनांक 12.06.2024** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY / JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **871/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR





नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। सोमवार, 20 मई 2024

# फिजूल की अटकलें

**पांचवें चरण** के तहत सोमवार को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इसके बाद दो ही चरण की वोटिंग रह जाएगी। स्वाभाविक ही अब बहस इन सभी चरणों के वोटिंग पैटर्न और 4 जून को इसके संभावित नतीजों की ओर मुड़ती दिख रही है।

**वोटिंग और मार्केट |** इन बहसों में सबसे ज्यादा चर्चा पहले तीन चरणों में वोटिंग परसेंटेज में आई कमी और शेयर बाजारों में आई गिरावट की हुई। हालांकि, चौथे चरण में वोटिंग बढ़ने के बाद मार्केट अपने रेकॉर्ड लेवल के करीब पहुंच गया। खैर, विश्लेषकों का एक तबका कह रहा है कि मार्केट में गिरावट इस वजह से आई क्योंकि उसे लगा कि नतीजे अप्रत्याशित होने वाले हैं।



पांचवें चरण की वोटिंग आज

**अतीत के अनुभव |** दिक्कत यह है कि इस तरह के विश्लेषण और उनके निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में BJP को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक यूपी की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रुवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए।

**निष्कर्ष की जल्दबाजी |** इस बार भी यह ट्रेंड दिखा। कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में NDA के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट परसेंटेज का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्परविरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सचाई 4 जून को ही सामने आएगी।

**राजनीतिक घात-प्रतिघात |** जहां तक महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों की बात है तो इसमें दो राय नहीं कि वहां राजनीतिक घात-प्रतिघात की वजह से चुनावी परिदृश्य बड़ा जटिल हो गया है। लेकिन इन राज्यों सहित देश के बाकी हिस्सों की भी बात करें तो इस पर लगभग आम राय है कि इन चुनावों में कोई लहर नहीं है। ऐसे में किस नेता का चेहरा ज्यादा प्रभावी होगा या किस पार्टी का मुद्दा अधिक कारगर साबित होगा ये तय करना वाकई मुश्किल है। इस स्थिति में किसी तरह की अटकलबाजी करने से बेहतर है कि 4 जून का इंतजार किया जाए।

## चक्र-व्यू

# मुस्कुराती खटिया

राहुल पाण्डेय

**खटिया खंचही** (ढीली बुनाई वाली) हो तो तकिया लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। दोनों हाथों से मोबाइल पकड़कर आराम से रील देखी जा सकती है। जाने कितनी अमराइयों में इन दिनों खंचही खटिया पर एकदम टाइट रील चल रही होगी। कौवों की बन आई है। तोते इंसानों को देखकर मुस्कुरा रहे हैं। इंसान भी मुस्कुरा रहा है। दूर से देखेंगे तो खंचही खटिया भी आपको मुस्कुराती हुई ही दिखेगी। खंचही खटिया की बनावट ही कुछ ऐसी होती है। समय के साथ ढीली होते-होते मुस्कुराहट उसके समूचे अस्तित्व पर छा जाती है। बेड पर तो जो चाहे लेट ले, मुस्कुराती हुई खटिया पर विरले ही लेट पाते हैं। अब यह और बात है कि दामाद जून अगर पुराना है तो उसे खंचही खटिया ही नसीब होती है। एक बार मैंने अपने एक रिश्ते के फूफा को खंचही खटिया से बाहर निकाला था। बेचारे बड़ी देर से आवाज दे रहे थे। मैं सुनकर भी अनसुनी कर रहा था। जब बुआ ने लोटा फेंका, हल्ला मचाया, तो मैंने कहा- चलो ठीक है। फूफा बंबई से आए थे, तो हम यही मानते थे कि कलाकार होंगे! भले बंबई की मिलों की मंदी ने उनको बेकार किया था, मगर यह कैसे मान लें कि इतने बेकार होंगे कि खटिया से खुद ना निकल पाएं! और फिर जिस रास्ते जाना है, वापस भी उसी रास्ते आना है, यह मानी हुई बात है।

खटिया कसी हो तो कभी-कभार इज्जत पर भी बन आती है। अगर खटिया पर मान्य लोग बैठे हैं, या फिर पसरे हैं तो उस खटिया पर जाकर सीधे बैठ जाना कुसंस्कार माना जाता है। लेकिन अब तो संस्कारों की चलाचली की बेला है। अब पता चलता है कि दामाद जी दलान में बैठे हैं। खटिया के सामने दाना-पानी रखा है। ऐसे में कोई आकर एक मुट्ठी चबैना उठा लेता है और दामाद जी के बगल धप से आकर ऐसे बैठ जाता है, जैसे खेत की गुड़ाई कर के आया हो। तख्त पर धप्प से बैठिए तो किसी को कुछ नहीं होगा। मगर खटिया पर धप्प से बैठना पहले से बैठे लोगों को उछाल देना होता है। इधर कोई धप्प से बैठा, उधर दामाद जी के हाथ में मौजूद चाय का कप छलका। खंचही खटिया इज्जत बचाने के भी काम में आती है। पहली बात यह कि उस पर कोई धप्प से बैठ ही नहीं सकता। दूसरी बात यह कि खंचही खटिया पर अगर कोई पहले से ही पसरा हुआ है तो आमतौर पर लोग पैताने ही बैठते हैं। पैताने, यानी पैर की तरफ। ऐसे में मान्य जी का मान भी बचा रहता है, उनकी चाय भी और छोटे-बड़े की इज्जत भी। खटिया अगर खंचही हो तो हमारे संस्कार भी उसमें सुरक्षित रहते हैं। संस्कारों को स्वयं उठने की कला जो नहीं आती!

## एकदा

# नागफनी की जूती

**1782 की** बात है। तब दिल्ली में लड़ाई-झगड़े का जमाना था, मगर उर्दू के उम्दा शायर मीर तकी मीर के दिल में दिल्ली बसी थी। दिन मुफलिसी में कट रहे थे। दिल्ली में जब फाकों से तंग आ गए तो लखनऊ जाने की ठानी। लखनऊ चले तो गाड़ी का पूरा किराया भी पास ना था। अनचाहे मन से एक शख्स के साथ शरीक हुए। आगे चल कर उस शख्स ने कुछ बात की तो मीर उसकी तरफ से मुंह फेर कर बैठ गए। कुछ देर बाद फिर उसने बात की। मीर नाराज होकर बोले, 'साहब, आपने हमारा किराया अदा किया है। बेशक गाड़ी में बैठिए, लेकिन बातों का क्या मतलब?' उसने कहा, 'बात रास्ते का शगल है, दिल बहलता है।' मीर बोले, 'आपका शगल है, हमारी तो जुबान बिगड़ती है।'



लखनऊ पहुंचे तो पता चला कि आज मुशायरा है। रह ना सके, फटाफट एक गजल कही और मुशायरे में जा पहुंचे। उनकी लिबास बेहद पुराने ढंग का था- मारवाड़ी पगड़ी, पचास गज की घेर का कुर्ता, कपड़े का एक पूरा थान कमर से बंधा। नागफनी की नोकदार जूती, जिसकी डेढ़ बालिश्त ऊंची नोक। कमर में एक तरफ सीधी तलवार, दूसरी तरफ कटार, हाथ में लाठी। महफिल में पहुंचे तो लोग उनका मजाक उड़ाने लगे। उदास होकर मीर एक कोने में बैठ गए। जब शमा उनके सामने आई तो लोगों ने हंस-हंस कर पूछा, 'हुजूर, वतन कहां है?' मीर ने तुरंत ये अशआर कहे और सुना दिए- 'दिल्ली जो एक शहर था आलम में इंतिखाब/ रहते थे मुंतखब ही जहां रोजगार के/ उसको फलक ने लूट के वीरान कर दिया/ हम रहने वाले हैं उसी उजड़े दयार के।' सबको उनकी हकीकत मालूम हुई, तब सबने उनसे माफी मांगी।

संकलन : जमील गुलरेज

### चीन और पाकिस्तान के बीच पिसता पाक अधिकृत कश्मीर लगाएगा भारत से उम्मीद

# PoK में चीन की रुचि का क्या है राज़



चंद्रभूषण

**पाकिस्तान-अधिकृत** कश्मीर के जिस हिस्से को पाकिस्तानी हुकूमत ने 'आजाद जम्मू-कश्मीर' का नाम दे रखा है, वहां हाल में दिखा बड़ा विरोध प्रदर्शन वहां की केंद्र सरकार द्वारा हड़बड़ी में घोषित की गई 23 अरब पाकिस्तानी रुपयों (भारतीय मुद्रा में लगभग 700 करोड़ रुपये) की सहायता के बाद शांत हो गया है। आंदोलन की दस मांगें थीं, जिनमें आटे और बिजली की महंगाई कम करने की मांग सबसे ऊपर थी। कहा जा रहा है कि मृतकों को मुआवजे समेत आंदोलन की सारी मांगें सरकार ने मान ली हैं।

**हड़बड़ी की वजह |** पिछले कुछ सालों में ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तान सरकार प्रदर्शनकारियों के मरने-जीने को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेती। इस बार राजधानी इस्लामाबाद से इतनी दूर उपद्रव भड़कने के दो दिन के अंदर ही उसने घुटने टेक दिए तो इसकी दो वजहें हैं। एक तो यह कि प्रदर्शनकारियों में से कुछेक ने भारत के झंडे लहराए और बयान दिया कि पाकिस्तान में उनका दम घुट रहा है। दूसरा पहलू IMF के एक दल के पाकिस्तान आने से जुड़ा था। उसका बयान आया कि ऐसी उथल-पुथल की हालत में कर्जे की नई किस्त जारी करने में मुश्किल आ सकती है।

**एक-दूसरे के खिलाफ |** पाकिस्तान के कब्जे में चले गए जम्मू-कश्मीर रियासत के इलाके 21वीं सदी में पूरी तरह चूं-चूं का मुरब्बा बन चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली में और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के लिए हर संभव मौके पर छाती पीटता नजर आता है, लेकिन एक छोटी सी सचाई को उसके प्रतिनिधि कहीं चर्चा में नहीं आने देते कि उसके कब्जे में मौजूद जम्मू-कश्मीर के दोनों हिस्से एक-दूसरे के खिलाफ हैं। किसी भी मुद्दे पर वे एक साथ नहीं खड़े होते।

**मोहरा है पाक अधिकृत कश्मीर**
- इस इलाके से गुजरता है चीनी कॉरिडोर
- रणनीतिक तौर पर अहम है CPEC
- हिंद महासागर में निकासी की है योजना

**चीन की दिलचस्पी |** 15 से 65 किलोमीटर चौड़ी और 400 किलोमीटर लंबी वह पट्टी, जो पाकिस्तान में 'आजाद जम्मू-कश्मीर' कहलाती है, खुद को पूरी जम्मू-कश्मीर रियासत की भावनाओं की प्रतिनिधि बताती थी। लेकिन गिलगिट-बाल्टिस्तान के लोगों ने एक दिन के लिए भी खुद को इस पट्टी से नहीं जोड़ा। पाकिस्तान सरकार भी उन पर राज करने का वही तरीका अपनाती रही जो उसने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के कबाइली इलाकों के लिए अपना रखा है। कोई मानवाधिकार नहीं, कोई चुनाव नहीं, कहीं कोई बवाल हुआ तो पूरी बस्ती पर सामूहिक जुर्माना। यह स्थिति तब बदलनी शुरू हुई जब चीन ने इस इलाके में दिलचस्पी दिखाई। जाहिर है, इससे यहां के लोगों की सौदेबाजी भी बढ़ी।

AI Image



**शक्सगाम घाटी का हस्तांतरण |** यह घटनाक्रम भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद 1963 में शुरू हुआ, जब पाकिस्तान ने काराकोरम और कुनलुन पर्वत श्रृंखलाओं के बीच पड़ने वाली शक्सगाम घाटी चीन को सौंप दी और चीन ने इसे अपने बागी प्रांत शिनच्यांग का हिस्सा बना लिया। ध्यान रहे, यह घाटी जम्मू-कश्मीर का अभिन्न हिस्सा रही है। इसे किसी तीसरे देश को सौंपने का कोई अधिकार पाकिस्तान के पास नहीं था।

**रणनीतिक अहमियत |** अपनी इस पहल से पाकिस्तान ने चीन को दक्षिण एशिया में पैर जमाने का मौका दे दिया। शक्सगाम घाटी अभी चीन के लिए रणनीतिक रूप से बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। यहां से गुजर रही सड़क, काराकोरम हाईवे के जरिये वह न केवल अपने दो समस्याग्रस्त राज्यों तिब्बत और शिनच्यांग को जोड़ता है, बल्कि हिंद महासागर में अपनी निकासी के सारे इंतजाम भी कर रहा है।

**CPEC का उपयोग |** जम्मू-कश्मीर रियासत के इन दोनों इलाकों को मिलने वाला अमेरिकी संरक्षण 2005 में भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के बाद से नाम मात्र का रह गया, और 2019 में एक बड़ा बदलाव यहां यह हुआ कि शक्सगाम घाटी होकर गुजरने वाले चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर (CPEC) से चीनी माल ग्वादर बंदरगाह पहुंचने लगा। CPEC चीन के लिए बड़े रणनीतिक महत्व की चीज है। ईरान से तेल-गैस की पाइपलाइन इसी रास्ते अपने यहां ले जाने की उसकी योजना है।

**पीछे हटना मुश्किल |** यह बहुत आसान तो नहीं होने जा रहा है, इसका अंदाजा चीन को सिंध में कई बार और कश्मीर की नीलम घाटी में भी एक बार अपने इंजीनियरों पर हुए भीषण हमलों से हो चुका है। लेकिन जितना धन और सोच-विचार चीनी हुकूमत CPEC पर लगा चुकी है, उसे देखते हुए पीछे हटने का कोई रास्ता उसके पास नहीं है।

**साझा हितों के सूत्र |** मतलब यह कि पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में भारत की दिलचस्पी की वजह आने वाले समय में पाकिस्तान से ज्यादा चीन बनेगा। पूर्वी लद्दाख में चीन के उग्र रवैये की एक बड़ी वजह शायद यह है कि यहां अपनी फौजी तैयारी के बल पर वह भारत के बरक्स पाकिस्तान को कमजोर नहीं पड़ने देना चाहता ताकि पाक-अधिकृत जम्मू-कश्मीर के रास्ते हिंद महासागर में निकासी की उसकी दीर्घकालिक योजना परवान चढ़ती रहे। जैसे लक्षण हैं, आटे और बिजली की महंगाई अभी भले ही यहां के लोगों लिए बहुत बड़ा मुद्दा हो, लेकिन आने वाले दिनों में इससे बड़े सवाल भी उनके बीच से उठेंगे। भारत सरकार को पाक-अधिकृत कश्मीर के लोगों से संवाद जोड़ना चाहिए, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच साझा हितों के सूत्र जल्द ही सामने आ सकते हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# देश में सब बराबर, बताती है वोटिंग की लाइन

**पहाड़ों के** कठिन मौसम के कारण हिमाचल प्रदेश के किन्नौर को बाकी देश से पांच महीने पहले ही मौका मिल गया था। और उसमें भी कालपा गांव के श्याम शरण नेगी सबसे आगे रहे। तब उनकी उम्र थी 34 साल। 6 दशक बाद, 2014 में जब देश एक बार फिर आम चुनाव से गुजर रहा था, तब 97 बरस के हो चुके नेगी ने अपने पहले मतदान का अनुभव बताया था, 'मुझे आज भी वह खुशी, गर्व का अहसास याद है जो मैंने उस दिन महसूस किया था। चाहे बारिश हो या बर्फबारी, मैं इससे पीछे कभी नहीं हटा।' भारत के पहले वोटर थे श्याम शरण नेगी। उन्होंने कभी कोई चुनाव मिस नहीं किया। अनुभव की रेखाओं से भर चुके चेहरे पर चौड़ी मुस्कान लिए उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में भी वोट डाला था। अगर इस चुनाव में वह होते, तो एक बार फिर उसी चिर-परिचित मुस्कान के साथ अंगुली पर लगी स्याही को गर्व से दिखाते।

कहा जाता है, लोकतंत्र इस विश्वास पर टिका है कि आम लोगों में ही खास ताकत होती है। मतदान जरिया है उस खास ताकत को महसूस करने का, अपने अधिकारों के इस्तेमाल का। वोटर लिस्ट में नाम देखना, पोलिंग बूथ पर जाना, कतार में लगना और फिर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देना - यह पूरी प्रक्रिया उत्सव जैसी है। अब उत्सव है तो उत्साह और आनंद होना ही चाहिए।

वोटिंग एक जिम्मेदारी है, लेकिन उन जिम्मेदारियों जैसी नहीं जो बोझ बन जाती हैं। यह आपसे कुछ एक्स्ट्रा डिमांड नहीं करती। कुछ ऐसा नहीं मांगती, जिसे पूरा करने में दम भर आए, बल्कि इसका हर स्टेप तो बहुत ही मजेदार है।





## जीवन आनंद

वोट का महत्व तभी है जब उसे दिया जाए। अगर इसे अपने ही पास रखा, तब कोई मोल नहीं। और देना किसे है, इससे भी इसकी कीमत बढ़ जाती है। इसे यूं ही किसी पर लुटाया नहीं जा सकता।

वोटिंग की लाइन अहसास कराती है कि कैसे इस देश में सभी बराबर हैं। अहसास होता है एक-दूसरे से जुड़ाव का। लाइन में आगे-पीछे खड़े लोगों से हो सकता है कि पहले से कोई परिचय न हो, लेकिन वहां सभी को बांधने वाली एक वजह होती है। वह वजह है सकारात्मक बदलाव का हिस्सेदार बनने की चाहत।

वोट देने के लिए EVM का बटन दबाते ही आने वाली बीप की आवाज गहरा संतोष देती है। इस वक्त के अनुभव की तुलना उस समय से कर सकते हैं, जब कोई बड़ा काम पूरा हुआ हो। तब गर्व होता है खुद पर, कि हम भी लोकतंत्र में भागीदार बन रहे हैं। जो नतीजा आएगा, उसमें हमारा भी एक मत होगा। यह एक वोट देश की आवाज में आपकी आवाज को मिला देता है।

वोट वह टूल है, जिससे कुछ भी बदला जा सकता है। इसका सबसे बड़ा आनंद यह है कि इससे हमें निर्णय लेने की शक्ति मिलती है। हम एक फैसला लेते हैं। अपने विचारों और विश्वास के आधार पर किसी को चुनते हैं और उसे अपना समर्थन देते हैं।

जॉर्ज बर्नार्ड शॉ का कहना था कि जब आप मतदान नहीं करते तो शिकायत करने का अधिकार खो देते हैं। लोकतंत्र का दिल होता है वोट, जिसकी धड़कन जुड़ी है आपसे। और हर धड़कन आकार देती है हमारे भविष्य को। इस चुनाव में वोटिंग एक्सपीरियंस को और भी शानदार बनाने के लिए कई अनूठे प्रयोग किए जा रहे हैं। कहीं लकी ड्रॉ निकाला जा रहा है, तो कहीं पोहा और जलेबी से स्वागत। इतनी कवायद इसलिए कि हर एक मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचे और हर एक मत चुनाव से जुड़े। हमारे पास मौका है जिम्मेदारी निभाते हुए आनंद उठाने का।

**शेयर करें अपने अनुभव**


जीवन की दिनचर्या के अनुभवों में आप कैसे आनंद महसूस करते हैं, हमें बताएं **nbtreader@timesgroup.com** पर, और सब्जेक्ट में लिखें- **'जीवन आनंद'**

# पौधों में कैसे दिखता है इंटेलिजेंस

मृत्युंजय राय

**19वीं सदी** के मध्य में जन्म लेने वाले भारतीय साइंटिस्ट जगदीश चंद्र बोस ने दुनिया को बताया कि पेड़-पौधे भी दर्द महसूस कर सकते हैं। वे भी इंसानों और दूसरे जीवों की तरह प्रकाश, कोलाहल और सर्दी-गर्मी का अहसास कर सकते हैं। बोस ने प्रयोगों के जरिये यह बात साबित की थी। पौधों में इंटेलिजेंस के इसी विषय पर Zoe Schlanger की नई किताब आई है, जिसका नाम है **'Light Eaters.'** Zoe साइंस जर्नलिस्ट रही हैं। अपने पेशे की वजह से ही उनकी दिलचस्पी बाद में Botany में हुई, जहां उनकी नजर पौधों में इंटेलिजेंस को लेकर रिसर्चर्स के बीच चल रही बहस पर पड़ी।

AI Image



## विचार विंडो

जैसे, मक्के की मिसाल लें तो यह कैटरपिलर (caterpillar यानी इल्ली) की पहचान उसके लार से कर सकता है। इसके बाद मक्के का पौधा हवा में केमिकल कंपाउंड रिलीज करता है ताकि इल्ली का शिकारी जीव उस तक आ पहुंचे। पौधा ऐसा इसलिए करता है ताकि इल्ली मक्के के दानों को नुकसान न पहुंचाए। Zoe लिखती हैं, 'रिसर्चर्स के बीच इस बात को लेकर बहस है कि क्या पौधे किसी नीयत से कुछ करते हैं? और क्या इंटेलिजेंस (बुद्धिमता) के लिए नीयत का होना जरूरी है?' इसके जवाब में Zoe का कहना है कि इंटेलिजेंस का पता लगाने के लिए नीयत का होना जरूरी नहीं है। उनके मुताबिक, बड़ी बात यह है कि पौधे असल में क्या करते हैं। वह लिखती हैं कि इसे देखने पर पता चलता है कि वे रियल टाइम में फैसले ले रहे होते हैं और उसका मकसद भविष्य की प्लानिंग होता है।


Zoe अपनी किताब के जरिये पाठकों को पौधों के इंटेलिजेंस की उस दुनिया में ले जाती हैं, जिसके बारे में गिने-चुने लोग ही जानते हैं। Zoe अपनी किताब में Yellow monkey flowers का जिक्र करती हैं। वह बताती हैं कि ये फूल pollination के लिए कैसे मधुमक्खियों को गुमराह करते हैं। असल में मधुमक्खियां फूलों से निकलने वाले केमिकल्स के जरिये पता लगाती हैं कि उनमें कितना परागकण है। ज्यादातर मामलों में वे केमिकल्स की मदद से इसका सही अनुमान भी लगा लेती हैं। लेकिन monkey flowers ऐसे केमिकल्स रिलीज करते हैं, जिससे मधुमक्खियों को लगता है कि इन फूलों में परागकण हैं। हालांकि, सचाई यह होती है कि बगैर परागकण के ही ये फूल वैसे केमिकल्स रिलीज करते हैं। वहीं, इस भ्रम में मधुमक्खियों के फूल पर आने की वजह से उनका pollination हो जाता है, जिससे Yellow monkey flowers का विस्तार का लक्ष्य पूरा हो जाता है। Zoe का कहना है कि पौधे सर्वाइवल के लिए ऐसा करते हैं। अगर ये फूल केमिकल रिलीज करते हैं तो उसका मकसद उसकी एवज में मधुमक्खियों से कुछ करवाना होता है। वह यह सवाल भी उठाती हैं कि क्या यहां मधुमक्खी अपनी इच्छा से इन फूलों का pollination कर रही होती है या ये फूल उन्हें गुमराह करके अपना काम निकालते हैं। जाहिर है, इसका फैसला करना आसान नहीं है। दोनों ही बातें सही हो सकती हैं। बल्कि, एक सवाल यह भी उठता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि दोनों आपस में सहयोग कर रहे हों? इस के जवाब में वह लिखती हैं कि कुदरत में किसी को झांसा देने या उनके बीच आपसी सहयोग में फर्क करना मुश्किल होता है। लेकिन इस बात में कोई शक नहीं है कि पौधे इरादतन इस तरह के काम करते हैं। वह बताती हैं कि जब साइंटिस्ट पौधों में इंटेलिजेंस की बात करते हैं तो उसका मतलब वातावरण के हर पहलू को समझते हुए उस हिसाब से खुद में बदलाव लाना होता है।

# अब और अनदेखी नहीं

प्रणव प्रियदर्शी

**कोविड-19 महामारी** भले बीत गई हो, इससे उपजी स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां आज भी एक मसला बनी हुई हैं। खासकर, पिछले कुछ समय में हेल्दी दिखते यंग लोगों की अचानक होने वाली मौत की घटनाओं ने इंडस्ट्री को भी सचेत किया है। कंपनियां अपने एंप्लॉयीज की सेहत को लेकर ज्यादा सतर्क हुई हैं। वर्कप्लेस में हेल्थ कॉन्शसनेस को बढ़ावा देने वाला महौल बनाने के लिए ठोस उपाय किए जा रहे हैं। खास बात यह कि हाल के वर्षों में वर्कफोर्स में महिलाओं की संख्या और प्रभाव में जो इजाफा हुआ है, उसका असर इन कदमों में भी देखा जा सकता है। कुछ दशक पहले की बात होती तो एम्प्लॉयीज की सेहत का मसला मूलतः पुरुषों की सेहत के पहलू तक सीमित रहता। मगर इस बार जो कदम उठाए जा रहे हैं वे न केवल जेंडर न्यूट्रल हैं बल्कि इनमें खास तौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर उठाए गए कदम भी शामिल हैं। मसलन, डोएच बैंक, सिप्ला, अडोबी, अपग्रैड, बीटओ, ड्रीम स्पोर्ट्स और निंजाकार्ट जैसी कंपनियों में न केवल खाने और पानी की क्वॉलिटी की समय-समय पर जांच की व्यवस्था की जा रही है बल्कि वर्कफ्लेस पर आंखों को चुभने वाली सफेद लाइट के बदले LED लाइट्स के इंतजाम किए जा रहे हैं। कर्मचारियों के लिए ब्रेकआउट स्ट्रेचिंग सेशन और एर्गोनॉमिक थेरपी सेशन आयोजित किए जा रहे हैं तो यह भी व्यवस्था की जा रही है कि वे जरूरत के मुताबिक कुछ पढ़ सकें, अच्छा म्यूजिक सुन सकें और योग कर सकें। सिप्ला जैसी कुछ कंपनियां तो अपने ऑफिसों को गार्डेन का रूप दे रही हैं ताकि एम्प्लॉयीज ब्रेक के दौरान खुद को प्रकृति के करीब महसूस कर सकें। महिला केंद्रित उपायों की बात करें तो कुछ कंपनियों ने खास तौर पर इनडोर वॉकिंग ट्रैक बनवाए हैं और कई कंपनियों में जुम्बा क्लासेज आयोजित करवाए जा रहे हैं। इन सबका मकसद वर्कफोर्स को स्वस्थ माहौल प्रदान करते हुए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने को प्रेरित करना है ताकि कंपनियों की प्रॉडक्टिविटी प्रभावित न हो।

AI Image



## आधी दुनिया

## रीडर्स मेल www.edit.nbt.in

**चुप रहना एक कला**

**13 मई** को 'जीवन आनंद' कॉलम में 'चुप करके सुनेंगे, तभी तो ठीक से बहस करेंगे' शीर्षक से प्रकाशित लेख पढ़ा। कुछ लोगों की बेवजह बोलने की आदत होती है। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो मुद्दे की बातें कहते हैं। लेकिन किसी भी सूरत में ज्यादा बोलने से बेहतर है कम और सोच-समझकर बोलना। इसमें सीखने की गुंजाइश ज्यादा रहती है। राजनीति की बात करें तो राजनेता अपने विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। दूसरे पक्ष वाले इसका उसी शैली में प्रतिकार करते हैं। जो गलत बोलते हैं, उनकी ही छवि खराब होती है।

**राजेश कुमार चौहान,** ईमेल से

**सुनने के फायदे**

**यह पत्र** 13 मई के लेख 'चुप करके सुनेंगे, तभी तो ठीक से बहस करेंगे' से संबंधित है। चुप रहकर सुनना एक महत्वपूर्ण कौशल है जो बातचीत में गहरे और सार्थक जवाब देने की क्षमता बढ़ाता है। जब गौर से सुनते हैं, तो आप बातचीत के सभी पहलुओं को समझते हैं। इससे आप अधिक सटीक और प्रासंगिक जवाब दे सकते हैं। कोई बिंदु स्पष्ट नहीं होता, तो विनम्रता से सवाल पूछें। इससे आपकी समझ बढ़ेगी और बेहतर जवाब देने में मदद मिलेगी।

**अनुराग सिंह,** ईमेल से

**सेहत से खुशहाली**

**कहते हैं,** स्वस्थ तन में स्वच्छ मन निवास करता है। इसलिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जीवन में खुशियां आती हैं। इसके लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और पर्याप्त नींद महत्वपूर्ण हैं। इससे तनाव, चिंता और अवसाद कम होता है। तन स्वस्थ रहने से खुशी मिलना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, क्योंकि शारीरिक स्वास्थ्य सीधे मानसिक और भावनात्मक स्थिति को प्रभावित करता है। स्वस्थ रहने से बीमारी और उसके इलाज पर होने वाले खर्चों से बचा जा सकता है, जिससे परिवार में खुशहाली आती है।

**सीमा रावत,** ईमेल से

nbtedit@timesgroup.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

**अंतिम पत्र**

**गर्मी में** बढ़ी डिमांड ने AC कंपनियों के निकाले पसीने - एक खबर

पसीने सबको आते हैं, वजहें चाहे अलग हों!

**सुमित कुमार**

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें hindi.speakingtree.in

# चीज़ों के असल स्वरूप की समझ देता है ज्ञान

श्री प्रेम रावत जी

**एक दिन** खगोल विज्ञान की एक पत्रिका में ब्रह्मांड की तस्वीरें देख रहा था। वे तस्वीरें अविश्वसनीय थीं। जिज्ञासा बढ़ी और अपने खगोलशास्त्री मित्र की सहायता से रात के शांत वातावरण में दूरबीन से आसमान की ओर देखना शुरू किया। आश्चर्यजनक दृश्य। देखते-देखते अचानक अहसास हुआ कि सतगुरु ने हमें भी तो एक दूरबीन दी है- ज्ञान। दूरबीन की तरह ज्ञान के जरिए हम अपने अंदर स्थित इस आंतरिक ब्रह्मांड को देख सकते हैं। निश्चित ही ज्ञान रूपी दूरबीन से हम हृदय की प्यास को बुझा सकते हैं। अपने अंदर मौजूद चीजों को देख सकते हैं, जिनमें बहुत आकर्षण है। तो क्यों न हम सभी ज्ञान की उस दूरबीन को पकड़ें और उन अनदेखी चीजों को देखते-देखते उसमें खो जाएं!

एक बार जब आप उस सुंदरता से जुड़ जाते हैं और हृदय आनंद से भर जाता है, तो यह आकस्मिक नहीं होगा। यह संयोग से नहीं होगा। यह पृथ्वी के प्रत्येक मनुष्य के लिए पूर्ण और सर्वोच्च वास्तविकता है। जब आपको वह अहसास होता है, तब और कुछ नहीं, समय रुक जाता है। समय अब मायने नहीं रखता। उस समय आप संतुष्टि महसूस करते हैं और उस समय आप शांति में हैं। और तभी आपकी मौलिक वास्तविकता पूरी होगी। कई बार ऐसा लगता है कि जीवन में हम कुछ चाहते हैं उसकी हमें जरूरत नहीं है। एक ही नाम को आप शांति, खुशी, मुक्ति कह सकते हैं। आप इसे आनंद भी कह सकते हैं, कोई बात नहीं। क्यों? क्योंकि वे एक ही चीज के अलग-अलग नाम हैं। जब हृदय संतुष्ट होगा, तो आनंद होगा। जब हृदय संतुष्ट होगा तो शांति होगी।

अंधेरे और उजाले में क्या अंतर है? अंधेरे में आप देख नहीं सकते। यदि आप नहीं देखेंगे तो आप बाधाओं से बच नहीं पाएंगे। आप जिन बाधाओं से टकराते हैं, रास्ते में आने वाली सभी बाधाएं, सूर्य के उगने के साथ गायब नहीं होती हैं। लेकिन आप उन्हें देख सकते हैं और उनसे बच भी सकते हैं। प्रकाश बाधाओं को दूर नहीं करता, बल्कि उन्हें प्रकाशित करता है। मान लीजिए, मैं आपको एक छाता पेश करता हूं। मैं बारिश को नहीं रोक सकता। पर आपके पास छाता है तो कोई समस्या नहीं है। आप भीगने से बच जाएंगे। मान लीजिए, मैंने आपके हाथ में एक दीपक थमा दिया ताकि आप देख सकें और उन चीजों से बच सकें, जिनसे बचना चाहते हैं। इस तरह ज्ञान काम करता है। इसलिए आपको इसकी आवश्यकता है।

जब मैं अपने अंदर जाता हूं तो मुझे अनंत महसूस होता है। यह सिर्फ एक अनुभूति है। यह कोई परिभाषा नहीं है बल्कि एक एहसास है जिसका सिर्फ अनुभव ही होता है। जिसे सुनकर मैं कह सकूं कि हां, यह अनंत है। क्योंकि मुझे इसका अंत नजर नहीं आता। हर दिन मैं इसमें गोता लगाता हूं। हर दिन मैं इसकी और गहराई में उतरता हूं। फिर भी ऐसा लगता है कि यह कभी खत्म नहीं होगा।

जब मैंने उसमें प्रवेश किया और मैं उसकी संगति में हूं, तो वही सच्ची संगति है जो मेरा हृदय चाहता है। वही वह संगति है जो मुझे आंनद से भर देती है।

प्रस्तुति : आर.डी. अग्रवाल 'प्रेमी'

आर.एन.आई. नं. 510/57© सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित तथा **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद** और प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर M-11, ट्रांसपोर्ट हब, इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप, मानेसर, हरियाणा से मुद्रित। फोन : 23302000 फैक्सः 23492047, पंजीकृत कार्यालय : दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क : 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य : सोमवार से शनिवार : नेपाली 5 रु. ; रविवार : नेपाली 6 रु.
संपादक (दिल्ली मार्केट) : आशीष पांडे (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी)

# बागपत के सिंह परिवार ने कहा, सड़क मिली, रोज़गार की मंज़िल चाहिए

## अंगदपुर जौहड़ी निवासी रिटायर्ड टीचर को शिक्षा व्यवस्था में निवेश की है चाहत




**भारत की कहानी सीरीज़ के तहत हम आपको बता रहे हैं देश के कोने-कोने से लोगों का हाल। आज इस सीरीज़ में हम आपके लिए लाए हैं उत्तर प्रदेश के बागपत की कहानी, यहां के सिंह परिवार की जुबानी :**



**गांव के ज्यादातर युवा पुलिस और फौज में जाना चाहते हैं, लेकिन वे केंद्र की अग्निवीर योजना से नाराज हैं। पढ़े-लिखे युवाओं की शादियां होने में भी दिक्कतें हो रही हैं, क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं है। -ओम सिंह**

परिवार का कहना है कि छोटे किसानों की आय नहीं बढ़ी है। गांव में अच्छा इलाज भी नहीं मिलता।

Bhupender.Sharma@timesgroup.com

**बागपत जिले** के बड़ौत तहसील में अंगदपुर जौहड़ी गांव के प्राइमरी स्कूल से पढ़कर निकले ओम सिंह को काफी संघर्षों के बाद सफलता मिली। वह सरकारी स्कूल में टीचर बने। उनके गांव में छोटे किसानों की संख्या बहुत ज्यादा है और जमीनों का बंटवारा होते-होते अब किसानों की समस्या भी बढ़ रही है।


ओम सिंह बताते हैं कि गांव से निकलकर 8वीं तक की पढ़ाई पास के गांव में एक मिडिल स्कूल से की। फिर बड़ौत में जाट वैदिक इंटर कॉलेज में 9वीं में दाखिला लिया। B.Sc. और फिर M.A. किया। गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार में पढ़ाया और उसके बाद दिल्ली में सरकारी स्कूल में टीचर के तौर पर 1979 में नौकरी मिली। उनके एक बेटा और दो बेटियां हैं। ओम सिंह कहते हैं कि वह गांव से निकलकर उच्च शिक्षा हासिल कर नौकरी कर पाए और अपने बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दी। मगर, गांवों में शिक्षा की स्थिति में इतने वर्षों बाद भी कोई बहुत बड़ा बदलाव नहीं आया है। सरकार को शिक्षा में ज्यादा निवेश करना चाहिए और गांव में स्कूलों और कॉलेजों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ-साथ क्वॉलिटी एजुकेशन पर ध्यान देना जरूरी है। गांव के युवाओं को अगर बेहतर शिक्षा मिलेगी तो वह भी अपने परिवार और समाज के लिए काफी कुछ कर सकते हैं। शूटर दादी के नाम से मशहूर चंद्रो तोमर भी इसी गांव की थीं।

**अंगदपुर जौहड़ी गांव में लोग आटा चक्की बनाकर देश में गांव की पहचान बना चुके हैं। शूटर दादी के नाम से मशहूर चंद्रो तोमर भी इसी गांव की थीं।**

ओम सिंह कहते हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हुआ है। गांव से जुड़ने वाली सड़कें भी अच्छी हो रही हैं। गांव के युवाओं को रोजगार के लिए आज भी काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी एक बड़ा मुद्दा है। गांव के लोगों को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के अस्पतालों में इलाज के लिए भागना पड़ता है। वह बताते हैं कि उनका भतीजा गांव में रहता है लेकिन उसकी स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। छोटे किसानों की आय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। गांव में अच्छा इलाज नहीं करवा सकते। दिल्ली के अस्पतालों में इलाज करवाने के लिए आते हैं। महंगाई भी बढ़ रही है और आयुष्मान भारत जैसी महत्वपूर्ण योजना का लाभ भी उन लोगों को नहीं मिल रहा है। बागपत में जिला अस्पताल में डॉक्टर की कमी है। नर्सिंग होम या प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए कई बार छोटे किसान अपनी जमीन भी बेचते हैं। महंगाई के इस दौर में उनके लिए गुजारा करना मुश्किल होता है। किसानों के उत्पाद का भाव कोई और तय करता है। मिलों से किसानों को पेमेंट में देरी होती है। ओम सिंह ने 1979 से लेकर 2013 तक दिल्ली में नौकरी की। आजकल वह उत्तर प्रदेश में रह रहे हैं।

अंगदपुर जौहड़ी गांव में लोग आटा चक्की बनाकर देश में अपने गांव की पहचान बना चुके हैं। राजस्थान से पत्थर लाकर यहां के लोग हाथों से डिजाइन देकर उन्हें तैयार करते हैं। कला इतनी बखूबी से करते हैं कि आज के जमाने में भी इन चक्कियों की डिमांड कम नहीं हो सकी है। लोग खेती के साथ-साथ इन चक्कियों को भी बनाते हैं। इन चक्कियों की डिमांड देश के हर एक कोने में है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिम बंगाल तक यहां की चक्की जाती है।

### बागपत को जानिए



बागपत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यमुना नदी के पूर्वी किनारे बसा हुआ है। यह हरियाणा की सीमा से सटा हुआ है। इसका मूल नाम व्याघ्रप्रस्थ था, जिसका मतलब है 'बाघ का नगर'। इस क्षेत्र में कई बाघ पाए जाते थे। महाभारत में भी इस क्षेत्र को व्याघ्रप्रस्थ कहा जाता था। यह उन पांच गांवों में से एक था, जिसकी मांग भगवान कृष्ण ने हस्तिनापुर से पांडवों के लिए की थी। मुगल काल में इसका नाम बागपत हो गया।

**पिछले तीन बार के विजेता**

**2009**
अजित सिंह
(RLD)

**2014**
सत्यपाल सिंह
(BJP)

**2019**
सत्यपाल सिंह
(BJP)

### परिवार ने क्या बताईं चुनौतियां?

1. युवाओं को रोजगार के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।
2. साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी एक बड़ा मुद्दा है। गांव के लोगों को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के अस्पतालों में इलाज के लिए भागना पड़ता है।
3. गांवों में शिक्षा की स्थिति में इतने वर्षों बाद भी कोई बहुत बड़ा बदलाव नहीं आया है।

### नई सरकार से क्या चाहते हैं?

1. हर जिले में एक ऐसा अस्पताल हो, जहां पर इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएं हों। एम्स की तर्ज पर यह अस्पताल बनना चाहिए।
2. प्राइवेट स्कूलों के लिए नियम कड़े हों कि ज्यादा फीस नहीं लेंगे।
3. भ्रष्टाचार बड़ी समस्या है। नई सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाए।

# 695 उम्मीदवारों की किस्मत आज EVM में होगी बंद




■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**लोकसभा चुनाव** के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों के लिए सोमवार को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। गर्मी को देखते हुए भी आयोग ने तमाम पोलिंग स्टेशनों पर पर्याप्त इंतजाम किए हैं। इस चरण में 695 उम्मीदवार चुनावी मैदान में खड़े हैं। उनकी चुनावी किस्मत EVM में कैद हो जाएगी।

इस चरण में लखनऊ और रायबरेली समेत कई अहम लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा, जहां से केंद्रीय मंत्रियों और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की किस्मत भी EVM में कैद हो जाएगी। उनमें लखनऊ सीट से केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण और मुंबई उत्तर से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शामिल हैं। गोयल पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में हैं। उनके अलावा महाराष्ट्र की दिंडोरी सीट से भारती प्रवीण पंवार, बारामूला से उमर अब्दुल्ला और हाजीपुर सीट से चिराग पासवान भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आयोग ने बताया कि इस चरण में बिहार की पांच, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखंड की तीन, लद्दाख की एक, महाराष्ट्र की 13, ओडिशा की पांच, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। वोट डालने का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है। शाम 6 बजे तक पोलिंग स्टेशन पर आने वाला हर वोटर वोट देगा।

### पांचवें चरण से जुड़े आंकड़े

**49 लोकसभा सीटों पर 4.69 करोड़ पुरुष और 4.26 करोड़ महिला मतदाता हैं। 5,409 वोटर्स थर्ड जेंडर के हैं।**

**9.47 लाख** के करीब मतदान अधिकारी आज चुनाव कराएंगे

**94732** मतदान केंद्र बनाए गए हैं 5वें चरण की वोटिंग के लिए

**7.81 लाख** से अधिक वोटर इस चरण में 85 साल की उम्र पार कर चुके हैं

**24,792** मतदाता 100 साल से अधिक उम्र के

**7.03 लाख** दिव्यांग मतदाता

**153** पर्यवेक्षक चुनाव क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं

**2000** उड़न दस्ते मतदाताओं को लालच दिए जाने पर रख रहे नजर



17 विशेष रेलगाड़ियों और 508 हेलिकॉप्टर उड़ानों की पोलिंग पार्टी और सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था की गई

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### क्या वोटर गर्मी को छोड़ेगा पीछे?

चार चरणों के मतदान में वोटिंग टर्नआउट उम्मीद से कम रहा है। चुनाव आयोग अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहा है कि वोटर घरों से निकलें। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 मई को भी गर्मी अधिक ही रहने की उम्मीद है। ऐसे में गर्मी में वोटरों को घरों से निकालना आयोग और राज्यों के CEO ऑफिस समेत तमाम पार्टियों के लिए भी बड़ी चुनौती होगी। हालांकि आयोग का कहना है कि उसकी तरफ से गर्मी को देखते हुए तमाम पोलिंग स्टेशनों पर पीने का पानी और शेड समेत बैठने के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। कोशिश की गई है कि तेज गर्मी के बावजूद वोटरों को कोई परेशानी न हो। तेज गर्मी को देखते हुए पांचवें चरण में आयोग के लिए अधिक से अधिक वोटरों को वोट देने के लिए उत्साहित करना बड़ी चुनौती होगी।

# क्या मोदी मैजिक से बदलेगी इन सीटों की चुनावी तकदीर?

## महानदी के तीरे, उड़िया अस्मिता का मिलेगा जवाब?

ग्राउंड जीरो से
भूपेंद्र शर्मा
संबलपुर, ओडिशा

**पश्चिम ओडिशा** का केंद्र कहे जाने वाले संबलपुर लोकसभा सीट इस बार उन हाई-प्रोफाइल सीटों में से एक है, जिन पर पूरे देश की नजर है। संबलपुर को ओडिशा की दूसरी राजधानी भी कहा जाता है। BJP के कद्दावर नेता और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। बीजू जनता दल (BJD) ने भी अपने टॉप थ्री नेताओं में से एक प्रणब प्रकाश दास को मैदान में उतारा है। महानदी के किनारे बसे संबलपुर में टैक्सी चलाकर गुजर-बसर करने वाले जितेंद्र नंदा कहते हैं कि पश्चिमी ओडिशा के ज्यादातर लोग धर्मेंद्र प्रधान को जानते हैं, क्योंकि वे यहां लगातार आते-जाते रहे हैं।

2004 में प्रधान देवगढ़ लोकसभा सीट से जीते थे और संबलपुर उसी पुरानी लोकसभा का हिस्सा है, जिसमें 7 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी संबलपुर से BJP के ही नितेश गंगा देब 9162 वोटों से जीते थे लेकिन उनका टिकट काटकर धर्मेंद्र प्रधान को दिए जाने से यहां के आम लोग सहमत दिखाई दे रहे हैं। माधव चंद्र कहते हैं कि पिछले सांसद से ज्यादा धर्मेंद्र प्रधान को यहां के लोग जानते हैं। BJD की चुनौती के बारे में लोगों की राय है कि उसने भी अपने मजबूत कैंडिडेट को उतारा है और इस सीट पर अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। रवींद्र नायक की राय है कि BJP को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का भी फायदा होगा और लोकसभा में BJP अपनी पिछली संख्या में बढ़ोतरी कर सकती है। 2019 में BJP को ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में से 8 सीटें मिली थीं। टीकू नायक बताते हैं कि प्राइवेट इंडस्ट्री के कारण लोगों को रोजगार तो मिल जाता है लेकिन शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधाओं की कमी है। वह कहते हैं कि राज्य सरकार को ड्राइवरों के लिए भी कुछ करना चाहिए क्योंकि यहां की बड़ी आबादी ड्राइवरी कर अपनी रोजी-रोटी कमा रही है। चुनाव में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।



BJP ने धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है।



BJD ने प्रणब प्रकाश दास (बाएं) को टिकट दिया है।

**ओडिशा अस्मिता का मुद्दा:** BJP ने इस बार चुनाव में ओडिशा की अस्मिता का मुद्दा जोर-शोर से उठाया है। संबलपुर में भी पार्टी की हर सभा में यह मुद्दा उठाया जा रहा है। ज्यादातर लोग इस मुद्दे से परिचित दिखाई दे रहे हैं। ओडिशा मुख्यमंत्री के निजी सचिव रहे नौकरशाह वी. के. पांडियन तमिलनाडु के मूल निवासी हैं। वह 12 साल निजी सचिव रहने के बाद BJD में शामिल हो गए और वह काफी पावरफुल माने जाते हैं। वर्तमान चुनाव में मुख्य विपक्षी दल BJP ने पांडियन को चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाया हुआ है। BJP उड़िया अस्मिता का सवाल उठाते बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। स्थानीय लोगों में भी पांडियन की स्वीकार्यता कम नजर आ रही है। नवीन पटनायक के बाद एक बाहरी व्यक्ति के हाथों में सत्ता जाने की आशंका लोग जता रहे हैं। ओडिशा के जानकारों के मुताबिक BJD में भी पांडियन के नेतृत्व की स्वीकार्यता को लेकर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि BJD के पास बहुत ही मजबूत संगठन है और BJP की ओर से उठाए जा रहे इस मुद्दे की काट के लिए जोरदार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

### पटनायक तक खाते हैं यह मिठाई

संबलपुर में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली मिठाई सरसतिया है। इस मिठाई को बनाने वाले प्रभुलाल गुप्ता (मिंटू काका) दावा करते हैं कि पिछले 160 वर्षों से उनकी दुकान है और इस दुकान पर बनी यह मिठाई धर्मेंद्र प्रधान से लेकर ओडिशा के सीएम नवीन बाबू भी मंगाते हैं। सरसतिया को संबलपुर क्षेत्र में पारंपरिक रूप से बनाया जाता है। यह मिठाई धीरे-धीरे दुर्लभ होते जा रही है, क्योंकि इस मिठाई को गांजर की टहनियों की राल से बनाया जाता है। वनों की कटाई के चलते गांजर का पेड़ विलुप्त हो रहा है।

### कांग्रेस के लिए है कड़ी चुनौती

कांग्रेस ने 2009 में यह सीट जीती थी और उसके बाद 2014 में BJD के नागेंद्र कुमार प्रधान जीते। वह अब कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस ने नागेंद्र कुमार प्रधान को इस बार टिकट दिया है। कांग्रेस की कोशिश इस बार मुकाबले को त्रिकोणीय करने की है। BJD भी BJP से सीट छीनने की कोशिश कर रही है।

### आयाराम गयाराम

#### BJP सांसद तृणमूल कांग्रेस में हुए शामिल



कुनार हेम्ब्रम (दाएं)

■ **पीटीआई, कोलकाता** : रविवार को झारग्राम के BJP सांसद कुनार हेम्ब्रम तृणमूल कांग्रेस (TMC) में शामिल हो गए। उन्होंने पार्टी के जनरल सेक्रेट्री अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में एक चुनावी सभा में TMC में शामिल हुए। झारग्राम में पार्टी में शामिल होने के तुरंत बाद हेम्ब्रम ने कहा कि वह CM ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में राज्य के विकास के लिए काम करेंगे।

#### BJD विधायक ने थामा BJP का दामन

■ **भाषा, भुवनेश्वर** : BJD के निमापारा से विधायक समीर रंजन दाश रविवार को BJP में शामिल हो गए। BJP की ओडिशा यूनिट के अध्यक्ष मनमोहन सामल, पार्टी के ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर और दूसरे नेताओं ने पार्टी मुख्यालय में दाश का स्वागत किया। तीन बार के विधायक 2024 विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। दाश ने कहा, 'BJD के नेतृत्व में विश्वास खोने के बाद मैं BJP में शामिल हो गया हूं।'

### फटाफट खबर

#### अमृतपाल सिंह का चुनाव चिह्न 'माइक'

■ **पीटीआई, चंडीगढ़** : पंजाब के खडूर साहिब लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे अलगाववादी नेता अमृतपाल सिंह को माइक चुनाव चिह्न मिला है। वह फिलहाल असम के डिब्रूगढ़ जेल में नैशनल सिक्यॉरिटी ऐक्ट के तहत बंद हैं। वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। फरीदकोट सीट से चुनाव लड़ रहे सरबजीत सिंह खालसा को गन्ना किसान चुनाव चिह्न मिला है। वह भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। सरबजीत सिंह खालसा इंदिरा गांधी की हत्या के दोषी बेअंत सिंह के बेटे हैं। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो बॉडीगार्ड्स ने कर दी थी।

## क्या BJP की राह रोक पाएगा विपक्षी गठबंधन?



*केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लक्ष्मण नगर में जनसभा कर BJP प्रत्याशी साकेत मिश्रा को अपना भाई बताया। वह श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के निर्माण प्रमुख नृपेन्द्र मिश्र के बेटे हैं।*

ग्राउंड जीरो से
संतोष सक्सेना
श्रावस्ती, उत्तर प्रदेश

**श्रावस्ती का** नाम आते ही जेहन में महात्मा बुद्ध की तस्वीर उभर आती है। शांति के सबसे ज्यादा उपदेश बुद्ध ने इसी माटी पर दिए थे। यहां की माटी में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मभूमि कौआपुर (बलरामपुर) की यादें घुली हुई हैं। पूरा इलाका गांव देहात की तरह है। यही कारण है कि यह क्षेत्र प्रदेश में सबसे कम नगरीय इलाके में शामिल है। रोजी-रोजगार के लिए कल कारखाना यहां है नहीं। बड़ी तादाद में गांवों से लोग कमाने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में पसीना बहाने को मजबूर हैं।

वर्ष 2009 में अस्तित्व में आई श्रावस्ती लोकसभा श्रावस्ती जिले के दो और बलरामपुर की तीन विधानसभा सीटों से मिलकर बनी है। 2009 में कांग्रेस, 2014 में BJP और 2019 में BSP इस सीट को जीत चुकी है। पिछली बार शिकस्त खाने के बाद BJP इस सीट को अपने पाले में लाने के लिए हर जतन कर रही है। विपक्षी I.N.D.I.A. में शामिल समाजवादी पार्टी ने यहां मौजूदा BSP सांसद को टिकट देकर मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। BSP ने मुसलमान प्रत्याशी उतारा है, लेकिन उसका असर दिख नहीं रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को सफल बनाने के लिए BJP को अब मोदी मैजिक का सहारा है।

**श्रावस्ती सीट पर कुर्मी मतदाता अहम हैं।**

बहराइच जिले से श्रावस्ती की ओर पड़ता है इकौना। गहन बसावट वाले इस कस्बे में पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर जोरदार उत्साह हैं। बाजार में मिले मुबारकनगर के संतोष श्रीवास्तव ने बातचीत की शुरुआत ही इंटरनैशनल पॉलिटिक्स से की। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका, रूस और चीन ही पावर सेंटर है। भारत खुद में ही एक पावर सेंटर बन रहा है। यह पीएम नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों की मेहनत से संभव हो पाया है। उन्हें तीसरा मौका हर हाल में मिलना ही चाहिए।

बाजार में मिले खाद व्यापारी श्रवण कसौंधन ने बताया कि वही इंसान तरक्की करता है जिसका नजरिया साफ होता है। सीएम योगी इधर-उधर की बात नहीं करते, जो कहते है उसे डंके की चोट पर करके दिखाते है। पुलिस के इकबाल को उन्होंने फिर से जिंदा किया है। उनकी यही कार्यशैली उन्हें देश में सबसे अलग सीएम के रूप में पहचान दिला रही है। इसी बाजार में मिले कपड़ा व्यापारी संजीव नैय्यर ने कहा आप लोग I.N.D.I.A. को अंडरस्टीमेट क्यों कर रहे हैं? गठबंधन यहां बहुत मजबूत है। अब लोग रोजी-रोजगार को लेकर बेचैन हैं। महंगाई का हाल देखिए कुछ बच नहीं रहा है। मझोले और छोटे व्यापारियों का दम घुट रहा है। श्रावस्ती में ही प्रचार के लिए पीएम मंगलवार को आने वाले हैं। यह बताता है कि इस सीट पर गठबंधन ने उनकी नींद उड़ा दी है।

## पंजाब के चुनाव से गायब हैं 'पॉलिटिक्स के सरदार'

ग्राउंड जीरो से
अमनदीप सिंह
पंजाब

**एक वक्त** था, जब कई स्टार नेताओं को सुनने के लिए या एक झलक पाने के लिए चुनावी सभाओं में हजारों लोग जुट जाते थे। आज न उनके बयान हेडलाइन बन रहे हैं न ही वे लोकसभा चुनाव के रण में दिखाई दे रहे हैं। आइए जानते हैं उन नेताओं के बारे में जो चुनाव के परिदृश्य से गायब हैं।

**BJP दा 'कैप्टन' हुए बाहर:** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह सितंबर 2021 में सीएम पद छोड़ने के बाद से पंजाब की राजनीति में एक्टिव नहीं हैं। कैप्टन ने कांग्रेस छोड़कर BJP जॉइन की थी। पत्नी परनीत कौर ने पटियाला से BJP के टिकट पर जिस दिन नामांकन पत्र दाखिल किया था उन्हें उस दिन भी उनके साथ नहीं देखा गया था। दिल्ली में भी पंजाबी और सिख वोट बैंक के बावजूद कैप्टन को प्रचार करते हुए नहीं देखा गया।



अमरिंदर सिंह



नवजोत सिद्धू

**'ओए गुरु' भी चुनावों से दूर:** पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के लिए कमेंटरी कर रहे हैं। जेल से बाहर आने के बाद से सिद्धू ने इशारा कर दिया था कि वह इस बार के आम चुनाव में ज्यादा नहीं दिखेंगे। अमृतसर सीट से सांसद रह चुके सिद्धू इस वक्त IPL के साथ-साथ पत्नी नवजौत कौर की देखभाल में लगे हैं। नवजौत कौर कैंसर से लड़ रही हैं। उनका इलाज चल रहा है।

**कभी इधर-कभी उधर:** बड़े अकाली नेताओं में शामिल सुखदेव सिंह ढींढसा बेटे को टिकट न मिलने से नाराज हैं। उनका परिवार शिरोमणि अकाली दल में फिर से शामिल हो गया, लेकिन पार्टी ने उनके बेटे परमिंदर सिंह ढींढसा को संगरूर से मैदान में नहीं उतारा। पंजाब में अकालियों का पिंडों में काफी वोट बैंक है। इसके बावजूद ढींढसा अभी तक अकाली के हक में वोट मांगते नजर नहीं आए हैं। सुखबीर सिंह बादल ने पार्टी जॉइन कराने के बाद से अब तक उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं सौंपी है।

**कहां हैं कलाकार:** ऐक्टर और कभी AAP की पंजाब इकाई के नेता रहे गुरप्रीत सिंह घुग्गी रील लाइफ में दिख रहे हैं कि लेकिन राजनीतिक स्टेज से गायब हो चुके हैं। AAP के करमजीत अनमोल के लिए गिप्पी जरूर दिखे लेकिन घुग्गी गायब हैं।

#### नहीं आया एक भी बयान

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल BJP में चले गए थे। वह हार्ट की सर्जरी के बाद रिकवर कर रहे हैं। बादल का 2024 के चुनाव में एक भी बयान नहीं आया है।

#### आवाज कम हो गई है

जगमीत सिंह बराड़, जो कभी राज्य कांग्रेस में एक बड़ा नाम थे और अपनी कला के लिए आवाज-ए-पंजाब कहलाते थे, 2022 के विधानसभा चुनावों में AAP की लहर के बाद से सभी राजनीतिक हलकों से बाहर हैं।

## पांचवें चरण के मतदान के लिए सितारों ने की अपील

# सितारे बोले, 'जो करना है करो पर वोट करो'



**लोकसभा चुनाव के सात चरण में से अब तक चार चरण हो चुके हैं। पांचवें चरण के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इसको लेकर मायानगरी में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया के जरिए सलमान खान, शाहरुख खान और रश्मिका मंदाना जैसे स्टार्स ने लोगों से वोट डालने की अपील की है। इसके अलावा पहले भी कई सितारे लोगों को मतदान के लिए जागरुक कर चुके हैं।**

### अपने वोट का इस्तेमाल करें

सलमान खान ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'चाहे कुछ भी हो मैं साल के 365 दिन एक्सरसाइज करता हूं और अब मैं 20 मई को अपने वोट देने के अधिकार का इस्तेमाल करने जा रहा हूं चाहे कुछ भी हो। जो करना है करो यार लेकिन जाओ और वोट करो और अपनी भारत माता को परेशान मत करो.. भारत माता की जय।'










**सब आगे आए एक साथ :** करण जौहर ने बीते दिनों अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक विडियो पोस्ट किया था। इस विडियो में रणबीर कपूर, बोमन ईरानी, नेहा कक्कड़, सिद्धार्थ मल्होत्रा, विक्रांत मैसी सहित कई अन्य सिलेब्रिटी मतदान का महत्व समझाते हुए नजर आ रहे हैं। उधर, रणदीप हुड्डा ने लिखा है, 'मुंबई, आपका वोट आपका अधिकार भी है और कर्तव्य भी। इस 20 मई को आइए एकजुट हों और पूरे उत्साह के साथ चुनाव में उतरें। हम सब मिलकर उस भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जिसका हम सपना देखते हैं।' जैकी श्रॉफ ने एक्स पर लिखा, 'बाहर निकलो और वोट करो।' इससे पहले सुनील शेट्टी भी एक विडियो वायरल हुआ था,जिसके माध्यम से वह जनता से वोट डालने की अपील कर रहे थे। विडियो में सुनील शेट्टी कहते हैं, 'हम सभी को अपने घरों से निकलकर वोट करना चाहिए क्योंकि 5 साल में एक बार हमें ये मौका मिलता है। मेरी सबसे यही विनती है कि सबकुछ भूल जाइए और अपना हक जाकर जताइए।'



### कर्तव्य अदा करें: शाहरुख

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'भारत के जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें इस सोमवार को महाराष्ट्र में मतदान करना चाहिए। आइए हम सब मिलकर एक भारतीय होने का कर्तव्य अदा करें और राष्ट्र के सर्वोत्तम हितों को जेहन में रखते हुए वोट डालें। आगे आएं और मतदान को मिलकर बढ़ावा दें।'



### विकास के लिए वोट करें


अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने भी लोगों से वोट जरूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विकास रुकना नहीं चाहिए. विकास के लिए वोट करें।

## Cannes के गाला डिनर में कियारा का जलवा



**Cannes** फिल्म फेस्टिवल में बॉलिवुड के तमाम कलाकार अपनी छठा बिखेर रहे हैं। पहले ऐश्वर्या राय बच्चन ने जहां मोनोक्रोमैटिक ड्रेस में लोगों का मन मोह लिया, वहीं बॉलिवुड बाला कियारा आडवाणी ने भी Cannes में अपना शानदार डेब्यू किया। कियारा अपने पहले लुक में वाइट साटन के थाई-हाई स्लिट गाउन में दिखाई दीं थीं। लेकिन कियारा जिस मुख्य इवेंट में शामिल होने के लिए Cannes आई थीं, अब उसकी भी तस्वीरें सामने आई हैं।

दरअसल कियारा इस फेस्टिवल में रेड सी फिल्म फाउंडेशन विमन के सिनेमा गाला डिनर में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंची हैं। अब इस गाला डिनर की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें कियारा पिंक और ब्लैक रंग के गाउन में बेहद खूबसूरत नजर आई हैं। ड्रेस के साथ उन्होंने बालों में एक हैवी बन (जूड़ा) बनाया हुआ था और गले में एक खूबसूरत सा नेकलेस पहना हुआ था। वहीं इससे पहले कियारा आडवाणी ऑरेंज कलर के गाउन में बला की खूबसूरत नजर आई थीं। उन्होंने गोल्डन ईयररिंग के साथ इस ड्रेस को पेयर किया हुआ था।





नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह और प्रतीक बब्बर मंथन की स्क्रीनिंग के लिए Cannes पहुंचे।



आधवा फहद, असील ओमरान, कियारा, रमाता टौले, सरोचा चानकीम्हा, सलमा अबू

## पीएम मोदी का किरदार निभा सकते हैं सत्यराज

'बाहुबली' में कटप्पा के किरदार से सत्यराज को घर-घर में पहचान मिली। अब खबर है कि साउथ ऐक्टर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। दरअसल, सोशल मीडिया पर अभिनेता की अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कहा जा रहा है कि ऐक्टर अगली बार बायॉपिक में दिखाई देने वाले हैं और वह फिल्म में पीएम मोदी की भूमिका निभाने जा रहे हैं। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। चर्चा है कि फिल्म की शूटिंग इसी साल शुरू हो जाएगी।



हालांकि, फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई हैं। फिल्म के अन्य कलाकार और क्रू और तकनिकी टीम के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि इससे पहले भी कई ऐक्टर नरेंद्र मोदी की भूमिका पर्दे पर निभा चुके हैं। विवेक ओबेरॉय ने 2019 में उनके जीवन पर आधारित फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी में अहम भूमिका निभाई थी। उनके अलावा महेश ठाकुर समेत कई अन्य ऐक्टर भी उनका किरदार निभा चुके हैं।

## मैं भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोचता: विजय राज

ऐक्टर विजय राज ने अपनी परफॉर्मेंस से हमेशा दर्शकों का दिल जीता है। इन दिनों वे सीरीज मर्डर इन माहिम को लेकर चर्चा में हैं। अब ऐक्टर ने अपने संघर्ष पर बात की है। एक साक्षात्कार में विजय राज ने कहा, 'असली संघर्ष तब होता है, जब एक सिक्यॉरिटी गार्ड 12 हजार रुपये प्रति महीना कमाता है और परिवार का पालन-पोषण करता है। हालांकि, वो सिक्यॉरिटी गार्ड बनना नहीं चाहता लेकिन मजबूरी में ऐसा कर रहा है क्योंकि उसे करना ही है। हर किसी को मंजिल चुनने की आजादी नहीं मिलती। एक प्रतिशत से कम लोगों के पास यह आजादी होती है। जैसे कि आप ऐक्टर बनना चाहते हैं और इसके लिए काम कर रहे हैं। भले आप सफल हो रहे या नहीं, लेकिन आप कर तो वही रहे हैं ना, जो आप करना चाहते थे।'

अभिनेता ने आगे कहा, 'जिंदगी एक संघर्ष है। अगर आपके पास साइकल है लेकिन आप कार चाहते हैं तो यह भी एक संघर्ष है। लोगों के मुताबिक, सफलता का मतलब है कि आपके पास कितने घर हैं, कितनी कारें हैं। हालांकि, मेरा ऐसा मानना बिल्कुल नहीं है। मेरे मुताबिक, आप शांत नहीं हैं तो आप असफल हैं।' विजय राज ने यह भी बताया कि उन्होंने ऐसे भी दिन फेस किए हैं, जहां उनके पास खाने के लिए कुछ भी नहीं रहता था, लेकिन उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था। उन्होंने कहा, 'जब खाने को ज्यादा नहीं रहता था, मैं तब भी मौज में था। मैं भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोचता हूं।'





## पंजाबी सूट पहन सुनंदा पहुंचीं कान, जीते दिल

Amandeep.Singh2
@timesgroup.com



**पंजाबी सिंगर** सुनंदा शर्मा ने 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में पंजाबी संस्कृति को बढ़ावा देकर इसे पंजाबी समुदाय की बड़ी जीत बताया। उन्होंने पारंपरिक पंजाबी सूट के साथ अपने लुक को नथ और मांग टीका से पूरा किया।

सुनंदा ने कहा, 'कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी संस्कृति और जड़ों का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है। सोशल मीडिया पर पंजाब दी कुड़ी ने लिखा 'फतेहगढ़ चूड़ियां ते cannes'। सुनंदा ने कहा कि यहां होना सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि पूरे पंजाबी समुदाय की जीत है। मुझे उम्मीद है कि यह पल दूसरों को अपनी विरासत को अपनाने और गर्व से जश्न मनाने के लिए प्रेरित करेगा। सुनंदा ने अपनी सिंगिंग की शुरुआत 'बिल्ली अख' गाने से की थी। उन्होंने 2018 में दिलजीत दोसांझ और योगराज सिंह के साथ 'सज्जन सिंह रंगरूट' से अभिनय में कदम रखा था।

## 'भोजपुरी भाषा का भी हो दिवस'

### अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी महोत्सव में उठी 'विश्व भोजपुरी दिवस' मनाने की मांग

Rupesh.Singh
@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को मजबूती देने के मकसद के साथ अब भोजपुरी भाषियों ने 'विश्व भोजपुरी दिवस' मनाने की मांग की है। इसके अलावा भाषा के उत्थान के लिए सभी गिरमिटिया और इंडियन डायस्पोरा देशों के युवाओं को एक प्लैटफॉर्म पर लाने पर जोर दिया गया। मॉरिशस सरकार के कला और संस्कृति विरासत मंत्रालय की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी महोत्सव में भोजपुरी दिवस मनाने की चर्चा उठी। महोत्सव का आयोजन मॉरिशस के खूबसूरत समुद्र तट लॉन्ग बीच पर बने पांच सितारा होटल में किया गया।

**तैयार हो 'भोजपुरी गांव':** इसमें विश्व के अनेक देशों के प्रतिनिधियों के साथ भारत से मनोज भावुक को भी मॉरिशस सरकार की ओर से आमंत्रित किया गया था। मनोज भोजपुरी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए अफ्रीका-यूरोप के कई देशों की यात्रा कर चुके हैं और पूरी दुनिया में भोजपुरी का परचम लहरा चुके हैं। भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ युगांडा और भोजपुरी समाज लंदन के संस्थापक मनोज ने बताया, 'यह एक शानदार कार्यक्रम रहा जहां भोजपुरी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए कई सुझाव रखे गए। इसमें भोजपुरी दिवस मनाने पर सभी ने अपनी रजामंदी दी। इसके अलावा भाषा के उत्थान के लिए सभी गिरमिटिया व इंडियन डायस्पोरा देशों के युवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाने पर जोर दिया गया। विचार रखा गया कि ग्लोबलाइजेशन के समय में भोजपुरी के देशों को एक गांव बना दिया जाए। जिसमें सभी भोजपुरी भाषी देश शामिल हों और तब संस्कृति और साहित्य का लेन-देन हो।'

**अगला सम्मेलन गोरखपुर में:** महोत्सव में अनेक रेजोल्यूशन पास हुए, जिसमें अगला भोजपुरी महोत्सव गोरखपुर और बनारस में करने की घोषणा हुई। इस महोत्सव का उद्घाटन मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और समापन राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन ने किया। स्वागत भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन की चेयरपर्सन डॉ. सरिता बुधू ने किया।

कला और संस्कृति विरासत के मंत्री अविनाश तिलक ने कहा कि यह महोत्सव हमारे पूर्वजों को श्रद्धांजलि है। तीन दिन सत्रह सत्रों में बंटे अकैडमिक सेशन में भारत से मनोज भावुक व कई अन्य गणमान्यों के अलावा मॉरिशस के विद्वानों के साथ इंग्लैंड से लोक सहदेव, फिजी से सुभाषिनी लता कुमार, सूरीनाम से श्रीमती लैला ललाराम, नाइजीरिया से हिमांशु त्रिपाठी, सिंगापुर से नीरज चतुर्वेदी, त्रिनिदाद से डॉ. भीषम, साउथ अफ्रीका से रामविलास, नीदरलैंड्स से राजमोहन, नेपाल से गोपाल ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।





इस बार अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी महोत्सव की शुरुआत मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ (दाएं) ने की।


- अगला भोजपुरी महोत्सव गोरखपुर और बनारस में करने की घोषणा की गई है
- मॉरिशस के कला और संस्कृति विरासत मंत्रालय की ओर से हुआ भोजपुरी महोत्सव
- भोजपुरी भाषा के प्रचार के लिए कई सुझाव रखे गए



भोजपुरी महोत्सव में भारत समेत दुनियाभर से आए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई

## माटी की पाती गढ़वाली

### चारधाम जात्रा जोर पकड़ेलि



गणेश खुगशाल गणी

उत्तराखण्ड चारधाम जात्रन शुरु होंदै जोर पकड़ेलि। चर्य धाम जमुनोत्रि, गंगोत्री, केदारनाथ अर बदरीनाथ मा जात्र्यूं को भिभड़करो लग्यूं छ। श्रद्धालु इतना पौछणा छन कि जात्र्यूं कि व्यवस्था अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिन अपणा हाथु मा ल्हियालि। यांका वास्ता मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार बिटि वापस ऐ ग्येनि। वु लोकसभा चुनौ का स्टार प्रचारक छया पर अब वु चारधाम जात्रै वजै से वापस ऐ गेन।

चारधाम जात्रा बढ़िया ढंग से चलि सकु यांका वास्ता जात्र्यूं को पंजीकरण अनिवार्य करेगे। बिना पंजीकरण को क्वी चारधाम नि पौंछि सकदो।यु जरूरि बि छ जु लोग चारधाम जाणा छन उख वूंकि व्यवस्था बि त होंयी चैणी व तबि ह्वे सकदि जब इन पता चललो कि पौंछणा कतना लोग छन।

मुख्य सचिव राधा रतूड़िन बतै कि हमुन सबि राज्यों का वास्ता चारधाम जात्रा कि एडवाइजरी भेजीं छ जांसे चारधाम जात्रा पर औण वाळा जात्र्यूं तैं क्वी दिक्कत नि हो। देशभर का राजनीतिक कार्यक्रम छोड़ी चारधाम जात्रा कि समीक्षा करद मुख्यमंत्रिन राज्य का सचिवु कि बैठक मा बोलि कि तीर्थ जात्र्यूं तैं सुविधा से दर्शन करौंणै जिम्मेदारि सरकारै छ, यांको ध्यान रखण पड़लो। अधिकारि ग्राउंड जीरो मा जैकि व्यवस्थों देखला। मुख्यमंत्री यीं जात्रा तैं ल्हेकि जतना चिंतित छन वांसे लगणू छ चारधाम जात्रा तीर्थ जात्र्यूं का वास्ता सुविधा वाळि होलि।

उन त फर्जी पंजीकरण बि होणा छन अबि तलक इन पता नि चलि कि यि काम कख बिटि होणान। यमुनोत्री मा कति फर्जी पंजीयन वाळा जात्रि मिलिन जां से वे धाम जात्र्यूं कि व्यवस्था करण मा भौत परेशानि ह्वेनि। यो बि एक बड़ो सवाल छ कि यूं फर्जि पंजीकरण को पता हरिद्वार,देरादूण अर टिहरि मा कखि नि चलो यांको मतलब कखि त चूक ह्वे छ।इनि बि शिकैत मिलणी छन कि जै दिनों पंजीकरण छ लोग वांसे पैली ऐ जाणा छन यांसे बि दिक्कत होणी छन।

सरकारन 31 मई तलक वीआईपी दर्शन पर रोक लगायीं छ। यूं वीआईपी कि वजै से बि चारधाम पौंच्छ्या जात्र्यू तै परेशान होण पड़द पर अबि यां पर कतै रोक लगीं छ।एक नयु फैशन रील बणौणो यो बि कम मुण्डारु नि करणू व्यवस्था बणौण वाळो तैं। अब सरकारन आदेश जारि करि यलिन कि मंदिर परिसर का 50 मीटर का दायरा मा क्वी रील नि बणालो। यूं रील बणौण वाळों को बि भौत उधम मचायूं रौंद। सरकारन यू बि आदेश दे कि झूठि खबर फैलाण वाळों पर मुकदमा करे जालो।

अबि तलक चारधाम जात्रा का वास्ता लगभग तीस लाख पंजीकरण ह्वेगेन।सरकार को बोलणो छ कि चारधाम जात्रा पर औण वाळा सरकार कि एडवाइजरी जन पंजीकरण, बुकिंग,मौसम, मेडिकल चेकअप अर धामु मा लोगु कि भीड़ को ध्यान जरूर रखुन तबि वूंकि जात्रा आराम देण वाळि अर सुविधाजनक ह्वे सकदि निथर वूंन वूं हिंवाळा कांठों मा भौत परेशान रौंण।

## गुर्जर निभा रहे बांटने, दान की परंपरा


Mohit.Chandela@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** पुरानी कहावत है कि छीनकर खाने वालों का कभी पेट नहीं भरता और मिल बांटकर खाने वाले कभी भूखे नहीं रहते। देश और समाज में विभिन्न जातियों और पंथों के लोग रहते हैं। उनके रीति-रिवाज, पूजा-पद्धति और रहन-सहन के तरीके भी अलग हैं। गुर्जर समाज से जुड़े हितेंद्र डेढ़ा ने बताया कि सदियों से चली आ रही अपनी एक परंपरा का समाज के लोग आज भी निर्वाह कर रहे हैं, वो है दान और मिल बांटकर खाने की परंपरा।

समाज से जुड़े लोगों ने बताया कि रबी की फसल कट चुकी है। इस समय कृषि कार्यों से जुड़े हुए सभी लोगों के घर धन-धान्य से भरे हुए हैं। गुर्जर समाज में आज भी फसल का एक हिस्सा गांव के नाई, पुरोहित और अन्य लोगों के लिए पहले ही रख दिया जाता है। प्राचीनकाल में जब चीजों का आदान-प्रदान किया जाता था, तभी से ये परंपरा जारी है। समाज से जुड़े ये लोग पूरे वर्ष भर अपनी सेवाएं गुर्जर समाज के लिए देते थे।

आज समय बदल गया है, लेकिन गुर्जर समाज के लोग वर्तमान समय में भी दान स्वरूप अनाज का एक हिस्सा देना नहीं भूलते। उन्होंने कहा कि शहरीकरण के दायरे में आ चुके समाज के जिन लोगों के खेत-खलिहान नहीं है, वे लोग भी फसल कट जाने के पश्चात नकद रूप में धनराशि दान अवश्य देते हैं। बताया गया है कि गुर्जर समाज के लोग वर्तमान समय में भी अपने पुरखों की ओर से स्थापित आदर्शों पर चल रहे हैं।

**फसल कट जाने के बाद दान करते हैं एक हिस्सा, जो खेती नहीं करते वे लोग भी करते हैं दान दक्षिणा**



## रेहड़ी वालों से मत लें रुमाले साहिब : ज्ञानी रघबीर सिंह

■ **विस, नई दिल्ली :** श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह ने लोगों से अपील की है कि श्री दरबार साहिब अमृतसर आने तक के रास्ते में रेहड़ी वालों द्वारा बेचे जा रहे रुमाला साहिब को न लें। वे अक्सर सिख धर्म के सिद्धांतों को नहीं जानते और लोगों को भ्रम में डालकर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं।

सिंह साहिब ने कहा कि कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के रस्ते में कुछ लोगों द्वारा गुरु साहिब के रुमाले रेहड़ियों या फिर हाथों में संगतों के आगे-आगे घूम कर बेचते देखें जा रहे हैं, जो मर्यादा का पूरी तरफ उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह भी पता चला है कि वे श्रद्धालुओं को धोखा देते हुए कहते हैं कि गुरु घर में रुमाला साहिब चढ़ाने से ही यहां आना सफल माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, श्री केसगढ़ साहिब या गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब या अन्य ऐतिहासिक गुरुधामों में आने वाले श्रद्धालु इस बात का ध्यान रखें कि रास्तों में लगी रेहड़ी से गुरु घरों में चढ़ाने के लिए सिख निशान वाली चीजें बिल्कुल न खरीदें।

## जानकी नवमी पर OTT 'मिथिला क्लब' लॉन्च

Roushan.Jha@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** मैथिली मनोरंजन के क्षेत्र में शुक्रवार को एक नया आयाम हासिल किया गया। जानकी नवमी के अवसर पर शुक्रवार को गुरुग्राम में मैथिली ओटीटी 'मिथिला क्लब' का लोकार्पण किया गया। इस ओटीटी पर गीत-संगीत, फिल्म, नाटक, बाल मनोरंजन, साहित्य, संस्कृति सहित मनोरंजन के कई साधन उपलब्ध होंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान साहित्यकार बैद्यनाथ झा, गिरीश कुमार, अभिषेक, संतोषी कुमार, मनीष झा, रंजीत कुमार, रमेश झा, प्रकाश झा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

**धूमधाम से मनाया गया माता सीता का जन्मोत्सव**

मिथिला समाज के लोगों ने माता सीता का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। अखिल भारतीय मिथिला संघ की ओर से संगम विहार मुख्यालय में नंदकुमार झा, डीएन झा और पंकज चौधरी की अगुआई में आयोजित कार्यक्रम में मां जानकी की पूजा के बाद सुंदर कांड और गीत-संगीत का आयोजन किया गया। आईटीओ के राजेंद्र भवन में वैदेही फाउंडेशन की ओर से माता सीता पर चर्चा के साथ ही सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वैदेही के संस्थापक और चेयरमैन अमरनाथ झा ने कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसे मैथिलों से लोगों का परिचय कराया, जिनके पूर्वज दो-तीन सौ साल पहले ही मिथिला से पलायन कर चुके थे।



मिथिला एकता परिषद, महादेव सेना, मिथिला स्टूडेंट यूनियन, अपन मिथिला अपन समाज संस्था ने मिलकर एक साथ किराड़ी में जानकी महोत्सव का आयोजन किया। आयोजन के अगुआ बलदेव झा ने कहा कि मेरा उद्देश्य यह है कि जैसे लोग हमारे मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री राम को पूरे देश दुनिया में पूजते हैं, वैसे ही माता सीता को भी पूरे देश दुनिया के घर-घर में पूजा जाए। मोहन गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में सीता माता के जीवन से संबंधित एक झांकी लगाई गई। पंडित रीतेश झा की अगुआई में आयोजित सुंदर काण्ड पाठ ने लोगों को भावविभोर कर दिया।

## 20

*सिक्स मारे हैं विराट कोहली ने मौजूदा आईपीएल सीजन में पावरप्ले के दौरान। उनके नाम 14 मैचों में कुल 37 सिक्स हैं*

## फटाफट खबरें

### सबसे सफल रहीं मनु

■ **भोपाल:** मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलिंपिक्स सिलेक्शन ट्रायल्स (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं। उन्होंने अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल्स में यह चौथी जीत रही। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया और पलक को पछाड़ा। रिद्म सांगवान ने तीसरा स्थान पाया।

### चिदंबरम ने बनाई बढ़त

■ **शारजाह:** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर हैं। इनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस नीमैन और सैम शांकलैंड हैं। अर्जुन एरिगैसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं ।

### सुकांत, सुहास क्वॉलिफाई

■ **नई दिल्ली:** सुकांत कदम, तरुण और सुहास ने पैरिस में आगामी पैरालिंपिक्स के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत पहली बार पैरालिंपिक्स में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। तरुण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वॉलिफाई किया।

### त्वेसा संयुक्त 21वें पर

■ **ब्रेंडनबर्ग:** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे राउंड में पांच अंडर-67 का शानदार कार्ड खेला। इससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। वह अपना लेडीज यूरोपीय टूर कार्ड (एलईटी) बरकरार रखने की कोशिश में जुटी हैं।

### IPL 2024 पॉइंट्स टेबल

| | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | NRR |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KKR | 14 | 9 | 3 | 20 | +1.428 |
| 2 | SRH | 14 | 8 | 5 | 17 | +0.414 |
| 3 | RR | 14 | 8 | 5 | 17 | +0.273 |
| 4 | RCB | 14 | 7 | 7 | 14 | +0.459 |
| 5 | CSK | 14 | 7 | 7 | 14 | +0.392 |
| 6 | DC | 14 | 7 | 7 | 14 | -0.377 |
| 7 | LSG | 14 | 7 | 7 | 14 | -0.667 |
| 8 | GT | 14 | 5 | 7 | 12 | -1.063 |
| 9 | PBK | 14 | 5 | 9 | 10 | -0.353 |
| 10 | MI | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.318 |

*19 मई को KKR-RR मैच तक

हैदराबाद ने अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से दी शिकस्त

# सनराइजर्स का हैदराबाद में रेकॉर्ड चेज

Record Chase

■ **NBT स्पोर्ट्स, नई दिल्ली:** सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने अंतिम लीग मुकाबले के पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई कर लिया था, लेकिन टॉप में पहुंचने की लड़ाई जारी थी। उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को हैदराबाद में रेकॉर्ड रन चेज के साथ खुद को टॉप-2 की रेस में बनाए रखा। पंजाब ने हैदराबाद के सामने 215 रन का लक्ष्य रखा था जिसे उसने छह विकेट खोकर पांच गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया। हैदराबाद के मैदान पर हासिल किया गया यह संयुक्त हाईएस्ट टारगेट था। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने 2008 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ इस टारगेट को हासिल किया था, वहीं हैदराबाद का भी यह संयुक्त हाईएस्ट रन चेज है। पिछले सीजन उसने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 215 रन के टारगेट को सफलतापूर्वक हासिल किया था।

सनराइजर्स हैदराबाद VS पंजाब किंग्स

**अभिषेक फिर लगाए लंबे सिक्स:** हैदराबाद की जीत में अहम भूमिका युवा ओपनर अभिषेक शर्मा ने निभाई। पहली ही गेंद पर साथी ओपनर ट्रेविस हेड के आउट हो जाने के बाद अभिषेक ने काउंटर अटैक किया। प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक ने 28 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए राहुल त्रिपाठी (33) के साथ 30 गेंद में 72 और तीसरे विकेट के लिए नीतीश कुमार रेड्डी (37) के साथ 31 गेंद में 57 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। राहुल ने 18 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि नीतीश ने 24 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन का योगदान दिया।

PTI




**41 सिक्स** मार चुके हैं अभिषेक शर्मा इस सीजन में और टॉप पर हैं। एक सीजन में सर्वाधिक सिक्स के मामले में वह फिलहाल छठे नंबर पर हैं। रेकॉर्ड 59 सिक्स क्रिस गेल ने मारे हैं

**160 सिक्स** लगा चुके हैं हैदराबाद के बैटर्स इस सीजन। एक सीजन में किसी टीम द्वारा मारे गए ये सर्वाधिक सिक्स हैं। इस सीजन 157 सिक्स मारकर आरसीबी दूसरे पर हैं

**तोड़ा विराट का रेकॉर्ड** अर्शदीप ने पारी की पहली ही गेंद पर ट्रेविस हेड (0) को बोल्ड कर दिया, लेकिन अभिषेक पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। अभिषेक ने छठे ओवर में अपनी पारी का चौथा सिक्स जड़ने के बाद आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का भारतीय रेकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने विराट कोहली के 2016 में लगाए गए 38 सिक्स का रेकॉर्ड तोड़ा।

**स्कोरकार्ड**

**पंजाब किंग्स:** अथर्व ताइडे कॉ सनवीर बो नटराजन 46, प्रभसिमरन सिंह कॉ क्लासेन बो व्यासकांत 71, राइली रूसो कॉ समद बो कमिंस 49, शशांक सिंह रन आउट 2, जितेश शर्मा नॉट आउट 32, आशुतोष शर्मा कॉ सनवीर बो नटराजन 2, शिवम सिंह नॉट आउट 2 **एक्स्ट्राज:** 10 **टोटल:** 20 ओवर्स में पांच विकेट पर 214 रन **विकेट:** 1-97, 2-151, 3-174, 4-181, 5-187 **बोलिंग:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-36-0, पैट कमिंस 4-0-36-1, टी नटराजन 4-0-33-2, विजयकांत व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज अहमद 1-0-13-0, नीतीश रेड्डी 3-0-54-0

**सनराइजर्स हैदराबाद:** ट्रेविस हेड बो अर्शदीप 0, अभिषेक शर्मा कॉ शिवम बो शशांक 66, राहुल त्रिपाठी कॉ अर्शदीप बो हर्षल 33, नीतीश कुमार रेड्डी कॉ शिवम बो हर्षल 37, हेनरिक क्लासेन बो हरप्रीत 42, शाहबाज अहमद कॉ शशांक बो अर्शदीप 3, अब्दुल समद नॉट आउट 11, सनवीर सिंह नॉट आउट 6 **एक्स्ट्राज:** 17 **टोटल:** 19.1 ओवर्स में छह विकेट पर 215 रन **विकेट:** 1-0, 2-72, 3-129, 4-176, 5-197, 6-208 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-37-2, ऋषि धवन 3-0-35-0, हर्षल पटेल 4-0-49-2, राहुल चाहर 4-0-43-0, हरप्रीत बरार 3-0-36-1, शशांक सिंह 1-0-5-1, अथर्व ताइडे 0.1-0-4-0

# आखिरी लीग मैच पर मौसम की मार

PTI

**प्लेऑफ शेड्यूल**
**क्वॉलिफायर-1:** कोलकाता Vs हैदराबाद-21 मई (अहमदाबाद)-शाम 7:30 से
**एलिमिनेटर:** बेंगलुरु Vs राजस्थान-22 मई (अहमदाबाद)-शाम 7:30 से



गुवाहाटी: आईपीएल-2024 में लीग स्टेज में दूसरे स्थान को निर्धारित करने के नजरिए से अहम मैच पर मौसम की मार पड़ गई। राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मैच बिना एक ओवर फेंके रद्द हो गया। इसके साथ राजस्थान की टीम टेबल में तीसरे स्थान पर रह गई जबकि हैदराबाद ने पहले क्वॉलिफायर में कोलकाता से भिड़ने का हक हासिल किया।

# हमारी टीम को याद रखेंगे लोग:डीके

Syed Asif



आखिरी लीग मैच में चेन्नै सुपरकिंग्स को हराने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा, 'लोग कुछ सफर को हमेशा याद रखेंगे। जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीतने थे। लोग इस टीम को याद रखेंगे। इस टूर्नामेंट में हर साल सात मैचों के बाद ऐसी एक या दो टीमें जो सिर्फ एक या दो मैच जीती होंगी, हमें याद करके कहेंगी कि आरसीबी ने यह कर दिखाया था और हम भी कर सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप इसी के लिए क्रिकेट खेलते हैं जिसमें लोग आपका अनुकरण करेंगे और विश्वास करें कि वे भी कुछ खास कर सकते हैं। यह आसान नहीं है। हमने जो हासिल किया, वह बहुत खास है।'

आईपीएल रिऐक्शंस

### विराट की ऊर्जा से मिलता है जोश:रजत

महत्वपूर्ण मैच में 41 रन बनाने वाले रजत पाटीदार ने कहा, 'विराट स्थिति की परवाह किए बिना मैदान पर सभी के लिए ऊर्जा पैदा करते हैं। वह शानदार माहौल बनाए रखते हैं और हर खिलाड़ी उन्हें देखता है और अधिक सीखता है। हमें विश्वास था कि हम अंक तालिका को बदल सकते हैं। ऐसा पहले भी हुआ है और आरसीबी ने पहले भी ऐसा किया।'

# सिक्स लगने पर पिछला साल याद आ गया:यश

FILE



चर्चा में

15 विकेट ले चुके हैं इस साल 13 मैचों में आरसीबी के यश दयाल

■ **पीटीआई, बेंगलुरु:** एमएस धोनी ने 20वें ओवर की पहली गेंद को चिन्नास्वामी स्टेडियम की छत के ऊपर भेजा तो बोलर यश दयाल को पिछले साल का मैच याद आ गया। तब उनकी गेंद पर रिंकू सिंह के बल्ले से निकले लगातार पांच सिक्स याद आ गए। फिर, उन्होंने खुद को संभाला और बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल प्लेऑफ में जगह दिलाई। पिछले सीजन के बाद यश को गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया था। बेंगलुरु की टीम ने उन्हें नीलामी में पांच करोड़ रुपये में खरीदा था। यश ने कहा,'जब पहली गेंद पर सिक्स लगा तो मुझे पिछले साल की याद आ गई। लेकिन मैंने पूरे सीजन में अच्छी गेंदबाजी की थी और मैं खुद से कहता रहा कि सिर्फ एक अच्छी गेंद की जरूरत है। मैंने आत्मविश्वास बनाए रखा। पिछली बार जो कुछ हुआ, उससे मैं नर्वस हो गया था। लेकिन आरसीबी टीम में आने के बाद से मैंने काफी मेहनत की और अच्छी गेंद डालने पर ही फोकस रहा। सीनियर्स ने मुझे डांटा नहीं और हमेशा मेरे साथ खड़े रहे।'
यश ने कहा, 'मुझे 19वां ओवर फेंकना था, लेकिन अचानक डीके भैया (दिनेश कार्तिक) और फाफ (डुप्लेसिस) ने बात की। मुझे नहीं पता कि क्या बात की। उन्होंने कहा कि लॉकी 19वां ओवर डालेगा और मैं आखिरी ओवर।' यश ने आरसीबी के फैंस को धन्यवाद देते हुए कहा,'मैंने बचपन से कभी ऐसा महसूस नहीं किया। जब भी टीवी पर आरसीबी का मैच देखता था तो लगता नहीं था कि कभी इस टीम का हिस्सा बनूंगा।

### मां से पूछा, 'कैसा लग रहा है'

कोलकाता: ठीक 405 दिन पहले एक ओवर में रिंकू के पांच सिक्स झेलने के बाद यश के करियर को बिखरता देख उनकी मां राधा दयाल बीमार हो गई थीं, लेकिन एक ओवर ने सब कुछ बदल दिया। रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, 'यह ईश्वर की इच्छा थी।' यश ने अपनी मां को विडियो कॉल किया और पूछा, 'कैसा फील कर रही हो।' यश परिवार में देर रात तक जश्न चलता रहा।

# आरसीबी का '18' कनेक्शन

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और 18 नंबर का गजब का कनेक्शन है। शुरुआती सीजन से उनके साथ जुड़े रहे विराट कोहली 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं और आंकड़े बताते हैं कि उनकी आईपीएल टीम 18 मई को खेला गया मैच कभी नहीं हारी। आईपीएल में विराट 18 बार प्लेयर ऑफ द मैच भी बने हैं।

### 18 मई को आरसीबी के मैच

| सीजन | विपक्षी | परिणाम |
|---|---|---|
| 2013 | चेन्नै सुपरकिंग्स | 24 रन से जीती |
| 2014 | चेन्नै सुपरकिंग्स | 5 विकेट से जीती |
| 2016 | पंजाब किंग्स | 82 रन से जीती (D/L) |
| 2023 | हैदराबाद | 8 विकेट से जीती |
| 2024 | चेन्नै सुपरकिंग्स | 27 रन से जीती |




**सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच**

| | |
|---|---|
| 23 | एबी डिविलियर्स |
| 18 | विराट कोहली |
| 17 | क्रिस गेल |
| 5 | फाफ डुप्लेसिस |

# सात्विक-चिराग की जोड़ी बनी चैंपियन

■ **एजेंसियां, बैंकॉक:** भारत की स्टार जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पैरिस ओलिंपिक्स की तैयारियां पुख्ता करते हुए चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर-500 बैडमिंटन मेंस डबल्स खिताब जीत लिया। पैरिस ओलिंपिक्स की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग्स वाली विरोधी टीम पर 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की।

**नौवां बीडब्ल्यूएफ खिताब:** एशियन गेम्स की चैंपियन जोड़ी का यह सीजन का दूसरा और करियर का नौवां बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर-750 खिताब जीता था। दोनों मलयेशिया सुपर-1000 और इंडिया सुपर-750 में उप-विजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने साल 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरीज और फिर थॉमस कप जीता था।' सात्विक ने कहा, 'उम्मीद है कि इस जीत के बाद आने वाले टूर्नामेंटों में भी हम लय कायम रखेंगे।'

थाईलैंड ओपन बैडमिंटन

Badminton Photo



विजेता मेडल के साथ सात्विक-चिराग

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### एक मेडल पक्का!

पिछले कुछ दिनों सात्विक-चिराग के गिरते प्रदर्शन ग्राफ ने चिंता बढ़ा दी थी। यह जोड़ी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे राउंड में हार गई थी। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियन चैंपियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। रैंकिंग्स में भी वे तीसरे स्थान पर खिसक गए। अब जब पैरिस गेम्स करीब है तब यह खिताबी जीत स्टार भारतीय जोड़ी के मनोबल को ऊंचा करेगी।

# धोनी के सिक्स से हुआ आरसीबी को फायदा!

FILE



110 मीटर लंबा सिक्स मारा था धोनी ने आरसीबी के खिलाफ आखिरी मैच में

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** पिछली चैंपियन चेन्नै सुपरकिंग्स ने आईपीएल-2024 का आखिरी मैच खेल लिया है। एक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अंतिम ओवर में सीएसके को हरा दिया। जीत के बाद आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा कि एमएस धोनी का सिक्स आरसीबी की जीत में मददगार रहा। धोनी ने यश की पहली ही गेंद पर 110 मीटर लंबा छक्का जड़ दिया। गीली गेंद स्टेडियम के बाहर पहुंच गई और नई सूखी गेंद बोलर को मिल गई जिससे गेंदबाज को फायदा हुआ। कार्तिक ने कहा, 'सबसे अच्छी चीज आरसीबी के लिए यह हुई कि एमएस धोनी ने आखिरी ओवर में ग्राउंड के बाहर सिक्स लगा दिया। इसकी वजह से हमें नई गेंद मिल गई और फिर गेंदबाजी करना आसान हो गया।' गेंद बदले जाने के बाद अगली ही गेंद पर धोनी आउट हो गए।

# 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज पुराने मित्रों के सहयोग से कार्यक्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे। आपके पुरुषार्थ एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक का समय किसी राजनीतिक समारोह में व्यतीत होगा। दिन आपका मिलाजुला रहने वाला है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज जायदाद से संबंधित विवाद में हानि हो सकती है। भौतिक सुख के साधनों की वृद्धि होगी। आप अपनी बात को लोगों के समक्ष दृढ़तापूर्वक रखने में कामयाब होंगे। रात्रि का समय सैर-सपाटे तथा मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। नजदीक की यात्रा भी सावधानीपूर्वक करें।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी और ऋण भार में कमी होगी। संतान पक्ष का पूर्ण सुख और सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने का योग है। विपरीत लिंग के मित्र से कटुता उत्पन्न होगी। नइ विधाएं सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। व्यर्थ व्यय से बचें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
दिन आपका शुभ है। शुभ ग्रहों से युक्त एकादश में स्थित है। अतः आज भौतिक सुख-समृद्धि का प्रादुर्भाव होगा। परिजनों और सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। सांयकाल से लेकर रात्रि तक का समय आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों पर व्यतीत होगा। शुभ व्यय भी हो सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज महत्वाकांक्षी प्रकृतिवालों के लिए दिन शुभ फल दायक रहेगा। यात्राओं से आपको लाभ होगा। दोपहर बाद किसी उच्च अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सांयकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अकस्मात मेहमानों के आगमन से खर्चा बढ़ना संभव है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज गत मास में रही अकारण शत्रु वृद्धि और निर्मूल विवादों से छुटकारा दिलाएगा। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। परिजनों से मनोमालिन्य बढ़ सकता है। आपके सारे काम आज बन जाने से करीबी लोग ईर्ष्या करेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
स्व राशि का चन्द्रमा आज आपको उच्चता प्रदान करेगा। धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा या राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में आपको विजय प्राप्त होगी। सांयकाल से लेकर रात्रि का समय किसी मांगलिक समारोह में व्यतीत होगा। आज का दिन आपका उत्तम रहने वाला है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि का स्वामी मंगल अपनी राशि से पंचम भाव मीन पर संचार कर रहा है। तुला राशि का चन्द्रमा भी आज अकस्मात किसी महान अधिकारी या नेता से मुलाकात होगी। खाने को उत्तम प्रकार के व्यंजन मिलेंगे। खानपान पर विशेष नियंत्रण भी रखें, अन्यथा पेट खराब हो सकता है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आध्यात्मिक गूढ़ ज्ञान में आई बाधाएं दूर होंगी। पूजा-पाठ में रुचि बढ़ेगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएंगी। आज आपको भाई-बहनों का सुख व सहयोग प्राप्त होगा। आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। सांयकाल राजनीतिक गुप्त मंत्रणा में व्यस्त रहेंगे।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि पर वृष राशि का बृहस्पति यद्यपि पराक्रम वृद्धि कारक है, तो भी तुला राशि का चन्द्रमा दशम भाव में मानसिक चिंता व गुप्त शत्रु व्याप्ति कारक है। अपनी वाक्पटुता व कला कौशल से शत्रु के षड़यंत्र को विफल करने का प्रयास करें। लेनदेन में सावधानी बरतें। धन के वापस ना मिलने की संभावना है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आपके पुराने रुके हुए कार्य कुछ झंझटों व खर्चा करने के बाद पूर्ण हो जाएंगे। सामाजिक शास्त्र पढ़ने में मन लगाएं। आज आप अपनी बात को सत्य सिद्ध कर देंगे। शत्रु पक्ष लज्जित होगा। सांयकाल किसी धार्मिक समारोह में जाने का अवसर मिले तो लाभ उठाएं।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपकी राशि से अष्टम भाव में चन्द्रमा कोष वृद्धि कारक है। नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। तृतीय भाव में बृहस्पति संतान पक्ष से हर्षदायक समाचार मिलेगा। धार्मिक कार्यों में अधिक रुचि रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। गुरु ब्राह्मण की सेवा करके गुप्त विघाएं ग्रहण करें। स्वास्थ्य में शीतोष्ण विकार संभव हैं।

# क्या कहते हैं आपके नंबर

( 20 मई 2024 - 26 मई 2024 )



(आचार्य नंदिता पांडे)

● **मूलांक 1**
**(जन्म तिथि 1, 10, 19, 28)**
आपसी प्रेम में वृद्धि होगी एवं लव लाइफ में खुशियां दस्तक देंगी। कार्यक्षेत्र में आहिस्ता-आहिस्ता सुधार आएगा एवं सफलता हासिल करेंगे। आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे धन लाभ की स्थितियां बनती जाएंगी एवं निवेशों द्वारा फायदे होंगे। सप्ताह के अंत में एक नई शुरुआत आपके जीवन में सुखद अनुभव लेकर आएंगी।

● **मूलांक 2**
**(जन्म तिथि 2, 11, 20, 29)**
प्रेम संबंध में सुधार होगा एवं लव लाइफ में खुशियां दस्तक देंगी। इस सप्ताह लव लाइफ में धीरे-धीरे कई बदलाव नजर आएंगे। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण निर्णय हो तो उसे टाल दें तभी बेहतर स्थितियां रहेंगी। किसी प्रोजेक्ट को लेकर हानि उठानी पड़ सकती है। व्यय अधिक होगा।

● **मूलांक 3**
**(जन्म तिथि 3, 12, 21, 30)**
आर्थिक मामलों में समय अनुकूल होता जाएगा एवं कहीं से रुका हुआ धन भी आपको मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामले भी आपके पक्ष में फैसला होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी बात पर अडिग होकर निर्णय लेंगे तो सुधार आएगा एवं प्रोजेक्ट सफल होते जाएंगे। प्रेम संबंध में भावनात्मक तौर पर बेचैनी बढ़ सकती है। सप्ताहांत में समय अनुकूल रहेगा एवं अपनी लाइफ में सुख-समृद्धि प्राप्त करने के कई अवसर आपको मिलते जाएंगे।

● **मूलांक 4**
**(जन्म तिथि 4, 13, 22, 31)**
इस सप्ताह खट्टे-मीठे अनुभव रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कहीं पर फायदा और कहीं पर नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। बिजनेस ट्रिप्स आपके लिए शुभ परिणाम सामने लेकर आएंगे। आर्थिक मामलों में एक नई शुरुआत आपके लिए धन वृद्धि के संयोग लेकर आ सकते हैं। हालांकि धन संबंधी मामलों में थोड़ा बंधन भी महसूस होगा। प्रेम संबंध में बेचैनी बढ़ सकती है।

● **मूलांक 5**
**(जन्म तिथि 5, 14, 23)**
कार्यक्षेत्र में उन्नति के शुभ संयोग होते जाएंगे। इस सप्ताह आपके प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए आपको अपने प्रियजनों की काफी मदद मिलेगी। आर्थिक मामलों में समय अनुकूल होता जाएगा एवं धन लाभ के कई मौके बनते जाएंगे। प्रेम संबंध में सुख-समृद्धि के शुभ संयोग बनेंगे एवं लव लाइफ में रोमांस का तड़का रहेगा।



● **मूलांक 6**
**(जन्म तिथि 6, 15, 24)**
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं आप अपनी मेहनत के बल पर बहुत कुछ हासिल करने में सक्षम रहेंगे। आर्थिक मामलों में समय अनुकूल धीरे-धीरे होगा एवं आपके निवेशों द्वारा धन लाभ साधारण रहेंगे। प्रेम संबंध में अचानक से किसी समाचार को प्राप्त कर मन दुखी हो सकता है या फिर किसी स्थान विशेष को लेकर मन अशांत रहेगा। सप्ताह के अंत में कोई सुखद समाचार मिल सकता है।

● **मूलांक 7**
**(जन्म तिथि 7, 16, 25)**
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं साझेदारी में किए गए कार्य में सुधार होगा एवं प्रोजेक्ट समय पर पूर्ण होते जाएंगे। आर्थिक मामलों में समय अनुकूल रहेगा एवं धन लाभ होंगे। इस सप्ताह से काल चक्र आपके लिए शुभ परिणाम सामने आएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा लेकिन मन फिर भी अशांत रहेगा।

● **मूलांक 8**
**(जन्म तिथि 8, 17, 26)**
प्रेम संबंध में आपसी प्रेम में वृद्धि होगी एवं लव लाइफ में खुशियां दस्तक देंगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ किसी रमणीय स्थान पर घूमने-फिरने का मन बना सकते हैं। आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में बातचीत द्वारा मामलों को सुलझाएंगे तो बेहतर होगा। सप्ताह के अंत में समय अनुकूल रहेगा।

● **मूलांक 9**
**(जन्म तिथि 9, 18, 27)**
इस सप्ताह धन लाभ की शुभ स्थितियां बनती जाएंगी। आप अपनी व्यवहार कुशलता द्वारा धन लाभ प्राप्त करेंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होगा एवं आपको अपने साथी द्वारा कोई ऑफर भी मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आलस से घिरे रहेंगे तो तकलीफ उठानी पड़ सकती है।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको लौह पाद से प्रवेश कर रहा है। वर्ष बृहस्पति तथा मंगल के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। दोनों ही प्रबल प्रतापी और अपनी अपनी शुभ राशियों पर चल रहा है। मई महीने के शेष दिनों से लेकर जून महीने के अंत तक आपके ज्ञान-विज्ञान में वृद्धि होगी। जुलाई से लेकर अगस्त माह के आखिर तक आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े जातकों को बारंबार नई-नई समस्याओं से जूझना पड़ेगा। सितंबर महीने की बात करें तो व्यापार के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। गत वर्ष के सभी बचे हुए प्रसंग उभर कर सामने आएंगे। अक्टूबर के महीने में आर्थिक संकट व्यथित कर सकते हैं। नवंबर माह में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक क्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा, वहीं दिसंबर से लेकर जनवरी 2025 तक आपके कार्य कौशल व एकाग्रता से सभी कठिन कार्य सरल हो जाएंगे।

**-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

### कल का पंचांग (मंगलवार, 21 मई 2024)

राष्ट्रीय मिति वैशाख 31, शक संवत 1946, वैशाख शुक्ला, त्रयोदशी, मंगलवार, विक्रम संवत 2081। सौर ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 08, जिल्काद 12, हिजरी 1445 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 21 मई सन 2024 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतु। राहुकाल अपराह्न 03 बजे से 04 बजकर 30 मिनट तक। त्रयोदशी तिथि सायं 05 बजकर 40 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। चित्रा नक्षत्र प्रातः 05 बजकर 46 मिनट तक उपरांत स्वाती नक्षत्र का आरंभ व्यतीपात योग मध्याह्न 12 बजकर 35 मिनट तक।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 9 | 2 | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | | | | | 4 | | 1 | 5 |
| | 7 | 5 | 6 | | | | 4 | |
| 4 | | | 5 | | 1 | | | 6 |
| | 2 | | | | 7 | 3 | 5 | |
| 5 | 8 | | 4 | | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | 1 | | 7 | | |

### TELEVISION




big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 | बबलू डबलू |
| 10:00 | बंदबुध बुड़बक |
| 11:00 | रुद्र के रक्षक |
| 11:30 | अलादीन |
| 12:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:30 | भ से भड़े |
| 14:30 | हम पांच |
| 15:00 | अजब देश की गजब कहानी |
| 16:30 | प्यार मौहब्बत हैपी लकी |
| 18:30 | रुद्र के रक्षक |
| 21:00 | चीख |

## फटाफट खबरें

### नेपाल में प्रचंड का चौथी बार टेस्ट आज



■ **भाषा, काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने विश्वास जताया है कि वह सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत जाएंगे। एक गठबंधन सहयोगी ने उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। प्रचंड (69) की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। वह पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। उन्होंने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था।

### कूनो की चीता 'वीरा' ग्वालियर में, अलर्ट

■ **पीटीआई, ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के कूनो नैशनल पार्क से एक मादा चीता भटककर ग्वालियर पहुंच गई। वीरा नाम की इस चीता ने ग्वालियर के एक गांव में एक बकरी का शिकार भी कर लिया। पार्क मैनेजमेंट ने लोकल फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से निगरानी बढ़ाने को कहा है। ग्वालियर और मुरैना के आस-पास के गांवों में किसानों को सावधान रहने को कहा गया है। जंगल के पास के गांवों के किसानों को अलर्ट कर दिया गया है। इससे पहले 4 मई को नर चीता पवन राजस्थान के करौली जिले में भटक गया था।

### कठुआ में सीमा के पास तलाशी अभियान

■ **भाषा, जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि का पता चलने के बाद सुरक्षा बलों ने सघन तलाश अभियान शुरू किया है। इन व्यक्तियों के आतंकवादी होने का शक है। एक विशेष पुलिस अधिकारी को देर रात हीरानगर सेक्टर में जंगी चक के पास तरना नाले में संदिग्ध लोगों की आवाजाही का संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस चौकी के पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया। पुलिस, सेना और बीएसएफ के जवानों को अभियान के लिए रवाना किया गया।

### रूस-यूक्रेन के ड्रोन, मिसाइल से हमले



■ **एपी, कीव :** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है। यूक्रेन ने दावा किया कि उसने 30 से ज्यादा रूसी ड्रोन नष्ट किए हैं। खारकीव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को 4 लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नए सिरे से हमला शुरू कर दिया है।

### अमेरिका में हादसा, 6 मौतें, 10 घायल

■ **एपी, इडाहो फॉल्स :** अमेरिका के इडाहो में शनिवार को दो चौपहिया वाहनों की टक्कर होने से छह लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। हाइवे 20 पर एक पिकअप वाहन और एक वैन के बीच टक्कर हो गई थी। वैन ड्राइवर और 5 यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

अज़रबैजान से लौट रहे थे रईसी, खराब मौसम की वजह से चॉपर क्रैश

# पहाड़ों में हादसा, ईरानी राष्ट्रपति को ढूंढ रहीं टीमें, बारिश मुसीबत

■ **एपी, दुबई**

**ईरान के** राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहा हेलिकॉप्टर रविवार को क्रैश हो गया। जनता से रईसी के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया गया है। रईसी के साथ ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी भी थे। रईसी कैसे हैं, यह पता नहीं चल सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने इस इलाके में आवाजें सुनी थीं। तलाशी अभियान में कमांडो यूनिट समेत स्पेशल फोर्स तैनात है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके और घने कोहरे की वजह से खोज अभियान में समय लग सकता है। 8 एंबुलेंस भेजी गई हैं। मदद के लिए एक इमरजेंसी हेलिकॉप्टर भी भेजा गया था, लेकिन घने कोहरे के कारण उसे वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस आपात ऑपरेशन में ड्रोन यूनिट भी मदद कर रही हैं।

अधिकारियों ने कहा कि रईसी की लोकेशन का पता नहीं चल सका है। रेड क्रिसेंट के प्रवक्ता का कहना है कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर की तलाश कर रहे तीन बचावकर्मी लापता हो गए हैं। खोजी दल उस जगह के करीब हैं जहां चॉपर क्रैश हुआ होगा। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब ईरान ने पिछले महीने ही इस्राइल पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया था। इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते टकराव की स्थिति तक जा पहुंचे थे। यह हादसा मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा सकता है।



जिस इलाके में चॉपर खोया है वहां घना कोहरा है, रेस्क्यू में दिक्कत हो रही है।

### कौन हैं इस्राइल पर हमला करने वाले रईसी

**कट्टरपंथी नेता** इब्राहिम रईसी ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई के करीबी माने जाते हैं। रईसी 1988 में राजनीतिक कैदियों की सामूहिक फांसी में शामिल होने के कारण पहले से ही अमेरिका और अन्य देशों से प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। वह पहले ईरानी न्यायपालिका में थे। 2017 में वह मौलवी हसन रूहानी से राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार गए थे। 2021 में फिर से चुनाव लड़ा जिसमें उनके सभी प्रमुख विरोधियों को ईरान की जांच प्रणाली के तहत चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। एक संवाददाता सम्मेलन में जब रईसी से 1988 की सामूहिक फांसी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। रईसी ने इस साल अप्रैल में इस्राइल पर हमला करने का भी समर्थन किया था। इस्राइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन-मिसाइल दागी गई थीं।



अजरबैजान के राष्ट्रपति संग रईसी

### मोदी बोले- ईरानी लोगों के साथ हैं

**ईरान में** हुए हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई है। उन्होंने X पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रपति रईसी की हेलीकॉप्टर उड़ान के संबंध में रिपोर्टों से बेहद चिंतित हूं। हम संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और राष्ट्रपति और उनके साथियों की भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं।

### रईसी के काफिले में 3 हेलिकॉप्टर थे

**राष्ट्रपति रईसी** के काफिले में तीन हेलिकॉप्टर थे। इनमें से दो पर मंत्री और अधिकारी सवार थे। वे सुरक्षित ईरान पहुंच गए। राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर में विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन थे। रईसी अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ बांध का उद्घाटन करने गए थे। ईरान के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने कहा, 'राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी हेलिकॉप्टर पर सवार होकर जा रहे थे। खराब मौसम और कोहरे के कारण उनके साथ निकले हेलिकॉप्टरों में से एक हेलिकॉप्टर जिसमें राष्ट्रपति सवार थे, उसकी हार्ड लैंडिंग करनी पड़ी।' इराक ने मदद करने की पेशकश दी है।

# किर्गिस्तान में छात्रों की आपबीती, कहा- भारत वापस जाना चाहते हैं

दूतावास ने कहा- संपर्क में हैं, स्थिति भी अब काबू में आई

■ **एनबीटी न्यूजडेस्क**

**किर्गिस्तान में** विदेश छात्रों के साथ स्थानीय भीड़ की हिंसा के बाद पाकिस्तान ने अपने स्टूडेंट्स को वहां से निकालना शुरू कर दिया है। भारतीय स्टूडेंट्स ने रात में हुई हिंसा की आपबीती सुनाई और कहा कि हम भारत वापस आना चाहते हैं। वहीं, बिश्केक में भारतीय दूतावास ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'बिश्केक में स्थिति सामान्य है। सभी भारतीय छात्र सुरक्षित हैं। उनसे किर्गिज़ गणराज्य में अधिकारियों द्वारा तय दिशानिर्देशों का पालन करना जारी रखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी समस्या के मामले में छात्र दूतावास से 0555710041 पर संपर्क कर सकते हैं।'

महाराष्ट्र के बीड के MBBS सेकंड इयर के एक छात्र ने कहा कि शुक्रवार की रात उसके घर से महज 2.5 किमी दूर एक हॉस्टल पर हमला हुआ। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को उन्होंने बताया, 'विडियो क्लिप शेयर किए जा रहे हैं, जिससे दहशत फैल रही है।' इंदौर के एक स्टूडेंट ने कहा, '24 घंटे से ज्यादा समय हो गया है और हमने अपने हॉस्टल की लाइटें बंद कर रखी हैं। हममें से कई लोग नाश्ते के लिए कैंटीन भी नहीं जा सके। कॉलेज प्रशासन हॉस्टल में खाना पहुंचा रहा है। हमें घर के अंदर रहने का निर्देश दिया गया है। अकेले रह रहे छात्रों के लिए हालात बदतर थे। अगर स्थिति में जल्द ही सुधार नहीं हुआ, तो वे भूखे मर जाएंगे। उनमें से एक पर टैक्सी ड्राइवर ने हमला किया। इसके बाद छात्र हॉस्टल से कॉलेज जाने से डर रहे हैं। हम भारत लौटना चाहते हैं।'



किर्गिस्तान से छात्र लाहौर पहुंचे। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन उनसे मिले।

### पाकिस्तान ने अपने छात्रों को निकाला

■ **एएफपी, इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने रविवार को कहा कि 650 से ज्यादा पाकिस्तानी छात्रों को किर्गिस्तान से वापस लाया जा रहा है। तीन कमर्शल फ्लाइट्स की व्यवस्था की गई है। मंत्री इसहाक डार ने कहा, 'यह हमला विदेशी छात्रों पर था सिर्फ पाकिस्तानी छात्रों पर नहीं। इसमें भारतीय, बांग्लादेशी और अरब के छात्र भी थे।' शनिवार को लगभग 180 छात्र पाकिस्तान पहुंचे। लाहौर एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव करने के लिए खुद गृह मंत्री मोहसिन नकवी पहुंचे। उन्होंने घायल छात्रों से बात भी की। रविवार को ही 540 और आने पहुंचने वाले थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्थिति की निगरानी करने के लिए खुद देश के डिप्टी PM और विदेश मंत्री इसहाक डार को बिश्केक भेजने का फैसला किया। इसहाक वहां बैठक करेंगे और घायल छात्रों से मिलेंगे।

दिल्ली के एक छात्र ने कहा, 'हमलावर सिर्फ रूप-रंग देख रहे हैं।' राजधानी बिश्केक से 350 किमी दूर ओश में MBBS के छात्र इंसिया हुसैन ने कहा कि शनिवार को होने वाला सेमेस्टर एग्जाम यूनिवर्सिटी ने रद्द कर दिया है। महाराष्ट्र के बीड जिले में रहने वाले इंसिया के पिता आमिर हुसैन ने कहा कि उसे 27 मई के बाद घर लौटना था। हम लगातार संपर्क में हैं ताकि वह अकेला महसूस न करे। तेलंगाना के नलगोंडा के एक छात्र ने कहा कि वह और कुछ अन्य लोग बिश्केक में अपने निजी आवास से यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में चले गए हैं।

# देश के दुश्मनों को मात देगा रूसी एयर डिफेंस सिस्टम

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**भारतीय सेना** को जल्द ही रूस से शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम 'इगला-एस' (Igla-S) मिलना शुरू हो जाएगा। इस महीने के अंत तक या अगले महीने की शुरुआत में यह मिलेगा। इसमें लगातार देरी हो रही थी और सेना की एयर डिफेंस की जरूरतें पूरी करने के लिए यह जरूरी है। Igla-S एयर डिफेंस सिस्टम के लिए पिछले साल कॉन्ट्रैक्ट किया गया था। यह कॉन्ट्रैक्ट इमरजेंसी प्रॉक्योरमेंट के तहत हुआ था। इन्हें रूस की कंपनी से लेकर भारत में ही असेंबल किया जाना है। असेंबल करने का काम अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नॉलजी लिमिटेड करेगी।



पिछले साल सेना ने 48 Igla-S लॉन्चर, 100 मिसाइल, 48 नाइट साइट और एक मिसाइल टेस्टिंग सेंटर का कॉन्ट्रैक्ट किया था। यह कॉन्ट्रैक्ट करीब 260 करोड़ का है। जिसकी डिलिवरी इस महीने के आखिर से होना शुरू होगी। मिसाइल को इंपोर्ट किया जाएगा और साइट्स, लॉन्चर, बैटरी जैसे कुछ पार्ट को भारत में ही बनाकर यहां असेंबल किया जाएगा। इगला-एस को कंधे पर रखकर फायर किया जाता है। इसके अलावा सेना को जल्द ही इस्राइली Hermes-900 ड्रोन मिलने हैं। दो ड्रोन में से पहला ड्रोन अगले महीने मिल जाएगा। ये मीडियम एल्टीट्यूट लॉन्ग एंड्योरेंस अनमेन्ड एरियल वीकल है। इसे भी भारत में ही असेंबल किया जा रहा है।

# गाज़ा में 27 मौतें, अब नेतन्याहू के साथी उनके खिलाफ, प्रदर्शन हुए

■ **एपी, गाजा पट्टी**

**इस्राइल (Israel)** के हवाई हमले में मध्य गाजा में 27 लोग मारे गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। रविवार को पूरे उत्तरी इलाके में लड़ाई तेज हो गई। इस बीच, हमास के साथ युद्ध खत्म होने के बाद गाजा पर शासन (यानी शासन किसे करना चाहिए) को लेकर इस्राइल के नेताओं में मतभेद सामने आया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपनी ही तीन सदस्यीय वॉर कैबिनेट की आलोचना का सामना करना पड़ा है। उनके मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गैंट्ज ने धमकी दी है कि अगर 8 जून तक कोई योजना तैयार नहीं की गई जिसमें युद्ध के बाद गाजा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय प्रशासन शामिल हो तो वह सरकार छोड़ देंगे। बेनी ने छह 'रणनीतिक लक्ष्यों' को हासिल करने की योजना के लिए 8 जून की समय सीमा तय की है। इसमें गाजा में हमास शासन के अंत और क्षेत्र के लिए एक नागरिक प्रशासन की स्थापना शामिल है। उन्होंने कहा, 'अगर आप कट्टरपंथियों का रास्ता चुनेंगे और पूरे देश को रसातल में ले जाएंगे, तो हमें सरकार छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।' नेतन्याहू ने बयान को 'धोखेबाज शब्द' कहकर खारिज कर दिया। कहा कि इसका मतलब इस्राइल की हार होगा। युद्ध का अंत हो जाएगा, लेकिन हमास बरकरार रहेगा। बंधकों को हमें छोड़ना होगा। गैंट्ज़ ने नेतन्याहू से कहा कि इस्राइल के लोग आपको देख रहे हैं। नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। बेनी गैंट्ज़ सरकार से हटे तो नेतन्याहू की गठबंधन सरकार नहीं गिरेगी।




इस्राइल में हजारों लोग नेतन्याहू के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन करने उतरे।






# यमुनोत्री में बारिश, केदारनाथ-बदरीनाथ में भीड़

■ **विशेष संवाददाता, देहरादून**

**उत्तराखंड के** यमुनोत्री धाम समेत आस-पास के खरशाली गांव, जानकीचट्टी, नारायण पुरी, फूल चट्टी क्षेत्र में रविवार को दोपहर बाद तेज बारिश हुई। बड़कोट तहसील क्षेत्र में आंधी-तूफान चला। केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी न हो इसलिए केदार मार्ग की क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इस रास्ते में कुबेर ग्लेशियर में फंसे बड़े-बड़े पत्थर जो बर्फ के पिघलने के कारण बाहर निकल रहे हैं, उन्हें श्रमिक हटा रहे हैं। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों का रेला उमड़ रहा है। चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराने वालों की संख्या रविवार को 29 लाख 52 हजार 931 पहुंच चुकी है। गंगोत्री-यमुनोत्री में रविवार को कुल 25 हजार 202 यात्री पहुंचे। उत्तराखंड के DGP अभिनव कुमार ने रविवार को केदारनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। देहरादून की जिलाधिकारी ने ऋषिकेश में बनाए गए चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों से बात की और उनका हालचाल जाना। निर्देश दिए कि जो यात्री पहले ट्रांजिट कैंप पहुंचे हैं, उनका पहले रजिस्ट्रेशन किया जाए।





PTI

केदारनाथ और बदरीनाथ में भारी भीड़ के पहुंचने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। अधिकारियों ने जायजा लिया।

नई राह पर चली ज़िंदगी | 1971 की जंग में लद्दाख के पास जब सीजफायर हुआ तो मां पाकिस्तान में रह गईं, उनका बेटा भारत के कब्जे वाले हिस्से में रहा

# 71 की जंग ने बदल दी थी ज़िंदगी, मां पाकिस्तान में रह गईं, बेटा हिंदुस्तान में, दूरबीन से करते थे दीदार

Maneesh.Aggarwal
@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** थांग, पाकिस्तान बॉर्डर से लगता लद्दाख में भारत का आखिरी गांव। यहां रहने वाले गोबा अली नाम से अपनी पहचान बना चुके मोहम्मद अली की कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं। 1971 की जंग से पाकिस्तानी से हिंदुस्तानी बने गोबा की जिंदगी पहाड़ों की तरह ही उतार-चढ़ाव से भरी हुई है। इसमें खुशी भी है तो पाकिस्तान से मिला ऐसा गम भी जिसे वह आज नहीं भूल पाते। वह बड़े गर्व से अपने आप को भारतीय सेना का बेटा कहते हैं। थांग के साथ ही इसके आसपास के तीन और गांव तुरतुक, त्याक्षी और चुलुंका 17-18 दिसंबर, 1971 से पहले तक पाकिस्तान का हिस्सा हुआ करते थे। 1971 की जंग में भारत की जीत हुई। भारतीय सेना पाकिस्तान की तरफ बढ़ती जा रही थी कि तभी 18 दिसंबर, 1971 की सुबह 6 बजे अचानक सीजफायर का ऐलान कर दिया गया। भारतीय सेना पाकिस्तान में और अंदर नहीं गई। जहां थी वहीं थम गई। बस, यहीं से गोबा अली और इनके परिवार की नई जिंदगी की कहानी भी शुरू होती है।



लद्दाख के आखिरी गांव में रहने वाले गोबा अली अपनी मां के साथ।

गोबा अली बताते हैं कि उस जंग में वह 5 साल के थे। जंग के दौरान उनके गांव थांग के अलावा अन्य कई गांवों की ज्यादातर महिलाओं और बच्चों को पाकिस्तानी आर्मी ने अपनी तरफ पीछे बुला लिया था। गांव में ज्यादातर पुरुष रहे गए थे। वह कहते हैं, 'सीजफायर होने तक भारतीय सेना थांग गांव समेत 4 गांवों को अपने अंडर में ले चुकी थी। सीजफायर होने के बाद LoC बना दी गई। गांव की दूसरी कई महिलाओं के साथ मेरी मां पाकिस्तान के कब्जे वाले आखिरी गांव फरनू में रह गईं।' जंग खत्म होने के बाद उन्होंने अपनी मां को वापस लाने की लाख कोशिश की, लेकिन पाकिस्तानियों ने उनकी मां को नहीं भेजा।

### दूरबीन के जरिए देखने का सिलसिला ऐसे हुआ शुरू

भारत आने से पहले गोबा ने अपनी मां से कहा कि अब मेरा यहां आना बहुत मुश्किल है। उन्होंने तय किया कि हम दोनों देशों की सीमाओं के अंत वाली पहाड़ी पर हर जुम्मे (शुक्रवार) तय समय पर एक-दूसरे को दूरबीन के जरिए देख सकते हैं। फिर गोबा भारत आ गए और यहां से अपनए अम्मी-अब्बू के दीदार करने का एक नया सिलसिला शुरू हुआ। यह सिलसिला 2017 में मां और 2018 में पिता की मौत तक जारी रहा। भारत से गोबा अली और पाकिस्तान से इनकी मां-पिता जी दूरबीन से एक-दूसरे को देखा करते थे।

### भारतीय सेना ने पाला

गोबा अली बताते हैं कि 1971 में वह और उनका छोटा भाई बहुत छोटे थे। उनके दादा करीब 90 साल के थे। जो कुछ समय बाद चल बसे। पिता भी पाकिस्तान चले गए। ऐसे में उन्हें और उनके भाई को भारतीय सेना ने ही पाला। इसलिए ही वह कहते हैं कि सेना उनकी माता-पिता है और वह भारत की सेना के बेटे हैं। गोबा अली बताते हैं कि पाकिस्तान की तुलना में भारत में आ गए थांग गांव में जीवन बहुत सुकून से भरा है। यहां हमें 1971 से लेकर आज तक कभी कोई तकलीफ नहीं हुई। गोबा अली के अब दो पत्नी, दो बेटे और पांच बेटियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। उनका अपना अच्छा बिजनेस है।

### पिता को बना लिया गया था बंदी

कुछ समय बाद किसी तरह भारतीय सेना ने गोबा की मां को लाने के लिए उनके पिता को पाकिस्तान भेजा। लेकिन वहां उन्हें 6 साल के लिए बंदी बना लिया गया। इसके बाद लगातार कोशिश करने पर दिसंबर, 2014 में वह पाकिस्तान जाने में कामयाब हो पाए। वहां वह अपनी मां अमीना और जेल से छूट चुके पिता से मिले। 10 महीने तक गोबा पाकिस्तान रहे और सितंबर 2015 में भारत अपने गांव लौट आए।